छोटीबड़ीबात

आज ही के दिन 1949 में केएम. करियप्पा भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने, इस दिन को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

क्यूआर कोड स्कैन कर पहुंचें दैनिक भास्कर पर

dainikbhaskarup.com

देश का विश्वसनीय अखबार

दैनिक भास्कर

झांसी | वर्ष-74, अंक-41 | रविवार 15 जनवरी 2023 | कुल पृष्ठ 13 | मूल्य 4.00

पेरू में जोरदार संघर्ष, 50 लोगों की मौत पेज 10>

क्लीन स्वीप के लिये मैदान में उतरेंगे भारतीय धुरंधर पेज 11>

हमारे सैनिकों का अनुशासन भीष्म पितामह की तरह : रक्षा मंत्री

भास्कर ब्यूरो

देहरादून। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे जवानों का अनुशासन भीष्म पितामह की तरह है। भारतीय सेना अनुशासन और दृढ़ प्रतिज्ञा का पर्याय है। सशस्त्र बलों के जवानों के साहस और बलिदान के कारण हमारे नागरिक सुरक्षित महसूस करते हैं और अपना सिर ऊंचा करके चलते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों से सीधा संवाद मेरी प्राथमिकता रही है। शनिवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने यहां शहीद जसवंत सिंह मैदान में हुई वेटरन रैली में बतौर मुख्य अतिथि ये बातें कहीं। इस दौरान रक्षा मंत्री ने 'सॉल ऑफ स्टील' अल्पाइन चैलेंज अभियान की भी शुरुआत की। इससे पूर्व उन्होंने गढ़ी कैंट चीड़ बाग स्थिति शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने शौर्य स्थल पर उत्तराखंड के वीरगति प्राप्त योद्धाओं को पुष्प चक्र अर्पित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, पूर्व राज्यसभा सदस्य तरुण विजय मौजूद रहे। रक्षा मंत्री सिंह ने वेटरन की भीष्म पितामह से तुलना करते हुए कहा कि समाज के लिए संकल्पित पूर्व सैनिक बड़े से बड़ा काम कर सकते हैं। उत्तराखंड के वीरों की देश को जब-जब जरूरत पड़ी तो उन्होंने अपना योगदान बढ़ चढ़ कर दिया है। कारगिल युद्ध में दुश्मनों को धूल चटाने में उत्तराखंड के जवानों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राष्ट्र की वेदी पर जब आहुतियां पड़ने लगीं, तो क्या देहरादून, क्या पिथौरागढ़, क्या उत्तरकाशी, क्या उधम सिंह नगर, यानी समस्त उत्तराखंड के जवान अपनी जान हथेली पर लेकर खड़े हो गए थे।

उत्तराखंड के जवानों का जोश और साहस सबसे ऊंचा है- राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे उत्तराखंड के जवानों का जोश और उनका साहस सबसे ऊंचा है। इनके सामने बड़ी ऊंची से ऊंची चीजें भी बौनी पड़ जाती हैं। इस देश को जब-जब भी जरूरत पड़ी है तो उत्तराखंड के जांबाज बहादुरों ने अपने अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की। उनके बलिदान व त्याग को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। वीर चंद सिंह गढ़वाली के अलावा अन्य वीरों की बहादुरी की गाथा सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

रक्षा मंत्री ने दून के चीड़बाग में शौर्य स्थल का किया उद्घाटन

देहरादून। रक्षा मंत्री शनिवार को वेटर्न्स डे पर देहरादून पहुंचे। उन्होंने यहां गढ़ी कैंट-चीड़बाग में शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। सेना की ओर से जसवंत मैदान पर वेटर्न्स डे रैली का कार्यक्रम किया गया है। रक्षा मंत्री इसमें शामिल होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जौलीग्रांट एयरपोर्ट से डीएसओ हेलीपैड पहुंचे और यहां से सड़क मार्ग होते हुए गढ़ी कैंट- चीड़बाग में शौर्य स्थल पहुंचे और यहां उन्होंने शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री शहीद जसवंत सिंह मैदान (पूर्व में महिंद्रा ग्राउंड) में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को संबोधित करने के साथ सोल आफ स्टील एल्पाइन चैलेंज का भी उद्घाटन करेंगे, जो भारतीय सेना और क्लाव ग्लोबल (विशेष बलों के दिग्गजों की ओर से संचालित एक संगठन) की अपनी तरह की एडवेंचर स्पोर्ट्र्स की संयुक्त पहल है।

जोशीमठ भू-धंसाव : 782 भवनों में आईं दरारें, पानी का प्रवाह बढ़ा

देहरादून। जोशीमठ भू-धंसाव से आई आपदा में शनिवार को पानी का डिस्चार्ज बढ़कर 240 एलपीएम पहुंच गया है। अभी तक 782 भवनों में दरारें आई हैं और असुरक्षित क्षेत्रों से 223 परिवार को विस्थापित किया जा चुका है। आपदा विभाग का कहना है कि बारिश और बर्फबारी के चलते बढ़ोतरी हुई है। इसके अन्य कारणों के लिए संस्थानों से बातचीत की जाएगी। शनिवार को सचिव आपदा प्रबन्धन डा.रंजीत कुमार सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि जोशीमठ की जेपी कॉलोनी में पानी का डिस्चार्ज शुक्रवार को 190 एलपीएम था जो अचानक बढ़कर 240 एलपीएम हो गया है। इसके लिए संस्थानों से बात कर कारण को जाना जाएगा। यह पानी बारिश और बर्फबारी से भी बढ़ा होगा। डा. सिन्हा ने बताया कि विस्थापित परिवारों के लिए मॉडल टेंपररी शेल्टर बनाए जा रहे हैं। ऐसी जमीन जो सुरक्षित हैं ये शेल्टर बनाए जाएंगे। सीआरबीआई की ओर से अप्रूव्ड कंपनी घर बनाएगी जो 400 रुपये/स्क्वायर फीट के हिसाब से होगा। उन्होंने बताया कि कितना मुआवज़ा दिया जाएगा। इसके लिए सर्वे चल रहा है, उसके हिसाब से ही तय होगा। आपदा प्रबंधन की टीम जोशीमठ का रविवार को दौरा करेगी। इसमें आपदा अपर सचिव, जियोलॉजिस्ट और केंद्रीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

जनता की जरूरतों के हिसाब से प्रस्ताव दें जनप्रतिनिधि : योगी

भास्कर ब्यूरो

- सांसद-विधायकों के साथ मुख्यमंत्री ने की गोरखपुर मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा
- पीएम मोदी के मार्गदर्शन में विकास की नई पहचान के साथ आगे बढ़ा है गोरखपुर मंडल

गोरखपुर। सांसदों-विधायकों के साथ विशेष बैठक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर मंडल की विकास परियोजनाओं की प्रगति का हाल जाना। उन्होंने सिलसिलेवार गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया व कुशीनगर जनपदों से आए सांसदों व विधायकों से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं और समस्याओं की जानकारी ली।

सबसे कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु और क्षेत्रीय जन आकांक्षा के अनुरूप नए विकास कार्यों का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। इन प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही होगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गोरखपुर मंडल विकास की नई पहचान के साथ आगे बढ़ा है। मंडल को गोरखपुर खाद कारखाना, एम्स, रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी, पिपराइच चीनी मिल, आयुष विश्वविद्यालय, सैनिक स्कूल, कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे अनेक बड़ी परियोजनाओं की सौगात मिली है।

देवरिया में मेडिकल कॉलेज संचालित है, कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण तेजी से हो रहा है। महराजगंज में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच रहकर विकास कार्यों की चर्चा करें, विकास को लेकर उनकी और आकांक्षाओं को जाने तथा उसके अनुरूप प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि शीतलहर के बीच आम जनमानस के साथ-साथ खेती-किसानी और गोवंश आदि की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी रखें और सतत निगरानी करते रहें। कहा कि प्रदेश में धान खरीद सुचारु रूप से चल रहा है। जब तक एक भी किसान क्रय केंद्र पर आएगा, खरीद जारी रहेगी। शीतलहर के बीच क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का जनप्रतिनिधि भी निरीक्षण करते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'ट्रेड, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म' मंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश समृद्धि के नए सोपान चढ़ रहा है। बेहतर कानून-व्यवस्था तथा नीतिगत सुधारों के माध्यम से आज देश-दुनिया में निवेश का श्रेष्ठतम गंतव्य बनकर उभरा है। इस छवि का फायदा गोरखपुर मंडल को भी अधिकाधिक मिलना चाहिए। जनप्रतिनिधि के रूप में सांसद-विधायक अपने क्षेत्र के ब्रांड एम्बेसेडर हैं। अपने क्षेत्र की खूबियों से देश-दुनिया को परिचय कराने के लिए आपको ठोस प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी 10-12 फरवरी को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। समिट से पहले दुनिया भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देने की हमारी कार्ययोजना को आशातीत सफलता मिली है। विदेश में रोड शो की सफलता के बाद अब देश के प्रमुख महानगरों में उद्योग जगत को आमंत्रित करने रोड शो का आयोजन हो रहा है। जीआईएस-2023 ऐतिहासिक होने जा रहा है। व्यापक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसका सीधा लाभ हमारे युवाओं को मिलेगा।

चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों और महासचिवों की बुलाई बैठक

नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों और महासचिवों को एक बैठक के लिए बुलाया है। 16 जनवरी को आयोजित होने वाली बैठक में रिमोट वोटिंग मशीन पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान बैठक में मौजूद राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों और महासचिवों को मशीन से संबंधित प्रदर्शनी भी दिखाई जाएगी। मालूम हो कि रिमोट वोटिंग मशीन के जरिए अपने घर से बाहर रहने वाले लोग अपने पसंदीदा प्रत्याशी को अब वोट दे पाएंगे।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल सांसद चौधरी संतोख सिंह का निधन

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शनिवार सुबह फिल्लौर के पास जालंधर के सांसद चौधरी संतोख सिंह का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सिंह 2014 और 2019 में जालंधर से चुनाव जीते थे। उनकी पार्थिव देह को फगवाड़ा अस्पताल ले जाया गया। सांसद संतोख सिंह के निधन पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शोक जताया है।

मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई का छापा, दिल्ली के डिप्टी सीएम बोले-स्वागत है

- जांच एजेंसी ने कहा- अफसर सिर्फ कागज लेने गए थे

भास्कर ब्यूरो



नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को ट्वीट कर दावा किया कि सीबीआई ने उसके दफ्तर पर छापा मारा है। उन्होंने टीम का स्वागत किया। इधर, जांच एजेंसी ने छापे की बात से इनकार करते हुए कहा- हमारे अफसर उनके दफ्तर से कुछ कागज लेने गए थे।

सिसोदिया ने अपने ट्वीट में लिखा- सीबीआई उनके घर पर पहले भी छापा मार चुकी है। उनके गांव भी पहुंच चुकी है। सीबीआई को उनके खिलाफ ना कुछ मिला है, ना कुछ मिलेगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है। उन्होंने ईमानदारी से बच्चों की शिक्षा के लिए काम किया है। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित आबकारी घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। एजेंसी ने सिसोदिया समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने इस केस में सिसोदिया से कई घंटे पूछताछ की थी और उनके आधिकारिक आवास पर छापे मारे थे।

चार महीने पहले सीबीआई ने खंगाला था सिसोदिया का बैंक लॉकर

दिल्ली की शराब नीति में गड़बड़ी के मामले में जांच में जुटी सीबीआई ने चार महीने पहले डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के लॉकर की तलाशी पूरी की। गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर 4 की पंजाब नेशनल बैंक में मनीष सिसोदिया का बैंक लॉकर है। सीबीआई की टीम ने बैंक में 45 मिनट तक लॉकर की जांच की।

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जान से मारने की धमकी

नागपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को शनिवार को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के नाम पर गडकरी के जनसंपर्क कार्यालय को शनिवार को तीन बार फोन करके धमकी दी गई। पुलिस की साइबर टीम जांच में जुट गई है। फिलहाल, केंद्रीय मंत्री गडकरी इस समय नागपुर में ही हैं। नतीजतन उनके कार्यालय और आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गडकरी के नागपुर स्थित जनसंपर्क कार्यालय के अनुसार शनिवार को पूर्वाह्न 11.30 से 12.40 बजे के बीच खामला इलाके में स्थित कार्यालय में तीन बार फोन किया गया।

पूर्व सैनिक दिवस पर पूर्वी कमान की तरफ से वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कोलकाता । कोलकाता स्थित पूर्वी सेना कमान मुख्यालय में शनिवार को सातवां पूर्व सैनिक दिवस परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्वी सेना कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम स्थित विजय स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। आर्मी कमांड पूर्वी कमान के मेजर जनरल एसएस काहलों, जेओसी बंगाल सब एरिया सहित तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने माल्यार्पण कर भारतीय सशस्त्र बलों के वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

माघ मेला : 14 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

भास्कर ब्यूरो

प्रयागराज । मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शनिवार की सायं 06 बजे तक लगभग 14 लाख 20 हजार लोगों ने मेला क्षेत्र में बनाए गए संगम सहित अन्य घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। जबकि दो बजे तक नौ लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया था।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने देर रात से ही मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं विवेक चतुर्वेदी ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सभी सेक्टरों एवं घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं।

सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी तरह की कोताही ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी रात से ही भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में तैनात अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया था। भ्रमणशील अफसरों में पुलिस अपर महानिदेशक भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक चंद्र प्रकाश, पुलिस अपर आयुक्त आकाश कुलहरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला राजीव नारायण मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक मेला आदित्य शुक्ला शामिल रहे। पूरे स्नान की अवधि में किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई।

कारोबारी के घर एएसआई की छापेमारी

100 करोड़ से अधिक की पुरातात्विक सामग्री बरामद

उत्तर। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के देगंगा में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की टीम ने एक कारोबारी के घर छापेमारी कर 100 करोड़ से अधिक की पुरातात्विक महत्व की सामग्री बरामद की है। कारोबारी का नाम असदुज्जमां है। पुरातत्व विभाग में एडमिनिस्ट्रेशन जनरल एंड वेलफेयर ट्रस्टी विप्लव रॉय ने एक अन्य महिला अधिकारी के साथ मिलकर शुक्रवार शाम असदुज्जमां के घर छापेमारी की थी।

शनिवार को एएसआई की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि विप्लव रॉय और महिला अधिकारी को पति-पत्नी बनाकर छापेमारी की योजना बनाई गई थी। दोनों को चंद्रकेतुगढ़ में पता चला था कि असदुज्जमां के घर बड़ी मात्रा में पुरातात्विक महत्व के सामान रखे हुए हैं। दोनों जब असदुज्जमां के घर पहुंचे तो अपना परिचय दिल्ली निवासी बताया और यह भी बताया कि वह गंगासागर आए हैं। उन्हें पुरातत्व से जुड़ी सामग्रियों के संग्रह का शौक है। वह देखना चाहते हैं कि असदुज्जमां के पास क्या-क्या है। पहले तो वह तैयार नहीं हुआ लेकिन बाद में जब दोनों अधिकारियों ने उसका विश्वास जीत लिया तब वह दोनों को अपने गोदाम में ले गया।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद यादव पंचतत्व में विलीन

- बेटी शुभांगिनी और बेटे शांतनु ने दी मुखाग्नि पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

एजेंसी

नर्मदापुरम। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव पंचतत्व में विलीन हो गए। शनिवार शाम मप्र के नर्मदापुरम जिला स्थित उनके पैतृक गांव आंखमऊ में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ।

उनकी बेटी शुभांगिनी और बेटे शांतनु ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शरद यादव की पार्थिव देह शनिवार दोपहर चार्टर्ड विमान के जरिए दिल्ली से भोपाल लाई गई। यहां राजा भोज विमानतल पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री पीसी शर्मा समेत कुछ अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए अनुदान दे रही सरकार

सौर ऊर्जा योजना देगी बिजली बिल से छुटकारा

- उत्तर प्रदेश में कुल ढाई लाख पॉवरलूम से साढ़े पांच लाख बुनकर कर रहे जीवन-यापन

भास्कर ब्यूरो

वाराणसी। वाराणसी समेत यूपी के बुनकरों के लिए खुशखबरी है। अब उनको पारंपरिक बिजली पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ना ही बिजली के रेट बढ़ने पर उनकी आय में कमी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुनकरों को सुविधा देने के लिए और विश्व के वस्त्र उत्पादन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। योगी सरकार पावर लूम बुनकरों को सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए अनुदान प्रदान कर रही है, जिससे बुनकरों की बिजली की बचत के साथ ही उनका खर्च भी कम होगा। बता दें कि 'मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना' के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र अनुदान के साथ उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना में महिला बुनकरों को भी विशेष लाभ दिया जाएगा।

उपलब्ध कराया जाएगा सौर ऊर्जा संयंत्र

बनारसी साड़ी की बुनकारी की पूरी दुनिया कायल है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक, सभी बनारसी साड़ी के दीवाने हैं, लेकिन इनके बुनकरों को कभी-कभी बिजली के अभाव के कारण वस्त्र के उत्पादन और आय पर असर पड़ता है। वाराणसी परिक्षेत्र के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग के सहायक आयुक्त अरुण कुमार कुरील ने बताया की मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र उपलब्ध कराया जाएगा। सामान्य पावरलूम बुनकरों के लिए सोलर प्लांट की कुल लागत का 50 प्रतिशत सरकार देगी। बाकी का 50 प्रतिशत या अतिरिक्त राशि लाभार्थी खुद या बैंक से ऋण लेकर वहन करेंगे। वहीं अनुसूचित जाति/जनजाति के पावरलूम बुनकरों के लिए योगी सरकार 75 प्रतिशत का अनुदान देगी और 25 प्रतिशत लाभार्थी को खुद या बैंक से ऋण लेकर वहन करेंगे। 10 किलोवाट तक के सोलर प्लांट का प्रस्ताव स्वीकृत परिक्षेत्र स्तरीय कमेटी द्वारा जबकि 10 किलोवाट से अधिक का राज्य स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा।

महिला बुनकरों को भी मिलेगी राहत

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ कम से कम 10 प्रतिशत महिला बुनकरों को भी दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में कुल 2,50,000 पॉवरलूम कार्यरत हैं, जिसके माध्यम से 5,50,000 पावरलूम बुनकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के लिए यूपीनेडा को कार्यदायी संस्था बनाया गया है।

पुणे में परिवार के चार सदस्यों के मिले शव आत्महत्या की आशंका

पुणे। मकर संक्रांति पर्व की सुबह मुंढवा चित्र के केशव नगर में घर पर पति-पत्नी और उनके दो बच्चे मृत पाए गए। पुलिस ने सभी के आत्महत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि चारों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आशंका है कि दंपति ने बच्चों को कोई जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद भी सेवन कर लिया। मृतकों की पहचान 50 वर्षीय दीपक थोटे और उनकी पत्नी इंदू के अलावा 24 वर्षीय पुत्र रुषिकेष और 17 वर्षीय पुत्री समीक्षा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर होगा। पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है।

भय से ही दुःख आते हैं, भय से ही मृत्यु होती है और भय से ही बुराइयाँ उत्पन्न होती हैं।
- विवेकानंद

स्टंटबाजी से न चलायें मोटरबाइक: सीओ यातायात

नुक्कड बैठक में नियमों के प्रति जागरूक करती यातायात पुलिस।

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल की मौजूदगी में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने सडक सुरक्षा माह अभियान के तहत रोडवेज बस स्टैण्ड पर यात्रियों समेत रोडवेज चालकों आदि को यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिये।

शनिवार को जिला मुख्यालय के रोडवेज बस स्टैण्ड पर यातायात सीओ राजकमल की मौजूदगी में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने रोडवेज बस चालकों, आटो, टैक्सी व अन्य वाहन चालकों के साथ नुक्कड बैठक कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। टीएसआई ने सभी चालकों से कहा कि यातायात नियमों के प्रति सभी लोग सतर्क रहते हुए हादसों से बचें। उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करने को कहा। सीओ यातायात राजकमल ने वाहन चालकों से कहा कि यातायात नियमों के पालन से ही लोग हादसों से बच सकते हैं। उन्होंने नुक्कड बैठक में यातायात संकेतों के भी पालन के निर्देश दिये। कहा कि कोई समस्या होने पर तत्काल यातायात पुलिस को बतायें। दो व चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। तेज गति से वाहन न चलायें। सीओ यातायात राजकमल ने कहा कि तेजी व लापरवाही या स्टंटबाजी करते हुए मोटरबाइक न चलायें। ज्यादातर देखा गया है कि नवयुवक लापरवाही से या स्टंटबाजी करते हुए दोपहिया वाहन चलाते हैं, जो खतरे से खाली नहीं है। इस मौके पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

पत्थरगढी उखाडने वालों पर करें कडी कार्यवाही: डीएम

- महिला समस्याओं को प्राथमिकता से करें निस्तारित: एसपी
- समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने दिये कडे निर्देश

समाधान दिवस में समस्या सुनते डीएम-एसपी।

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने थाना कोतवाली कर्वी में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोतवाली कर्वी में डीएम-एसपी ने जनसुनवाई में समस्यायें मिलने पर कहा कि ऐसी समस्याओं के निस्तारण शासन की मंशानुसार किये जायें। लाभार्थी को गुणवत्ता के साथ संतुष्टि मिले। शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। उन्होंने नायब तहसीलदार मंगल सिंह को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतें टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्थरगढी होने पर पत्थर उखाडने वाले के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कर्वी कोतवाल एके मिश्रा से कहा कि महिला समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करें। इस मौके पर नायब तहसीलदार मंगल सिंह समेत संबंधित अधिकारी कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।

एसपी ने दिखाई संवेदनशीलता, मनाया महिला सिपाही का जन्मदिन

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की संवेदनशीलता उस समय देखने को मिली, जब कोतवाली कर्वी में तैनात महिला सिपाही पारुल श्रीवास्तव के जन्मदिन की जानकारी मिली। उन्होंने महिला सिपाही पारुल को बर्थडे विश कर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के सामने केक मंगवाकर जन्मदिन मनाया।

शनिवार को कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला को महिला सिपाही पारुल श्रीवास्तव के जन्मदिन की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल विश करके बर्थडे केक मंगवाकर जिलाधिकारी के साथ महिला सिपाही का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारीगणों व पुलिस कर्मियों ने केक काटकर महिला सिपाही को बधाई दी। इस मौके पर कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, चैकी प्रभारी शिवरामपुर रजोल नागर आदि मौजूद रहे।

महिला सिपाही का जन्मदिन मनाते डीएम-एसपी।

स्वच्छ भारत समृद्ध भारत का नगर पालिका का संदेश

संदेश देते नगर पालिका कर्मी।

चित्रकूट। रामघाट में नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी द्वारा स्वच्छ धरोहर कार्यक्रम के अंतर्गत रामघाट को चयनित किया गया है।

इस पर्यटन स्थल पर सर्वप्रथम सम्मानित जनप्रतिनिधियों, प्रसिद्ध समाजसेवियों एवं ब्रांड एंबेसडर द्वारा स्वच्छ भारत समृद्ध भारत का संदेश देने के लिए,विभिन्न तरह की स्वच्छता संबंधित कलाकृतियों से आच्छादित पतंगों को उड़ा कर, उपस्थित जनसमूह को प्रतीकात्मक संदेश दिया गया। साथ ही साथ इस विरासत स्थल पर, नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा हरी डस्टबिन तथा नीली डस्टबिन की स्थापना की गई, और लोगों को संदेश दिया गया कि गीला कूड़ा हरी डस्टबिन में तथा सूखा कूड़ा नीली डस्टबिन में रखें, स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा,संपूर्ण विरासत स्थल मेला क्षेत्र की विधिवत साफ सफाई की गई। स्वच्छता संबंधित स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया, विरासत स्थल पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने के लिए वर्जित किया गया और उपस्थित लोगों को इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी विस्तार से बताया गया। स्वच्छता अभियान चलाकर ष्स्वच्छता परमो धमरू की परिकल्पना को बताया गया। व मकर संक्रांति पर पतंग उड़ा कर तीर्थ यात्रियों व लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिवा कुमार जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, सफाई एवं खाद निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राकेश केसरवानी ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन, शुभम केसरवानी, श्रेयांश गुप्ता, अमित सिंह, आशीष मलिक अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

गौवंशों के बीच मकर संक्रांति का पर्व मना कलवारा बुजुर्ग के प्रधान ने दिया अनूठा संदेश

ग्रामीणों के साथ मौजूद प्रधान।

पहाड़ी (चित्रकूट)। जिले के पहाडी विकास खंड की ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग के प्रधान ने अनौखे तरीके से मकर संक्रांति का पर्व मना कर जनपदवासियों को गौसेवा का अनूठा संदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार के अनुसार विकास खंड पहाड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी ने मकर संक्रांति पर्व पर एक नई पहल कर जनप्रतिनिधियों को एक नया संदेश देते हुए कहा कि अगर इंसान चाहे तो हर कार्य संभव है। कुछ ऐसा ही आज ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग स्थित गौशाला में देखने को मिला जहां ग्राम प्रधान जवाहर सिंह व ग्राम विकास अधिकारी विश्व प्रधान मिश्र ने मकर संक्रांति पर्व ग्रामीणों को साथ लेकर गौशाला पहुंच गौवंशो को गुड़ खिचड़ी खिलाया व गौशाला में ही भजन कीर्तन का आयोजन किया।इसके साथ ही वहां पहुंचे क्षेत्रीय लोगों को खिचड़ी भोज कराया गया। जब इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान से बात की गई तो बताया कि मै प्रधान होने के पहले से गौसेवा करता रहा हूं। हमेशा आठ दस गौवंश हमेशा मेरे घर में रही है। साथ ही बताया कि इस कार्य में ग्राम विकास अधिकारी विश्व प्रधान मिश्र का हर कदम में साथ मिला। इस मौके पर टीए चन्द्रमौलि, ग्रामीण लक्ष्मीनारायण तिवारी,शिव दर्शन, राकेश यादव, अनिल रैकवार, रोहिणी, रामेश्वर केशरी नन्दन, अजय सिंह, जयनारायण, शिवबहादुर आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

हार-जीत के दांव केबीच उड़ती रहीं पतंगें

चित्रकूट। मकरसंक्रान्ति पर्व पर आसमान से खिली धूप का लगं ने भरपूर आनन्द लिया। इस म©के पर पतंगबाजं में दिनभर खासी हड़ मची रही। एक-दूसरे की पतंग काटने क लगं ने हार-जीत क दांव भी लगाये। सवेरे शीतलहर रही। पूर्वान्ह 11 बजे तेज धूप के चलते जहां देख वहां, लग पतंग उड़ाते नजर आये। दो दिनी मकरसंक्रान्ति के पहले दिन सवेरे आठ बजे से आसमान से धूप खिली त लगं के चेहरे खिल उठे। दिनभर रही धूप का लगं ने लुत्फ उठाया। हालांकि शाम पांच बजे क बाद फिर गलन ने लगं को अलाव क नजदीक जाने क मजबूर कर दिया।

इधर, दिनभर खिली धूप में पतंगबाजं में खासी हड़ देखने क मिली। पतंगबाज अपनी पतंग क आसमान की बुलंदियं तक ले जाने को बेताब दिख, वहीं कुछ अति उत्साही युवाओं ने एक-दूसरे की पतंग काटने क हार-जीत की बाजियां भी लगाईं। क©न-किसकी-कितनी ज्यादा पतंगें काटता है, इसे लेकर देखने वालं में भी खासा रमांच रहा। ऐसे में पतंग की दुकानं में लगं की खासी भीड़ देखने क मिली। पतंगबाजं क बुजुगर् ने पतंग खरीदने क रुपये भी दिये। इसक पीछ बुजुगर् की ये भावना रही कि पतंग उड़ाने से वायुदान का पुण्य मिलता है। ऐसे में ज बुजुर्ग पतंग उड़ाने में नाकाम रह, उन लगं ने बच्चं क पतंग उड़ाने क रुपये दिये।

पडोसियों के जागने पर चोर सामान छोड भागे

मऊ(चित्रकट)। मऊ थाना क्षेत्र के मडैर रोड में सुनसान घर में अज्ञात चोरों ने बगल की दीवार से रस्सी के सहारे घर में दाखिल होकर सेंधमारी कर दीवार की ईंटें शब्बर से तोडने लगे। पडोसियों के जागने पर चोर रस्सी व अन्य सामान छोडकर भाग गये। ये घटना शुक्रवार की रात हुई। बताया गया कि मडैर रोड के प्रेमचन्द्र पुत्र बाबूलाल अपनी पत्नी सुभद्रा देवी के साथ माघ मेला में कलावास को इलाहाबाद गये थे। सुनसान घर पाकर चोरों ने बगल की दीवार से रस्सी के सहारे घर में घुसकर सेंधमारी कर दीवार की ईंट शब्बर से निकालने लगे। पडोसियों के जागने पर चोर रस्सी व अन्य सामान छोडकर भाग गये। अज्ञात चोरों के चोरी की घटनायें करने से ग्रामीणों में दहशत फैली है।

पीडित प्रेमचन्द्र ने थाना प्रभारी से कार्यवाही की मांग की तो थाना प्रभारी ने कहा कि जब चोरी होगी, तब कार्यवाही की जायेगी। वहीं बस स्टैण्ड स्थित थाना के पास मानिकचन्द्र की फल की दुकान में भी ताला तोडकर चोर लगभग बीस हजार रुपये की नकदी व अन्य सामान चुरा ले गये।

मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर किया खिचड़ी दान

- मकरसंक्रान्ति पर जुटे लाखं श्रद्धालु

चित्रकूट। मकरसंक्रान्ति पर्व पर लाखं श्रद्धालुअं ने मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर खिचड़ी व तिल का दान किया। श्रद्धालुअं ने कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। धूप निकलने क बावजूद शीतलहर से श्रद्धालु कांपते रहे। प्रशासन ने सुरक्षा क पर्याप्त इंतजाम किये थ। पहाड़ी व भरतकूप क्ष्त्र में लगे पांच दिवसीय मेले का लोगों ने लुत्फ उठाया। शीतलहर क बीच शनिवार क मकरसंक्रान्ति पर्व पर मन्दाकिनी में डुबकी लगाने लाखों श्रद्धालु पहुंचे। पुरहितं क अनुसार मकरसंक्रान्ति पर्व आज व कल भी हने क चलते उत्साहपूर्वक मनाया गया। तीर्थस्थल में मकरसंक्रान्ति पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर क पुलघाट व मन्दाकिनी रामघाट में लाखं ने डुबकी लगाकर चावल व मूंग की दाल मिलाकर खिचड़ी दान किया। शहर व ग्रामीण क्षत्रं की महिलाअं ने कामदगिरि की परिक्रमा की। घाट किनारे लगी दुकानं में बच्चं ने जमकर खरीद्दारी की।

हनुमानधारा, भरतमिलाप, गुप्त गदावरी, स्फटिक शिला, सूरजकुण्ड, बाल्मीकि आश्रम पर श्रद्धालुअं ने पूजा-अर्चना कर गरीबं क खिचड़ी दान दी। भरतकूप क ऐतिहासिक कुयें क जल से स्नान करने क देर शाम तक हजारं श्रद्धालु जमा रह। मान्यता है कि भरत जी ने भगवान राम क राज्याभिष्क क लाये गये सभी तीथर् का जल इसी कुयें में डाला था। इससे कुयें के पानी से स्नान करना पुण्यकारी माना जाता है। बताते हैं कि मकरसंक्रान्ति पर तिल का विश्ष महत्व है। तिल क उबटन से नहाने, दीन-दुखियं क तिल क लड्डू दान करने से पुण्य प्राप्त हता है। तिल की आहुति देकर तिलं क खाने से व्यक्ति साल भर स्वस्थ्य व प्रसन्न तथा पापरहित रहता है। मऊ व राजापुर कस्बे क तुलसी घाट पर हजारं महिला-पुरुषं ने यमुना में स्नान कर दान दिया। आसपास सैकड़ं दुकानें सजी रहीं। सांईपुर गांव में हिन्दू-मुस्लिम आस्था क प्रसिद्ध सूफी सन्त सांईबाबा का मेला शुरू हुआ। मेले में हजारं लगं ने मन्नतें मांगी। दिनभर कड़ी धूप के चलते श्रद्धालुअं क कोई परेशानी नहीं हुई। भरतकूप में लगे मेले में लोगों ने झूला-झूलकर तथा गन्नों की खरीद्दारी कर मेला का लुत्फ उठाया।

कामदगिरि प्रमुख द्वार के गोलोकवासी महंत प्रेम पुजारी दास महाराज के जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

- महंत स्वामी रामस्वरूप आचार्य महाराज के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन

संगोष्ठी एवं शोभा यात्रा निकालते शिष्य।

चित्रकूट। श्री कामदगिरि ट्रस्ट राम मोहल्ला प्रमुख द्वार के गोलोकवासी कामदगिरि पीठाधीश्वर ट्रस्ट के संस्थापक सिंहस्थ भूषण प्रेम पुजारी दास का 113 वां जन्मोत्सव धर्मनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रामनाम संकीर्तन और गाजे बाजे के साथ धर्मनगरी के साधु, संतों एवं शिष्यों ने सामूहिक कामदगिरि की परिक्रमा कर भव्य शोभायात्रा निकाली। प्रमुख द्वार के महंत जगदगुरु स्वामी रामस्वरूप आचार्य महाराज एवं व्यवस्थापक संत मदन गोपाल दास महाराज के नेतृत्व में शोभायात्रा एवं व्याख्यानमाला हुए।

शनिवार को कामदगिरि प्रमुख द्वार के व्यवस्थापक मदन गोपाल दास महाराज ने बताया कि सिंहस्थ भूषण महंत प्रेम पुजारी दास के जन्मोत्सव का चित्रकूट में उल्लास है। उनका जन्म 14 जनवरी 1910 को हुआ और वर्ष 1984 में ब्रह्मलीन हो गए थे। उनका आध्यात्मिक जीवन धर्मनगरी चित्रकूट के दीनहीन, निराश्रित लोगों की सेवा करना परमेश्वर की सेवा तुल्य है। इनका पूर्व नाम उमाशंकर मिश्र था जो कि बाद में आश्रम के तत्कालिन महंत पंचम दास ने प्रेम पुजारी दास नाम दिया, क्योंकि उनका प्रेम सभी जीवो के लिए एक समान था। वह पशु और पक्षियों को भी मनुष्यों के भांति ही प्रेम भाव रखते थे। सभी जीवो के साथ प्रेम भाव रखने के चलते ही उनका नाम प्रेम पुजारी पड़ा। रामानंदी संप्रदाय से जुड़े होने के चलते विरक्त भाव का व्यक्ति ही ट्रस्ट का अधिकारी बन सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में चित्रकूट उपेक्षित था। उन्होंने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना इसी उद्देश्य को लेकर की। गौशाला, पाठशाला, औषधालय, भंडारा आदि संचालित कराया था। संत मदन गोपालदास ने बताया कि महंत प्रेम पुजारी दास महाराज की जन्मभूमि बाराबंकी उत्तर प्रदेश है। वर्ष 1952 से 1957 तक वह हैदरगढ़ क्षेत्र से विधायक थे। राजनीतिक जीवन से संन्यास लेकर उन्होंने चित्रकूट को अपनी आध्यात्मिक कर्म स्थली बनाया। कामदगिरि पीठाधीश्वर अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा से जुड़ा हुआ है। रामानंदी संप्रदाय का अनुसरण करते हैं। सर्वप्रथम पंजाबी भगवान के महंत ने जन्मोत्सव मनाया था। जिसके पश्चात प्रतिवर्ष उनका जन्म उत्सव मनाया जाने लगा। वर्तमान समय में महाराज रामस्वरूप आचार्य की स्वीकृति से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ सुंदर चित्रकूट आदि प्रकल्प शुरू किए गए हैं। गोलोकवासी महंत की 113 वे जन्मोत्सव के अवसर पर कामदगिरि परिक्रमा में भव्य शोभा यात्रा निकालने विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमे हजारो लोगो ने शिरकत कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर धर्मनगरी के समस्त मठ मंदिरों के साधु, संत समाज, रामानंदी संप्रदाय के समस्त भक्तगण की उपस्थिति रही। हजारो भक्तो ने भण्डारा में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में निर्मोही अखाड़ा के महंत ओंकार दास महाराज,बाबा रामदास ब्रम्हचारी, नरसिंह दास, नंदगोपाल दास महाराज, समाजसेवी शानू गुप्ता आदि सैकड़ो संत मौजूद रहे।

सार सुर्खियां

पाठा के गरीबों को ठंड से बचाने को एसपी वृंदा शुक्ला ने बांटे स्वेटर

गरीबों की मदद करतीं एसपी वृंदा शुक्ला।

ग्रामीणों को दिलाया पूर्ण सुरक्षा का भरोसा

चित्रकूट। जिले में बीते कई दिनों से जारी शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए पाठा के गरीबों को ठंड से बचाने के लिए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने सराहनीय कार्य किया है। एसपी ने मारकुंडी पहुँचकर अमचूर नेरुआ पंचायत में आदिवासी बच्चों और बजुर्ग महिलाओं को स्वेटर वितरित करने के साथ-साथ उन्हे पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। इस दौरान एसपी श्रीमती शुक्ला ने वहाँ उपस्थित आदिवासी कोल समुदाय की बहनों और माताओं से बात करते हुए कहा कि किसी भी तरह के अन्याय का विरोध करिए।इसके अलावा घरेलू हिंसा का भी डटकर मुकाबला करिये। आप सभी घर में अपने साथ हो रहे अन्याय और शोषण के खिलाफ चुप्पी तोड़यि और आवाज बुलंद करिए चित्रकूट पुलिस आपके साथ है। गौरतलब हो कि एसपी वृंदा शुक्ला ने स्वयं पाठा के ग्रामीण इलाकों में पहुँचकर महिलाओं से बात की।साथ ही पुलिस की विभिन्न गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया।एसपी की इस अनूठी पहल का मकसद जनता के प्रति पुलिस का विश्वास बढाकर अपराध पर अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

पटेल सेवा संस्थान की बैठक आज

चित्रकूट। पटेल सेवा संस्थान चित्रकूट की मासिक समीक्षा बैठक 15 जनवरी को दिन रविवार को समय प्रातः 11 बजे श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज कर्वी में आहूत की गई है। संगठन के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि बैठक मे संस्थान के सभी पदाधिकारी गण ,सक्रिय सदस्य गण ,समय से अपनी गरिमामयी उपस्थिति होकर सफल बनाएं।बैठक में पटेल जयंती कार्यक्रम की समीक्षा,से व्यय का प्रस्तुतिकरण,संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवम रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

गरीब असहाय एवं वृद्धों के मसीहा बने मुढारी निवासी- संदीप राजपूत

कुलपहाड़ (महोबा)। शनिवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मुढारी निवासी संदीप राजपूत प्रबंधक जिला उपाध्यक्ष भाजपा पि0मोर्चा सदस्य क्षेत्र पंचायत मुढारी जो हमारे क्षेत्र व जिला के मसीहा के रूप मे जाने जाते है। जिन्होंने आज किसानों एवं गरीबों व बेसहारा बुजुर्गो को स्वयं उनके खेतों व घर पर जाकर लगभग दो दर्जन से ज्यादा किसानों को कंबल वितरण किये इस मौके पर कुलदीप , लकी, बसंत राजपूत मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा , आदि की उपस्थिति रही।इस मकर संक्रांति के पर्व पर समाजसेवा के भाव को देखते हुए उन्होंने बताया की मैं कहीं बाहर किसी नदी या किसी तीर्थ स्थान पर भ्रमण पर ना जाकर मेरे द्वारा किसानों को सर्दी से बचाव हेतु माननीय मुख्यमंत्री के विजन के आधार फल स्वरुप गरीब किसानों की मदद हेतु यह पुनीत कार्य किया जिससे किसानों हरनाथ रैकवार, हरि अहिरवार बाला प्रसाद ,कसिया, चतुराई कुशवाहा ,बालादिन नानू श्रीवास, गोकुल अहिरवार आदि किसानों को कम्बल वितरित किये गए जिससे उनके चेहरों पर ख़ुशी एवं अति उल्लास देखने को मिला।

मकर सक्रांति के अवसर पर गरीब असहाय निर्धन लोगों को बांटे कम्बल

महोबा (भास्कर ब्यूरो)। जैतपुर ब्लाक के खिरिया कला गाँव मे मकर सक्रांति के अवसर पर गरीब असहाय निर्धन लोगों को समाजसेवी रमेश मिश्रा की ओर से 101 कम्बल वितरण किए गए , मुख्य अतिथि के तौर पर जैतपुर ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत ने असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत ने सर्दी के मौसम में कंबल वितरण कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि एसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए ।उन्होंने आयोजक की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने निर्धन महिलाओं के पास जाकर उन्हें कंबल दिए । इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलपहाड़ मानवेन्द्र सिंह, उमाशंकर मिश्रा, जगदीश सोनी,श्याम मिश्रा, गौरव मिश्रा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।समाजसेवी रमेश मिश्रा ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ग्राम खिरिया कला में ऐसे भी जरूरतमंद लोग हैं जिनके पास ठंड से बचने के लिए साधन नहीं है। जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का काम है। समाज के संपन्न लोगों को जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के भी चेहरे खुशी से खिल उठे।

अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में भाजपाई ने मागे वोट

महोबा (भास्कर ब्यूरो) । शिक्षक विधायक निर्वाचन के मद्देनजर मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भाजपाइयो ने बोट मांगे । बताते चले झांसी इलाहाबाद क्षेत्र शिक्षक एम एल सी निर्वाचन हेतु भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी के प्रचार में भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर वरिष्ठ नेता गण एकजुट होकर दिनों दिन प्रचार अभियान को रफ्तार देते नजर आ रहे हैं। जिसके तहत संपर्क व बैठकों का दौर जारी है,इसी क्रम में कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र में आज चरखारी विधानसभा के चुनाव सह संयोजक महेंद्र द्विवेदी एवं शशिभूषण रिछारिया ने जैतपुर के एस के महाविद्यालय एवं अटल अखंड इंटर कॉलेज, सिद्ध गोपाल रिछारिया इंटर कॉलेज में मतदाताओं से सघन संपर्क कर पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी को प्रथम वरीयता का मत देने की अपील कर समर्थन प्राप्त किया। महेंद्र द्विवेदी ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी को सभी वर्ग के मतदाताओं का समर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है, और भारी मतों से जीत हासिल होगी। इस मौके पर रामभरोसी रैकवार, जगदीश शरण सोनी, महेश प्रसाद पाठक प्राचार्य, महेश तिवारी प्राचार्य व अन्य उपस्थित रहे।

संगीतमय कार्यक्रम ने किया भाव विभोर

गुरसराय । स्थानीय श्याम विवाह वाटिका में आयोजित एक कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या के कार्यक्रम में श्रोता झूमते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य पीतांबरा शरण त्रिपाठी द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ हुआ ,जिसमें आरती यतींद्र श्रीवास्तव ने की ।

हरी सेवक सुंदरकांड समिति के तत्वाधान में आयोजित संगीत मय सुंदरकांड एवं भजन संध्या का शुभारंभ सौरभ द्विवेदी के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पं सरजू शरण पाठक द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में ऑर्गन ऑर्गन वादक एवं भजन गायक प्रमोद गोस्वामी ,रानू तिवारी ,अंकित पटेल, अंकुल पटेल आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नाल पर देवेंद्र घोष, ढोलक पर मनमोहन, पैड पर पुष्पेंद्र सिंह ,ऑक्टोपैड पर उपेंद्र खरे ,ऑर्गन पर अंकित पटेल, हनी नामदेव, झींका पर अंकुल पटेल आदि ने संगत देकर भाव विभोर किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव ने किया। अंत में कार्यक्रम की संयोजिका भाजपा नेता श्रीमती गीता श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

शोध और प्रसार एक दूसरे के पूरक हैं: डॉ एस एस सिंह

भारतीय कृषि-चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय दो दिवसीय पर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

झाँसी। भारतीय एग्रो - इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर नई दिल्ली एवं रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के संयुक्त तत्वाधान में आज कृषि विश्वविद्यालय सभागार भारतीय कृषि - चुनौतियां एवं सम्भावनाएं विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस की अध्यक्षता भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर नई दिल्ली के अध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद चौधरी ने की। प्रमोद चौधरी ने आज की कार्यशाला का उद्देश्य एवं भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर का विस्तार से परिचय कराया। एवं भारतीय कृषि में आ रही चुनौतियों एवं सम्भावनाओं पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। भारतीय एग्रो - इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के डॉ. मकरंद करकरे ने अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस भारतीय एग्रो रिसर्च सेंटर किस तरह किसानों के हित में कार्य करेगा। इस पर अपना विस्तार से व्याख्यान दिया। भारत में कृषि अनुसंधान और विस्तार के ताने-वाने में समन्वय विषय पर अधिष्ठाता कृषि रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी डॉ. एस.के. चतुर्वेदी ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।
प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. एस एस सिंह ने भारत में कृषि सुधार पर व्याख्यान देते हुए कहा कि शोध और प्रसार एक दूसरे के पूरक हैं। प्रसार बगैर शोध पर आज ताल-मेल की आवश्यकता है। भारत देश में 100 से अधिक अनुसंधान केन्द्र कार्य कर रहे हैं। लेकिन उन शोधों को किसानों तक ले जाने की आवश्यकता है। भारतीय किसान संघ के दिनेश कुलकर्णी ने संगठन मूल संकल्पना, अवधारणा, उद्देश्य एवं भारतीय किसान संघ की कार्य पद्धति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय एग्रो - इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर का यह पहला झाँसी में अभ्यास वर्ग है। जिसमें कृषि वैज्ञानिक एवं भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए हैं। हमको किसानों के मूल में जाकर कार्य करना होगा, किसान को संगठित करना होगा, तभी हम किसान को आत्मनिर्भर बना सकते हैं।
भारतीय किसान संघ गैर राजनैतिक संघटन है। इसका कार्य किसानों का कृषक कार्य कैसे सही प्रकार से हो इस पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जो वैज्ञानिक खेती किसानी में नई शोध करें उनको किसान संघ एवं किसानों तक पहुंचाना आवश्यक है। इससे किसान को कम पैसे में अधिक लाभ - किसान आत्मनिर्भर बन सके। कुलकर्णी ने रसायनमुक्त खेती, जहर मुक्त खेती, विषय मुक्त अनाज कैसे पैदा करें तथा अच्छे बीजों को कैसे तैयार करें इस पर भी उन्होंने अपने विचार दिए। उन्होंने कहा कि आज किसान संघ को जरूरत है कि किसान ने जो उत्पादन किया है उसको कैसे मार्केटिंग कर लाभ लिया जा सकता है। यह किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। भारतीय किसान संघ का नारा भी दिया, "देश के हम भण्डार भरेंगे। लेकर दाम पूरे। इस नारे को उन्होंने विस्तार से समझाया।
भारतीय किसान संघ के राजेश तेलंगाना ने एफपीओ के द्वारा किये गये कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत कर कहा कि आज देश में किसानों के साथ दस हजार एफपीओ काम कर रहे हैं। इसमें नादेड़ एवं केरल में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। डॉ. मकरंद करकरे जन आंदोलनों में नीतिगत त्रुटियों से अवगत कराने हेतु सामूहिक चिंतन की आवश्यकता तथा चिंतकों की भूमिका तथा प्रत्यक्ष धरातल पर कृषि अनुसंधान के जनहितैषी प्रयोगों के कार्यान्वयन के हेतु सक्रिय अध्ययन पर विस्तार से व्याख्यान दिया। डॉ. श्रवण कुमार दुबे ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सुहास मनोहर ने आगामी योजना, वर्तमान मुद्दे तथा केन्द्रों से अपेक्षाएं पर अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. आशुतोष मुरकटे एवं आभार डॉ. एस के दुबे ने किया।

मेरा संपूर्ण जीवन शिक्षक हित के लिए समर्पित -डॉक्टर बाबूलाल तिवारी

झाँसी। भारतीय जनता पार्टी इलाहाबाद झांसी शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी का जनसंपर्क झांसी ललितपुर क्षेत्र में सघन तरीके से हुआ , बाबूलाल तिवारी ने कहा मैं शिक्षक हित के लिए सदा से लड़ाई लड़ता आ रहा हूं शिक्षकों की समस्या बहुत है तथा, भारतीय जनता पार्टी शिक्षक हित में कार्य करना चाहती है, लेकिन पूर्व में रहे शिक्षक एमएलसीओं द्वारा शिक्षक हित में कार्य नहीं किए गए।
आज इंटर कॉलेज ,महात्मा ज्योति फुले वीरांगना नगर, शिक्षक इंटर कॉलेज, सेंट मेमोरियल इंटर कॉलेज ,एचसी पब्लिक स्कूल राजकीय हाई स्कूल ,रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, पंडित जमुना प्रसाद आईटी आई केशवपुर ,उधम सिंह मेमोरियल स्कूल ,डीडी विसेन डिग्री कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज मुरारी ,जेपी भार्गव हाई स्कूल मुरारी ,राजकीय इंटर कॉलेज रक्सा, महर्षि विवेकानंद हाई स्कूल राजपुर ,बालाजी आईटीआई पुनावली ,एस आई सी इंटर कॉलेज सिपरी ,जैकब इंटर कॉलेज सिपरी ,सरस्वती ज्ञान मंदिर रक्सा ,मदर सीता हंसारी जनसंपर्क किया। इस अवसर पर विधायक रवि शर्मा, विधायक राजीव सिंह पारीछा, महापौर रामतीर्थ सिंघल, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम के साथ सघन जनसंपर्क तथा डॉक्टर बाबूलाल तिवारी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की गई।।
इस अवसर पर डॉक्टर अनिल गौतम, ,राकेश शिवहरे ,आशीष तिवारी ,विशाल रैकवार ,प्रियांशु डे, डॉ रवि प्रकाश ,प्रोफेसर मनीष गुप्ता ,डॉ जितेंद्र नायक ,प्रोफेसर कुलदीप ,जगदीश परिहार ,डॉ बालमुकुंद अग्रवाल, , चित्रांग द्विवेदी, मनु सिंह, एसएस तिवारी, विनोद नायक, अशोक राजपूत, बृजेश मिश्रा, अतुल जैन बंटी, अजय वर्मा, अंकुर दिक्षित, यशपाल सिंह, देवेन्द्र दुबे, निलेश त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अनिल गोस्वामी, संजीव अग्रवाल लाला, रोहित गोठनकर, श्यामजी कृष्ण मिश्रा, प्रियांशु दे, अनुज निखरा, रोहित, सुरेंद्र विश्वकर्मा, शैलेंद्र सिंह, सहजेंद्र बघेल, विकास कुशवाहा, मनी सरदार, छत्रपाल राजपूत, देवेंद्र कंसाना, शशांक गुरनानी, वीरेंद्र सिंह, निशांत शुक्ला , अतुल जैन, निशांत वर्मा, राकेश गुप्ता, ओम बिहारी भार्गव, प्रदुमन दुबे, संजीव बुधौलिया, बृजेश गुप्ता, नरेंद्र पस्तोर, डॉक्टर बृजेश मिश्रा, एस एस तिवारी आदि लोग शामिल रहे।

बंगरा और बामौर के बीच होगा फाइनल

झाँसी। विवेक निरंजन मेमोरियल फाउंडेशन एवं विवेक खेल एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान मेंविवेक लेजन्ं फीचर्स प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन 2कॉलेज में खेला जा रहा है जिसमें प्रथम सेमीफाइनल बंगरा एवं गुरसरॉय के मध्य हुआ।
जिसके के मुख्य अतिथि हरगोविंद कुशवाहा राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त,कार्यक्रम अध्यक्ष जयदेव पुरोहित,कृष्णपाल सिंह राजपूत पूर्व विधायक बबीना,चंद्रकांत अवस्थी,प्रदेश संयोजक सिपक मैके, ज्ञानेंद्र कुमार विभाग संगठन मंत्री विद्यार्थी परिषद ,महेंद्र मड़गुआं,सुजीत तिवारी,सुदेश खटीक एवं डॉ एस के राय प्राचार्य बुन्देलखण्ड कॉलेज झांसी रहे।
पहले सेमीफाइनल में गुरसरॉय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15ओवर में 62 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई,बंगरा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवरों में 2 विकेट पर 63 रन का लक्ष्य आसानी से पूरा कर लिया।और बंगरा ने मैच अपने नाम क्या। मैन आफ़ द मैच ध्रुव पुरोहित रहे। दूसरा सेमीफाइनल मैच बामौर और बड़ागांव के मध्य हुआ,जिसमे टॉस बामौर ने जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जिसमें 20 ओवर में 8 विकेट पर 153 रन बनाए। 32 रन गुलाब ने और प्रशांत ने 22 रन बनाए,रवि यादव और रवि टाँकोरी ने 2,2विकेट के लिए.लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ागांव ने निर्धारित 20 ओवर में 149 रन बना पाये ।और 4 रन से बामौर ने मैच अपने नाम किया। मैन आफ़ मैच गुलाब सिंह रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरगोविंद कुशवाहा राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त, जयदेव पुरोहित, कृष्णपाल सिंह राजपूत पूर्व विधायक, चंद्रकांत अवस्थी, ज्ञानेंद्र कुमार महेंद्र मड़गुआं, सुजीत तिवारी,सुदेश खटीक, डॉ एस के राय प्राचार्य बुन्देलखण्ड कॉलेज, श्रीमती कंचन जायसवाल,सदस्य राज्य महिला आयोग,श्रीमती श्रीमती मीरा निरंजन,श्रीमती उषा सचान,श्रीमती स्वप्निल मोदी,श्रीमती मनीषा नरवरिया, श्रीमती उषा सेन रहीं। निर्णायक पोरस राजपूतऔर जब रवि कुशवाहा रहे। कमेंट्री अजय देवलिया,मनोज राय, रवि टाँकोरी ने की। इस अवसर पर डॉ बृजेश मिश्रा, राजेश पटेल,प्रशांत कुमार,रितुल त्रिपाठी,संतोष भार्गव,सौरभ निरंजन, संजय मिश्रा, नेतराम,आशिक अली, मनोज यादव,सोहन मिश्रा,पवन पटेल,अमित तोमर, रम्मू यादव,छोटू पटेल पिपरा,राजेंद्र वर्मा,गिरीश कुमार,नारायण राजपूतआदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक निरंजन मेमोरियल फाउंडेशन के सचिव रामकिशन निरंजन ने एवं आभार विवेक निरंजन खेल एकेडमी के अध्यक्ष निरंजन ने व्यक्त किया।

स्वच्छ विरासत अभियान के अंतर्गत लक्ष्मी ताल पर हुआ पतंग महोत्सव

बच्चों ने जमकर काटे एक - दूसरे के पेंच

झाँसी। प्रदेश के समस्त नगर निकायों में नगरीय सुविधाओं के स्तरोन्नयन एवं शहरों को सुंदर बनाने हेतु जनवरी 2023 से 100 दिवसीय " उत्तर प्रदेश वैश्विक नगर " अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है जिसके क्रम में कई छोटे छोटे जागरुकता अभियानों का समावेश है।
उक्त अभियानों में एक अभियान है- "स्वच्छ विरासत" । जिसके अंतर्गत प्रदेश के 75 पर्यटक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर अभियान की शुरुआत योजनाबद्ध प्रचार-प्रसार के साथ किया गया । इस अभियान के मे प्रदेश के समस्त पर्यटक और ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ धरोहर के रुप में स्थापित करने के साथ- साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। जिससे देश विदेश से आने वाले पर्यटकों पर प्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्थापित हो सके। साथ ही सभी पर्यटक और स्थानीय लोगों को स्वच्छता और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक किया जाना एवं " स्वच्छता परमो धर्म" के मूल सिद्धांत को निरंतरता देना है।
इसी क्रम में नगर निगम झांसी ने नगर आयुक्त पुलकित गर्ग के निर्देशन में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लक्ष्मीताल पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया । महोत्सव का शुभारंभ अपर नगर आयुक्त मो. कमर एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धीरेन्द्र गुप्ता ने पतंग उड़ाकर किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने जमकर पतंगबाजी की। महोत्सव में बड़ी संख्या में बच्चों ने बड़े के पेंच काटकर उत्सव बटोरी। स्वच्छता के दो रंग हरे - नीले की थीम पर इन्हीं रंग पतंगों को आसमान में उड़ाकर उत्सव मनाया गया। जिला जनकल्याण महासमिति झांसी एवं रानी झांसी फाउंडेशन झांसी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जहां स्वयं महोत्सव में प्रतिभाग किया वहीं समीपवर्ती लोगों को स्वच्छ विरासत की जानकारी देते हुए महानगर विरासत स्थलों को साफ सुथरा रखने में भागीदारी सुनिश्चित करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर जोनल सेनिटरी आफिसर रवि चंद्र निरंजन, सभी सफाई निरीक्षक एवं मुकेश ठेकेदार, माजिद अली, संजय दुबे, रीतेश परेता , बंटी कोष्टा, संदीप चावला, सतेंद्र कुमार तिवारी, मयंक पांडेय, आदर्श सूर्यवंशी, धीरज वर्मा, चाहत वर्मा,दीपांश गौड़,शुभम कुमार, सृजन तिवारी, प्रबल शाक्य, क्रिश कोष्टा,अमन शाक्य, दीपांशु पुरी,देव पुरी आदि ने बेहतरीन पतंगों का प्रदर्शन किया। अंत में सभी का आभार व्यक्त जिला जनकल्याण महासमिति झांसी के केंद्रीय अध्यक्ष डा जितेन्द्र कुमार तिवारी ने किया।

पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान: रिटायर्ड सीओ कल्याण सिंह यादव बने अध्यक्ष

झाँसी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव प्रथम, सचिव द्वितीय व कोषाध्यक्ष पद का चुनाव वोटों के आधार पर हुआ। इसमें सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक कल्याण सिंह यादव (अध्यक्ष), सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक अर्जुनलाल (उपाध्यक्ष), सेवानिवृत्त आशुलिपिक ओमप्रकाश रावत (महासचिव), सेवानिवृत्त कंपनी कमांडर रामकिशोर वर्मा (सचिव प्रथम), सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक विशेष श्रेणी (सचिव द्वितीय), सेवानिवृत्त निरीक्षक गनेशीलाल वर्मा (कोषाध्यक्ष) बनाए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक (नगर) राधेश्याम राय, प्रतिसार निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

कचरा प्रबंधन का सन्देश देने के लिए पतंग उत्सव का आयोजन, उड़ाए गए नीले-हरे पतंग

स्थानीय लोगों के साथ नगर निगम के अफसरों ने उड़ाया पतंग

सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग करने का दिया सन्देश

ऐतिहासिक झांसी किले के निकट नगर निगम ने किया आयोजन

झाँसी। कचरा निस्तारण और कचरा प्रबंधन से जुड़े अभियानों के प्रति आम लोगों को जागरूक बनाने के मकसद से सरकार कई तरह के अभिनव प्रयोग कर रही है। स्वच्छ विरासत अभियान के तहत ऐतिहासिक झाँसी किले के सामने शनिवार को पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। झाँसी नगर निगम ने गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने के लिए आम लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया। इस मौके पर शहर के लोगों को पतंग उड़ाने के लिए आमंत्रित किया गया और लोगों ने पतंग उड़ाने में अपनी हिस्सेदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के अफसर और कई सामाजिक संस्थाओं के लोग उपस्थित रहे। पतंग उत्सव में लोगों को उड़ाने के लिए नीले और हरे रंग के पतंग दिए गए। इस दौरान नगर निगम के अफसर भी पतंग उड़ाते नजर आये और लोगों को स्वच्छ विरासत अभियान से जुड़ने की अपील की। कचरे का बेहतर प्रबंधन कर ऐतिहासिक विरासतों की खूबसूरती भी बरकरार रखी जा सकती है, यह सन्देश देने के मकसद से झांसी किले के सामने यह आयोजन किया गया।
अपर नगर आयुक्त मोहम्मद कमर ने बताया कि पतंग उत्सव के माध्यम यह संदेश देना है कि लोग कूड़ा अपने घरों में अलग-अलग डस्टबिन में रखें और अलग-अलग करके डोर टू डोर वाली गाड़ियों को दें। अपनी विरासत को संभालने और सहेजने के लिए यह आवश्यक है कि कूड़े का बेहतर प्रबंधन और निस्तारण हो। हमने प्रयास किया है कि यथा संभव हरे और नीले रंग के पतंग का प्रयोग किया जाए। हरे रंग का बिन गीले कचरे के लिए और नीले रंग का डस्टबिन सूखे कचरे के लिए प्रयोग किया जाता है।

सार सुर्खियां

मुरैना स्टेशन पर तीसरी लाइन इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य संपन्न

झाँसी। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष के कुशल मार्ग–दर्शन में धौलपुर – वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी खंड के तीसरी लाइन को जोड़ने के साथ 13 जनवरी 23 को मुरैना स्टेशन पर पैनल इंटरलॉकिंग के स्थान पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग होने से ट्रेनों का सञ्चालन आसानी के साथ किया जा सकेगा । इस संस्थापन से 96 रूट की उपलब्धता होगी । इसके साथ ही 26 प्वाइंट मशीन जिसमें 16 मेन लाइन और 10 थर्ड लाइन पर , 21 मेन सिग्नल के साथ ही 04 कॉलिंग ऑन सिग्नल, साथ ही फ्यूज अलार्म सिस्टम भी लगाया गया है। इसके साथ ही ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए डाटा लॉगर भी उपलब्ध कराया गया है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ ही समपार फाटक संख्या 448A, 448B और 451 को सिक्योर गेट कम्युनिकेशन से भी जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन के अनेक कार्य भी संपन्न हुए जिससे रेल संचालन में पहले की अपेक्षा और बेहतर से संपन्न हो सकेगा । इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कम्प्यूटरीकृत सिग्नल प्रणाली है जिसमें गाड़ी के रूट को आसानी से बदला जा सकता है। इस प्रणाली की स्थापना से रेलगाड़ियों की समयबद्धता में सुधार के साथ संरक्षा भी बेहतर होती है I इससे पूर्व इस स्टेशन पर पैनल इंटरलॉकिंग की व्यवस्था थी।

टैक्सी चालकों को दिया गया प्रशिक्षण

झाँसी। परिवहन विभाग, झाँसी आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज परिवहन विभाग व यातायात विभाग के अधिकारियों द्वारा बस स्टैण्ड पर बस / टैम्पो टैक्सी चालकों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। परिवहन विभाग से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम हेमचन्द्र सिंह गौतम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं यात्री / मालकर अधिकारी दीपक सिंह द्वारा सही ढंग से वाहनों को चलाने एवं वाहनों को सही तरीके से पार्किंग के लिए भी जानकारी प्राप्त करायी गयी। सड़क पर लगने वाले जाम को रोकने के लिए भी बस / टैम्पो टैक्सी चालकों को जागरुक किया गया। लोगो को सुगम यातायात व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों के बारे में जानकारी दी गयी।

बिहार के शिक्षामंत्री का राष्ट्रभक्त संगठन ने फूंका पुतला, मुकदमा दर्ज करने की मांग

सनातन धर्म की आस्था से खिलवाड़ करने वाले जनप्रतिनिधियों का बहिष्कार करें सनातनी - अंचल अडजरिया

झाँसी। बिहार के शिक्षा मंत्री द्वारा श्रीरामचरितमानस की पंक्तियों पर दिये गये विवादित बयान से आक्रोशित होकर राष्ट्रभक्त संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा इलाइट चौराहा पर पुतला दहन करते हुए शिक्षा मंत्री के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने हेतु तहरीर दी गई। संगठन ने प्रशासन से बिहार के शिक्षा मंत्री के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।
शनिवार की सुबह राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अडजरिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने इलाइट चौराहा पहुंचकर बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का पुतला दहन किया। शिक्षा मंत्री द्वारा श्रीरामचरितमानस की पंक्तियों पर विवादित बयान देने के कारण राष्ट्रभक्त संगठन द्वारा विरोध जताया गया। केन्द्रीय अध्यक्ष अंचल अडजरिया ने शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के विरुद्ध नवाबाद थाना में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की। अंचल ने कहा कि श्रीरामचरितमानस की प्रत्येक पंक्ति मानव कल्याण करती है और बिहार के शिक्षामंत्री द्वारा उत्तर काण्ड में कही गई पंक्तियों का अपमान करते हुए सनातन धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है। अंचल ने कहा कि शिक्षामंत्री चन्द्रशेखर के वयान से हिन्दू धर्म की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने समस्त सनातन धर्मावलम्बियों से ऐसे जनप्रतिनिधियों का बहिष्कार करने की अपील की। इस दौरान सर्वेश पटेल, अर्पित शर्मा, राहुल, ध्रुव कुशवाहा, शैलेन्द्र राजपूत, शिवम, अभिषेक, सोनू रायकवार, आशुतोष, प्रिंस आदि पदाधिकारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में दागी कॉलेज नहीं बनेंगे केंद्र

झाँसी। इस साल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी मिली है। इसको लेकर प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के साथ शुक्रवार को बीयू अधिकारियों की लखनऊ में बैठक हुई। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए गए कि दागी कॉलेजों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। प्रमुख सचिव सुधीर एम बोबडे ने कहा कि परीक्षा केंद्र बनाते समय जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से भी फीडबैक लिया जाए। बैठक में पिछले साल परीक्षा कराने वाले बरेली विश्वविद्यालय के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। ऐसे में उन्होंने भी परीक्षा कराने के दौरान आईं कठिनाइयों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समय पर परीक्षार्थियों के हिसाब से पेपर पहुंचाने में विशेष सावधानी बरतनी होगी। कहीं पर भी कम पेपर पहुँचेगा तो समस्या खड़ी हो सकती है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में काफी अहम जानकारियां मिली हैं। इससे परीक्षा कराने में आसानी होगी।

शासन से मिले हैं ये निर्देश

- 10 फरवरी से 10 मार्च तक ऑनलाइन फॉर्म भरे जाएंगे।
- 20 से 25 अप्रैल तक परीक्षा आयोजित की जाएगी।
- 25 से 30 मई तक बीयू को रिजल्ट जारी करना होगा।
- एक से 25 जून तक काउंसलिंग चलेगी।
- एक जुलाई से शैक्षणिक सत्र शुरू कर दिया जाएगा।

जी-20 को लेकर विवि में होंगे कार्यक्रम

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने भी सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रकों के साथ बैठक की। इस दौरान मंत्री ने जी-20 पर विश्वविद्यालयों में जी-20, संगोष्ठी आदि का आयोजन करने के निर्देश दिए। ताकि, छात्र-छात्राएं इसको लेकर जागरूक हो सकें। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर भी प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा।

दैनिक भास्कर
04 रविवार, 15 जनवरी 2023 झांसी

उरई

अनुभव वह नहीं है जो आपके साथ घटित होता है, अपितु जो आपके साथ घटित होता है, उसका आप क्या करते हैं, वह अनुभव है।
-एल्डस लियोनार्ड हक्सले

युवक पर किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अविजय उर्फ अज्जू पुत्र अज्ञात उसकी 16 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। उसने बहुत खोजबीन की लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसकी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

5 लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दज

उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर निवासी रामकिशोर पुत्र भारत सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि रामू और अवधेश चतुर्वेदी निवासी पटेल नगर बंबी रोड और चार अन्य लोगों ने मिलकर उसके भाई राम बिहारी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जानमाल की धमकी देते हुए वहां से चले गए। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

गाली गलौज कर मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

कोंच। गांव के एक युवक व उसके मामा पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत की है।
कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी शानू पुत्र अशरफ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की रात करीब आठ बजे वह अपने घर पर बैठा था, तभी गांव का ही युवक व उसका मामा मोबाइल पर फोन कर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उसने गाली गलौज का विरोध करते हुए सामने आकर बात करने को कहा तो शनिवार की सुबह उक्त दोनों उसके घर पर आए और बगैर कोई बातचीत किए फिर से गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर वे दोनों जान से मारने की धमकी देकर चले गए। शानू ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

धराशाई हुआ 400 साल पुराना बरगद का दरख्त, कोटर से निकला अजगर

कोंच। विकास खंड कोंच के ग्राम किशुनपुरा में आबादी के ठीक बाहर सरकारी खलिहान की भूमि पर खड़ा लगभग चार सौ वर्ष पुराना बरगद का विशालकाय पेड़ शुक्रवार की देर शाम धराशाई हो गया। ग्रामीण इस विशालकाय पेड़ को हरिशंकरी के नाम से जानते और पूजते भी थे। इस विशालकाय दरख्त के धराशाई होते ही इसके नीचे बांबी में से करीब दस फीट लंबा और मोटा अजगर निकलने से ग्रामीणों में डर व्याप्त हो गया। गांव के मनोहर सिंह निरंजन ने बताया, यह अजगर बरगद के विशालकाय पेड़ के नीचे बनी बांबी में से आता जाता कई बार देखा गया है। अजगर से कभी भी किसी प्रकार की कोई हानि किसी को नहीं पहुंची है।

समाधान दिवस कुठौंद और उरई में एक एक समस्या का हुआ निस्तारण

- सर्द हवाओं के चलते समाधान दिवस में कम संख्या में आई शिकायतें

दैनिक भास्कर
उरई/ कुठौंद (जालौन)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस में उरई कोतवाली वाह कुठौंद थाना में सर्द हवाओं के चलते कम समस्याएं आएंगी जिसमें 11 समस्या का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा की हर फरियादी को प्राथमिकता देनी है। उनकी समस्या का हर हाल में निस्तारण करना उनका कर्तव्य है। इस दौरान उरई कोतवाली में अपर एसपी असीम चौधरी, एसडीएम राजेश सिंह तहसीलदार, क्षेत्र के सभी लेखपाल व कानूनगो मौजूद रहे। वही कुठौंद थाना में उप जिला अधिकारी सना अख्तर, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यदि ग्राम पंचायत अधिकारी के संबंध में कोई शिकायत आई है। या सफाई के संबंध में कोई शिकायत आती है। यदि आवास के संबंध में कोई शिकायत आती है।
यदि जल आपूर्ति के संबंध में कोई शिकायत आती है तो संबंधित कर्मचारी को अवगत करा कर उसे तत्काल निस्तारित किया जाता है। तहसील स्तर के समाधान दिवस में जिला अधिकारी, उप जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सहित कई आला अधिकारी मौजूद रहते हैं और समस्याओं का निस्तारण किया जाता है।

समाधान दिवस पर शिकायतों का निस्तारण करते अपर एसपी असीम चौधरी

उधार के रुपए मांगे तो पीट दिया गर्भवती महिला को

कोंच। उधार दिए रुपये मांगने पर एक व्यक्ति ने गर्भवती महिला को लात घूसों से पीट दिया। पिट रही अपनी मां को बचाने आई बेटी के साथ भी मारपीट कर दी। पूरा मामला लेनदेन का है, इस मामले में दूसरे पक्ष द्वारा भी कुछ दिन पहले पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था।
कस्बे के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी खुशबू पत्नी ब्रजेश ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मोहल्ले के ही मिठाईलाल ने अपना खुद का मकान बनवाने के लिए एक वर्ष पूर्व उसके पति से 50 हजार रुपए छह माह के लिए उधार लिए थे। समय बीत जाने के बाद भी वह रुपए नहीं लौटा रहा है। शुक्रवार की शाम करीब छह बजे वह खेत से मजदूरी कर अपने घर जा रही थी तभी रास्ते में मिठाईलाल को खड़ा देख उसने अपने रुपए मांगे। रुपए मांगे जाने से गुस्साया मिठाईलाल गाली गलौज करने लगा तो वह चुपचाप अपने घर चली आई।रात्रि लगभग 11 बजे मिठाईलाल अपनी पत्नी व बेटे के साथ उसके घर में घुस आया। पति की गैरमौजूदगी में वह लोग उसके साथ गाली गलौज कर लात घूसों से मारने पीटने लगे। मिठाईलाल ने उसके पेट में लात मार दी। गर्भवती होने के कारण उसे पेट में दर्द होने लगा और वह नीचे जमीन पर गिर पड़ी। उसे बचाने आई 17 वर्षीय बेटी के साथ भी मिठाईलाल के बेटे ने मारपीट की। शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए जिसके बाद उक्त लोगों ने घर में रखी टीवी सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया और फिर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घटना की सूचना उसने तत्काल ही यूपी 112 पीआरबी को दी थी। खुशबू ने पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मकर संक्रांति के पर्व पर यमुना नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की बुड़की

दैनिक भास्कर, कालपी। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कालपी के यमुना घाटों में हजारों श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान किया। मकर संक्रांति के दिन कॉल पीके पीला घाट बिहारी घाट एवं ढोडेश्वर घाट मैं दूर दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने यमुना के तट पर स्नान कर विधि विधान से पूजा पाठ किया तथा घाट पर आए गरीबों को वस्त्र एवं खिचड़ी का दान किया। वही घाटों पर प्रशासन के द्वारा टेंट लगाकर एवं अलाव जलाकर श्रद्धालुओं को ठंड से बचाने के लिए सभी उपायुक्त इंतजाम किए गए पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए वहीं समाज सेवी संगठनों के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए टेंट लगाकर खिचड़ी चाय आदि की व्यवस्था की गई ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजू पाठक के द्वारा ब्राह्मण समाज के कार्यालय में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया वहीं विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा विधायक कार्यालय में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया व्यापार मंडल कालपी के द्वारा मुख्य बाजार चौराहे पर भी टेंट लगाकर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया ब्राह्मण समाज के कार्यालय में खिचड़ी भोज के समय प्रमुख रूप से राजू पाठक ज्ञानेंद्र मिश्रा अवधेश बाजपेई हरिश्चंद्र दीक्षित एवं आशुतोष मिश्रा तथा विधायक कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी मनोज चतुर्वेदी रंजीत यादव आरिफ रजा श्याम यादव अरविंद राठौर रविंद्र सिंह तथा मुख्य बाजार चौराहे पर आयोजित खिचड़ी भोज में सुरेंद्र मिश्रा सुनील पटवा विजय शुक्ला लल्ला महाराज अंजू गुप्ता जीतू यादव राहुल मिश्रा आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रताड़ित करने पर लगाई थी दलित ने फांसी, पैंतीस दिन पुरानी घटना में सात पर रिपोर्ट

कोंच। करीब पैंतीस दिन पहले चंदुर्रा गांव में चालीस वर्षीय एक दलित ने फांसी पर लटक कर आत्महत्या सेंतमेंत ही नहीं कर ली थी बल्कि उसे इतना प्रताड़ित किया गया था कि उसे फांसी पर लटक कर जान देनी पड़ गई। इस प्रकरण में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और गैर दलित आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा निवासी अनिल कुमार अहिरवार पुत्र देवेंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पिता देवेंद्र कुमार को नरेंद्र सिंह, कृष्णपाल सिंह, कप्तान सिंह, कृष्ण गोपाल निवासीगण ग्राम चंदुर्रा, दयाराम निवासी चांदनी, संतराम निवासी इमलौरी व कन्हैयालाल निवासी दाढ़ी द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए प्रताड़ित किया और जमीन पर कब्जा मांगकर इतना दुष्प्रेरित किया कि उन्होंने 9 दिसंबर की देर शाम नीम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 306 व एससीएसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि चंदुर्रा निवासी 40 वर्षीय देवेंद्र अहिरवार उर्फ भोला पुत्र सदू अहिरवार ने 9 दिसंबर की देर शाम घर के ठीक पीछे लगे पेड़ पर मफलर का फंदा बना कर फांसी लगा ली थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। 10 दिसंबर की सुबह पेड़ पर उसका शव लटकता मिला था। बताया गया है कि उसके नाम करीब 5 एकड़ जमीन है और वह कर्ज में भी डूबा हुआ था।

विभिन्न संस्थाओं द्वारा मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण आज

कोंच। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के अवसर पर मनाए जाने वाले मकर संक्रांति के पावन पर्व पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा 15 जनवरी रविवार को खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अखिल भारतीय जुझौतिया महासंघ, सर्व ब्राह्मण समाज एवं राष्ट्रीय शिक्षक मंच के संयुक्त तत्वावधान में 15 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से चंदकुआं स्थित सुप्रसिद्ध भूतेश्वर महादेव मंदिर पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक अनिरुद्ध मिश्रा व प्रभुदयाल गौतम ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी देते हुए सभी नागरिकों से प्रसाद ग्रहण करने का आह्वान किया है। स्व. खुन्नीलाल मिठया मोक्षधाम सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार सुबह दस बजे से लवली चौराहे पर खिचड़ी प्रसाद एवं कंबलों का वितरण किया जाएगा।

तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

उरई। रेढर थाना क्षेत्र के उप निरीक्षक राकेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में घूम रहा है। तो उन्होंने मौके पर जाकर ज्ञान सिंह पुत्र मानसिंह निवासी सुलखना को एक तमंचा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

अरुण अध्यक्ष, आनंद बने वागीश्वरी साहित्य परिषद् के मंत्री

नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते वागीश्वरी के लोग

अरुण कुमार वाजपेयी दर्शन, आनंद शर्मा अखिल

कोंच। नगर की जानीमानी साहित्यिक संस्था वागीश्वरी साहित्य परिषद् का पुनर्गठन किया गया है जिसमें अरुण कुमार वाजपेयी को अध्यक्ष पद के साथ संस्था की कमान सौंपी गई है जबकि आनंद शर्मा अखिल को मंत्री बनाया गया है। निवर्तमान अध्यक्ष मोहनदास नगाइच के कार्यकाल की संस्था सदस्यों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। वागीश्वरी साहित्य परिषद् की आवश्यक बैठक आशीष कस्तवार के प्रतिष्ठान पर संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष मोहनदास नगाइच की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संस्था की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। हास्य कवि अरुण कुमार वाजपेयी को अध्यक्ष पद से नवाजा गया है, जबकि कवि आनंद शर्मा अखिल को मंत्री पद दिया गया है। नवीन कार्यकारिणी में उपाध्याय मयंक मोहन गुप्ता, उपमंत्री नंदराम स्वर्णकार भावुक, कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी सरल, ऑडीटर चंद्रशेखर नगाइच मंजू, मीडिया प्रभारी प्रमोद कस्तवार तथा कार्यकारिणी सदस्यों में ओंकार नाथ पाठक व रामूलाल स्वर्णकार को स्थान दिया गया है। इस दौरान आशाराम मिश्रा, सुनीलकांत तिवारी व प्रमोद कस्तवार को संस्था में नए सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी द्वारा आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

दो बहनों ने आपस में झगड़ा किया, इसके बाद एक ने फांसी लगाकर जान दे दी

कदौरा। थाना क्षेत्र के ग्राम मदरालाल पुर में दो बहनों का आपस मे मामूली सी बात पर झगड़ा हो गया तो एक बहन ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मदरालाल पुर निवासी जैन सिंह की दो पुत्रियां है जो आपस मे प्रेम पूर्वक रहती थी अंगूरी उम्र 19 वर्ष का बीती रात अपनी बड़ी बहन से मामूली सी बात पर झगड़ा हो गया जिसमें अंगूरी रात में घर से निकल गई और जंगल मे जाकर बबूल के पेड़ पर अपने दुपट्टे से फंदा लगाकर फांसी पर झूल गई जब काफी समय हो गया और अंगूरी घर पर दिखाई नही दी तो परिजनों ने उसकी खोज बीन शुरू की तो देखा कि घर से थोड़ी ही दूरी पर वह पेड़ पर लटकी थी परिजनों ने तुंरन्त पुलिस को सूचित किया और पुलिस ने मौके पर पहुचकर पेड़ से लटकते शव को नीचे उतारा और जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी उमाकान्त ओझा का कहना है कि रात के 11 बजे के लगभग सूचना प्राप्त हुई मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल की गई तथा शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है परिजनों के मुताबिक आपस मे दो बहनें लड़ गई जिसमें एक ने जान दे दी

5 वर्ष तक के बच्चो की जानलेवा बीमारियों का किया जायेगा टीकाकरण: सीएमओ

उरई जालौन। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उप्र के निर्देशानुसार जनपद के शहरी क्षेत्र में स्थापित चिकित्सालयों में दिनांक 15 जनवरी 2023 से जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय तथा शहरी क्षेत्र की सी०एच०सी में रविवार से शनिवार प्रतिदिन सुबह 08 बजे से दोपहर 2 बजे तक 0-5 वर्ष के बच्चों का 12 जानलेवा बीमारियों के लिये टीकाकरण किया जायेगा। तथा शहरी क्षेत्र की सी०एच०सी० में सोमवार को छोडकर प्रतिदिन चिकित्सालय कार्यावधि में टीकाकरण सत्र आयोजित किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० एन०डी०शर्मा ने बताया कि सभी चिकित्सालयों जिला पुरुष, महिला चिकित्सालय व शहरी क्षेत्र की सी०एच०सी में दिनांक 15 जनवरी 2023 से टीकाकरण सत्र आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला महिला/पुरूष चिकित्सालय शहरी सामु०स्वा०केन्द्र कालपी, कोंच, जालौन, माधौगढ, रामपुरा में रविवार से शनिवार प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक टीकाकरण आयोजित होंगे तथा समस्त शहरी प्रा०स्वा०केन्द्र कालपी, कोंच, जालौन, तुफैलपुरवा, बघौरा व उमरार खेडा में प्रत्येक सप्ताह 06 दिवसों, मंगलवार से रविवार तक टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। जिसमें जिला महिला / पुरुष एवं सभी सी०एच०सी०/ शहरी पी०एच०सी० के प्रभारियों को टीकाकरण आयोजन हेतु निर्देशित कर दिया गया हैं। जिसमें 0-5 वर्ष तक के बच्चों का अधिक से अधिक का टीकाकरण किया जायेगा। जनपद वासियों से अपील हैं कि 0-5 वर्ष तक के छूटे हुये बच्चों को सत्र स्थल पर ले जाकर टीकाकरण कराने का कष्ट करें।

पीएचसी कुठौंद का किया निरीक्षण अनुपस्थित पाये जाने पर मांगा जबाबः उरई जालौन। सीएमओ डॉक्टर एन डी शर्मा द्वारा पीएचसी कुठौंद का निरीक्षण 2 बजे किया गया मौके पर डाक्टर अरुण तिवारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय तक 49 रोगी देखे गए थे। डॉ अवनीश सचान आयुष फ़ार्मसिस्ट तूफैल वारिस आपरेटर विकास अनुपस्थित मिल। जिन्हें स्पस्टीकरण नोटिस जारी किया गया और उसके उपरान्त ही वेतन अहरित किया जाएगा। इसके साथ ही NQAS की तैयारियों की समीक्षा की गयी।
तो वहीं एच डब्लू सी आलमपुर एवं रूरा जैतिया में आयोजित स्वास्थ्य मेला का निरीक्षण भी किया डॉ फरान एवं भुवनेश कुमार उपस्थित मिले। रोगियों का परीक्षण कर रहे थे एवं एच डब्लू सी स्तर पर प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दे रहे थे एच डब्लू सी में सफ़ाई न मिलने पर सीएमओ ने नाराज़गी जताते हुए चेतावनी दी की नियमित रूप से साफ सफ़ाई कराये अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

सार समाचार

डंपर ने युवक को कुचला मौके पर युवक ने दम तोड़ा, हाईवे पर हुआ हादसा

दैनिक भास्कर, उरई। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुलौली निवासी मजहर बेग 32 वर्ष अपने परिवार के साथ कस्बा कालपी के मोहल्ला हरी गंज में रहता था जो रोजाना सुबह के वक्त मॉर्निंग वॉक को जाया करता था। जिसके चलते शनिवार तड़के भी वह मॉर्निंग वॉक के लिए कालपी यमुना पुल की ओर जा रहा था। इस दौरान जब वह लक्ष्मीबाई पार्क के पास से गुजर रहा था तभी तेज रफ्तार डंपर ने उसे कुचल दिया जिसमें मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हाइवे किनारे स्थित बौरे टी स्टॉल वाले ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद मृतक के परिजन मौके पर पहुँचे व उनका रो रोकर हाल बेहाल हो गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाइयों उस्मान व मासूम सहित पिता मकसुम बेग का रोरोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम हाउस में उन्होंने बताया कि मजहर प्रतिदिन सुबह टहलने जाता था, उसकी शादी अभी नहीं हुई थी। उसकी मौत से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया और उसके घर के बाहर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गये।

गरीब असहाय, निर्धनों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्यकार्य नही है- गौरीशंकर वर्मा

जालौन। समाजसेवी पूर्व सभासद कमलाकांत दोहरे द्वारा मकर संक्रांति की पूर्व सन्ध्या पर अपने नाना श्रद्धेय बालाप्रसाद दोहरे की स्मृति में के0के0 बिल्डिंग मैटीरियल हाउस मुहल्ला दलालनपुरा ओरैया रोड जालौन स्थित प्रतिष्ठान पर गरीब, असहाय एवं निर्धन लोगो को 251 कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए गौरीशंकर वर्मा विधायक उरई सदर ने कहां कि गरीब, असहाय, निर्धनों एवं बंचितो की सेवा करने से बड़ा कोई पुण्यकार्य नही हो सकता है, उन्होंने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने भी हमेशा असहाय एवं बंचितो के लिये संघर्ष किया और उनको अधिकार दिलाये में भी उसी मुहम को आंगें बढ़ाता रहूँगा। उन्होंने समाजसेवी कमलाकांत दोहरे एवं उनके बड़े भाई रमाकांत दोहरे को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे भाई सभी जगह हो तो कभी भी कोई गरीब अपने आपने आप को असहाय महसूस नही करेगा। गिरीश गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जालौन, रमाकान्त दोहरे ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व सभासद मलखान सिंह दोहरे, भगवान दास भगत, अरविन्द राना, के0जी0संतोष कुमार, छोटेलाल पूर्व फार्मासिस्ट, रमेश फौजी,राजेन्द्र प्रसाद, राकेश नंन्हे,अशोक फौजी,संतोष जाटव,अरविंद राठौर, दिनेश प्रजापति, डॉ0 घनाराम चौधरी, हरिकृष्ण दोहरे, गोविन्ददास, गोपीचरण, बादशाह सिंह, धीरज कुशवाहा, द्वारिका बाबा, शंकर बाबा, बृजमोहन विश्वकर्मा, लाखन सिंह,योगेंद्र कुमार, एम0पी0 सिंह, कुलदीप, अनिल दोहरे, पुष्पेंद्र कुमार, अंशुल, आशु दोहरे सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गिधौसा के पडवारी मे श्रीरामकथा का आयोजन 22जनवरी से

जालौन। श्री रामकथा का आयोजन 22जनवरी से ग्राम गिधौसा के पडवारी मे किया जायेगा जिसमे पं अमित कुमार तिवारी के श्रीमुख से संगीतमय कथा श्रवण कराई जायेगी उक्त जानकारी आयोजक संतोषदास तथा रामदास महाराज ने संयुक्त रुप से दी। आयोजको ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम गिधौसा के पडवारी पर श्री राम कथा का नौ दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जो 22 जनवरी सेशुरु होगा श्री राम कथा पं श्री अमित तिवारी के श्रीमुख से संगीतमय कथा का रस पान कराया जायेगा तथा श्रीराम कथा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन 1 फरवरी को किया जायेगा।

शीत लहर तथा सर्दी से शनिवार को लोग घरो मे दुबकने को मजबूर रहे

जालौन। अचानक शनिवार को सुबह से ही सर्द हबाओ तथा शीत लहर ने लोगो को घरो मे दुबकने को मजबूर कर दिया पूरे दिन सूर्य भगवान के दर्शन न होने लोग कापते नजर आये। शनिवार को सुबह से ही सर्द हवाएं तथा कोहरे से बढ़ रही सर्दी से पशु पक्षी आम जनजीवन बेहाल रहे तो वही लोग सर्द और शीतलहर से कापते नजर आए तथा मजबूरन अपने घरों में दुबके रहे। बाजार में सर्द हबाओ के चलते सन्नाटा पसरा रहा। मकर संक्रांति का पर्व होने पर लोगों ने कहीं खिचड़ी तो कहीं चाय वितरण कर लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया। ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव ना जलाए जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग अधिक बेहाल देखे गए। नगर में अलाव आदि की व्यवस्था होने से कुछ राहत महसूस की गई। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लोग घरों से नहीं निकल पा रहे थे।

आवश्यक दस्तावेजों को बनवाने के लिए दर-दर भटक रहे ग्रामीण

दैनिक भास्कर, कुठौंद जालौन। ब्लॉक कुठौंद के अंतर्गत आने वाले समस्त गांव में ग्रामीण ब्लॉक का चक्कर लगा लगा कर काफी परेशान हो गए हैं। बताया जाता है कि ब्लॉक कुठौंद में 67 ग्राम पंचायतेंआती हैं ।जिसके उपरांत सभी गांवों में सचिवालय बिना कोई काम के चल रहे हैं। और कई ग्राम पंचायतें अभी पंचायत सहायक की नियुक्ति होने से वंचित है। सचिवालय में केवल पंचायत सहायकों की तैनाती कर उन्हें कोई भी काम नहीं दिया जा रहा है जिससे ग्रामीण ब्लॉक का चक्कर लगा लगा कर थक चुके हैं हरसिंह पुर निवासी संतोष ने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 2 महीने से ज्यादा हो गया है। लेकिन अभी तक बना नहीं है। सिरसा कलार के सुरेश भास्कर ने बताया कि बच्चे को मृत हुए 1 साल से ज्यादा हो गया है। कोर्ट में तारीख चल रही है मृत्यु प्रमाण पत्र मांग रहे हैं 3 महीने का समय बीत जाने पर भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना है। लालाराम निवासी छानी अहीर ने बताया कि वृद्धा पेंशन हेतु आवेदन करवाया था। लेकिन ब्लॉक में फार्म जमा करने आते हैं तो ब्लॉक में अधिकारी गांव के पंचायत सहायक को फार्म देने को बोल देते हैं 7 महीने से ज्यादा समय बीत गया है ।लेकिन फार्म अभी तक जमा नहीं हुआ है।

लोकेशन माफियाओं के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत

कालपी। कालपी कोतवाली पुलिस ने बीते दिवस पकड़े गए लोकेशन माफिया पर एआरटीओ के प्रवर्तन सिपाही की शिकायत प्रार्थनापत्र पर एक आरोपी के विरुद्ध बीती रात्रि संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस की इस कार्यवाही से हडकंप मच गया है। मालूम हो कि बीती 13 जनवरी को स्थानीय प्रशासन द्वारा कुछ लोकेशन माफिया पकड़े थे। जिन पर एआरटीओ के प्रर्वतन सिपाही नरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 धनीराम निवासी विशम्भरपुर थाना गुरूसरायगंज जिला कन्नौज ने 14 जनवरी की रात्रि कालपी कोतवाली में दर्ज कराये गये अभियोग में बताया कि उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देशानुसार सम्भागीय परिवाहन अधिकारी 11 जालौन के सिपाही वह स्वंय व चालक नरेन्द्र कुमार कुशवाहा शाम 5 बजे करीब जोल्हूपुर मोड़ से कदौरा रोड पर ओवरलोड ट्रक चैकिंग कर रहे थे कि उसी दौरान कुछ दूरी पर खड़े एक व्यक्ति द्वारा लोकेशन देने की आवाज सुनाई पडी तथा उसे पास में बुलाकर पूछा तो उसने अपना नाम अनिल कुमार यादव पुत्र राम आसरे यादव निवासी दरगंवा अकबरपुर कानपुर देहात बताया तथा वह जगराम सिंह यादव का मुनीम है तथा वह उनकी गाड़ियों को लोकेशन देकर निकालता है जब उसे पकडने का प्रयास किया तो धक्का मारते हुये यह कहते हुये भाग गया जो करना हो कर लेना। कोतवाली पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार यादव के विरुद्ध धारा 332 व 353 आईपीसी के तहत सरकारी अधिकारियों की लोकेशन देने तथा राजस्व की क्षति पहुचाने के मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्रशासन की इस कार्यवाही से लोकेशन माफियाओं में हडकम्प मच गया है।

सौभाग्य और दुर्भाग्य मनुष्य की दुर्बलता के नाम है। मैं तो पुरुषार्थ को ही सबका नियामक समझता हूँ। पुरुषार्थ ही सौभाग्य को खीच लाता है।
-जयशंकर प्रसाद

थाना समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्यायें

महोबा (भास्कर ब्यूरो) । मनोज कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली महोबा में व पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह की अध्यक्षता में थाना खन्ना व थाना कबरई में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं ।

जैतपुर ऐतिहासिक मकर संक्रांति मेला का हुआ भव्य शुभारंभ

बेलाताल (महोबा)। जैतपुर कस्बे का मकर संक्रांति पर्व पर लगने वाला चौदह दिवसीय ऐतिहासिक मेले का शनिवार से शुभारंभ हो गया। मेले का ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत,कुलपहाड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। बताते चले मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी से शुरू होने वाला यह मेला वर्ष 1931 से लेकर 2021 तक लगातार लगता चला आ रहा है। पिछले वर्ष कोरोना को गाइड लाइन के चलते 2022 में इस मेले को सासन द्वारा रोक लगा दी गई थी। पुनः इस वर्ष मकर संक्रांति ऐतिहासिक मेले की शुरुआत हो गई है। वही श्री रघुनाथ मंदिर के प्रबंधक पंडित श्यामसुंदर अरजरिया द्वारा बताया गया कि यह ऐतिहासिक मेला सन 1931 में पंडित हरप्रसाद अरजरिया व चौधरी स्वामीप्रसाद अग्रवाल के द्वारा ब्रिटिश शासन काल के तत्कालीन गवर्नर से उदघाटन कर लगवाया गया था। उसी समय से मकर संक्रांति का मेला लगता चला आ रहा है। जो यह मेला श्री रघुनाथ जी मंदिर प्रांगण में लग रहा है। पिछले वर्ष कोरोना काल के समय दुकानदारों को सही सूचना न देने के कारण दुकानदारों को मायूस होकर लौटना पड़ा था अंतिम समय तक दुकानदारों को गुमराह किया जाता रहा और जनप्रतिनिधि मौके पर भी नहीं रहे। जिसकी लोग आज चर्चा कर रहे हैं और इस बार भी शुरुआत में काफी अव्यवस्था रही। उन्होंने कहा की कई दुकानदारों से धन उगाही की भी बात की गई जबकि इस ऐतिहासिक मेला में आज तक किसी प्रकार का कोई शुल्क किसी भी ग्राम प्रधान द्वारा नहीं लिया गया क्योंकि यह एक स्थानीय मेला है और यह मंदिर की सहनभूमि पर लगता है इसमें कई गरीब दुकानदार एक वर्ष से इस मेला के लिए आस लगाए बैठे रहते हैं और बड़े उत्साह के साथ जैसे ही मकर संक्रांति का अवसर आता है अपना सामान लेकर भीषण ठंड में रात गुजारते हैं और इस महापर्व का खुशी खुशी आनंद उठाते हैं। इस बार मकर संक्रांति मेला के लगने की खबर से क्षेत्र वासियों के चेहरे खिल उठे हैं और उत्सुकता भी देखी जा रही है। मेला में ब्रेक डांस, बड़ा झूला, मिकी माउस सहित कई बाहरी दुकानें भी सज चुकी है। मेले में एक अस्थाई पुलिस चौकी बनाई गई है और मेले के मुख्य स्थानों में सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि अराजक तत्वों पर नजर रखी जा सके और मेला सकुशल संपन्न हो सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान छोटेलाल, उमाशंकर मिश्रा, भरत त्रिपाठी, डाक्टर कौशल सोनी, रहीम बक्स, दिनेश गोस्वामी, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक रावत, जगत सिंह, अखिलेश वर्मा, महेंद्र कुमार तिवारी,नारायण अग्रवाल, चौकी प्रभारी विनोद सिंह, दिनेश सिंह चंदेल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिन

गुरसरांय। मडोरी स्थित वृद्धा आश्रम में बेजेपी की जिला उपाध्यक्ष गीता श्रीवास्तव की नातिन का जन्म दिवस यहां रहने वालो के साथ मनाया गया और फल मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव ने कहा की यहां निवास करने वाले बुजुर्ग अपनो से दूर है इस लिए हम लोगो ने नातिन का जन्म दिन इन सभी के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया एवम अन्य लोगो को भी इस प्रकार का आयोजन यहां आकर करने चाहिए। जिससे यहां रहने वालों को अपनो की कमी का अहसास न हो आगे भी समय समय हम लोग हर शुभ अवसर पर आते रहेंगे। इस मौके पर आरना श्रीवास्तव के दीर्घ आयु की कामना करते हुए विटिया को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर कृष्ण कुमार श्रीवास्तव,नितिन मोदी, सन्दीप श्रीवास्तव, सोम मिश्रा,एकता श्रीवास्तव,कुलदीप खरे, अतुल कुमार, आश्रम व्यवस्थापक जितेंद्र व्यास उपस्थित रहे वही घर पर सुंदर कांड का आयोजन किया गया जिंसमे विश्व शांति ओर समस्त लोगो के जीवन की उन्नन्ति की कामना की गई।

स्वास्थ शिविर का आयोजन, 90 लोगों को हुआ स्वास्थ परीक्षण

बबीना। बबीना टोल परियोजना प्रमुख अनिल कुमार शर्मा के निर्देश अनुसार आज बबीना टोल प्लाजा पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ बबीना स्वास्थ्य समुदाय केंद्र के अधीक्षक डॉ अंशुमान तिवारी एवं उनके सहयोगी डॉक्टर ने किया सड़क पर चल रहे गाड़ी चालक को रोककर उन्हें सड़क सुरक्षा के बारे में समझाया गया। एवं उनकी मुक्त जांच कराई गई ऑक्सीजन पल्स बी पी एवं अन्य शरीर से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया गया एवं लोगों को मुफ्त दवा भी वितरण की गई कार्यक्रम में लगभग 110 लोग मौजूद रहे इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ वाहन चालक एवं आसपास के लोगों को लाभ मिला भारत सरकार के निर्देशानुसार जन-जन तक पहुंचाने का काम झांसी ललितपुर टोल वे लिमिटेड गाड़ी चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा का सेवन नहीं करना है शरीर को स्वस्थ रखना है इन्हीं प्रयासों को करते हुए। ऐसे नित्य नए कार्यक्रम झांसी ललितपुर टोल वे लिमिटेड के द्वारा किसी ना किसी प्रकार से समाज को जागरूक किया जा रहा है सड़क पर हो रही दुर्घटना इनको कम करने की कोशिश में नित्य प्रयास किए जा रहे हैं अगर सड़क हादसे में किसी भी व्यक्ति को क्षति होती है तो कहीं ना कहीं उसका असर उसके पूरे परिवार पर पड़ता है इस दौरान डॉ देवेन्द्र शर्मा डॉ.नीलम लता आनंद ,डॉ प्रमोद कुमार,डॉ उमकांत अग्रवाल ,डॉ रीशू सिंह और उनकी टीम मौजूद रही इस कार्यक्रम मे टोल प्लाजा प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह व प्रबंधक विजय कौशिक जी और उनकी टीम व टोल कर्मी आकाश कुमार, राहुल, विकाश रंजन, अंकित कुमार, अभिषेक, विकाश, भूपेंद्र, प्रमोद सहित सभी टोल कर्मी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहिरियों(चौकीदारों) को वितरित किये गये कम्बल

महोबा (भास्कर ब्यूरो) । पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह द्वारा थाना खन्ना का भ्रमण किया गया जिस दौरान वहां मौजूद ग्राम प्रहिरयों (चौकीदारों) से पुलिस अधीक्षक द्वारा संवाद स्थापित किया गया व उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी, इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम प्रहिरियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराते हुये उनके गांव में होने वाली प्रत्येक छोटी/बड़ी घटना की सूचना थाने में दिये जाने के निर्देश दिये गये जिससे थानाक्षेत्र में शान्ति/कानून व्यवस्था बनी रह सके ।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा मकर संक्रान्ति पर्व की शुभकामनायें दी गयी गयी साथ ही शीत ऋतु के दृष्टिगत ग्राम प्रहरियों(चौकीदारों) को कम्बल वितरित किये गये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, थानाध्यक्ष खन्ना उपेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे ।

चरखारी कोतवाली में किया गया संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन

चरखारी (महोबा)। चरखारी कोतवाली में आज शासन की मंशा के अनुरूप अपर पुलिस अधीक्षक आरके गौतम की अध्यक्षता एवं उप जिलाधिकारी चरखारी श्वेता पांडे की उपस्थिति में कोतवाली चरखारी में संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, मकर संक्रांति पर्व एवं अत्यधिक सर्दी की वजह से आज कोतवाली चरखारी में आयोजित संपूर्ण थाना समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, अपर पुलिस अधीक्षक आरके गौतम एवं उप जिलाधिकारी चरखारी श्वेता पांडे द्वारा आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनने के उपरांत समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही शिकायतकर्ता की शिकायत निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से बात करके फीडबैक लिए जाने के लिए भी निर्देशित किया गया जिससे शिकायतकर्ता की शिकायत का संतोषप्रद निस्तारण हो सके,आज के थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस के तहसील स्तरीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

अध्यात्म की अद्भुत मिशाल कायम करने वाले युवा शक्ति के प्रेरक स्वामी विवेकानंद जी: बी के कविता दीदी

गुरसरांय। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा गुरसराय आजादी के अमृत महोत्सव एवं युवा शक्ति के प्रेरक स्वामी विवेकानंद जयंती पर पोस्टर एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे, बड़े सभी युवाओं एवं बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राजयोग मेडिटेशन से हुई तत्पश्चात केंद्र प्रभारी बी के कविता दीदी ने कहा युवा पीढ़ी जो कि देश का भविष्य है, अगर अपनी सकारात्मक शक्ति को विश्व में शांति स्थापन करने में लगाती हैं तभी इस विश्व का भविष्य उज्जवल होगा। किन्तु दुर्भाग्य है आज अधिकतर युवा पीढ़ी व्यसन एवं फैशन के अधीन हो रहीं हैं, नकारात्मक शक्तियों के प्रभाव में आ रही हैं। बी के चित्रा दीदी ने उपस्थित सभी से कहा हम बचपन से ही स्वयं को अध्यात्म से जुड़ने के लिए प्रेरित करे क्योंकि जितने भी हमारे देश में महान आत्मायें हुई है वो अपनी नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से सशक्त और संपन्न थी। इसी बीच सभी ने स्नेह पुष्पांजलि अर्पित की एवम प्रतियोगिताएं संपन्न करायी गयी। बी के कल्याणी बहन द्वारा आभार व्यक्त कर एवं प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया l इस दौरान उपस्थित रहे ।प्रहलाद परिहार, गोविंद दास बिलैया, राघव गुप्ता, वैभव अग्रवाल, डॉली अग्रवाल, वैष्णवी, पलक अग्रवाल, आराध्या गुप्ता, मणि गुप्ता, अनमोल गुप्ता, राधा, रामा, नीलम, गायत्री, गौरी, परी, इंद्रा, कल्पना, अंजू, नीलम गुप्ता आकृति, प्रदीप कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा इत्यादि।

बंगरा ब्लॉक के लुहारगांव में हुई किसान पंचायत

बंगरा। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव नारायण सिंह परिहार के नेतृत्व में आज जनपद झांसी ब्लाक बंगरा के गांव लुहरगांव मैं विशाल किसान पंचायत हुई जिसमें समस्याओं को लेकर किसान गरजे। किसानों ने पंचायत में चिंतन मंथन करते हुए अपनी अपनी पीड़ा व्यक्त की किसानों ने बताया साहब लूहर गांव में गौशाला ना होने से यहां पर लगभग 400 छुट्टा जानवर विचरण कर रहे हैं रात दिन खेतों में घुस रहे हैं फसलों को नहीं बचा पा रहे सरकार ने अभी तक लूहरगांव में कोई गौशाला का निर्माण नहीं कराया अन्ना जानवरों से अब फसलों को बचाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो गया है ।साहब बड़ी मेहनत से इस कमरतोड़ महंगाई में महंगी लागत लगाकर खेतों में चना मटर राई गेहूं की फसल बोई हुई है फसने तैयार हो रही है लेकिन साहब फसल बच जाए अब भगवान ही मालिक है रात दिन खेतों में झोपड़ी बनाकर फसलों की रखवाली कर रहे हैं थोड़ी सी चूक होने पर अन्ना जानवर खेतों में घुसकर फसलों को साफ कर देते है लूहरगांव का कोरियन मोहल्ला जहां पर 100 केवी का ट्रांसफार्मर 6 दिनों से फूंका पड़ा है 4000 की आबादी अंधेरे में डूबी हुई है ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया बड़ी समस्या खड़ी है कोई सुनने वाला नहीं है। साहब इसके पहले खरीफ फसल नष्ट हुई थी जिसका मुआवजा बीमा क्लेम नहीं मिला है तहसील व लेखपालों के चक्कर लगा लगा कर थक गए हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही है पंचायत में आज सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया गांव में गौशाला निर्माण 15 दिनों में नहीं होता तो ब्लॉक बंगरा का घेराव किया जाएगा। साथ में 48 घंटे में विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो विद्युत विभाग मऊरानीपुर का घेराव किया जाएगा। 1- किसान गोरेलाल ने बताया साहब खेतों में झोपड़ी बनाकर रात दिन पड़े हैं फिर भी अन्ना जानवर खेतो घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं मेहनत डूब रही है गांव में गौशाला नहीं है फसल कैसे बचेगी भगवान मालिक है। सुध लेने वाला कोई नहीं है किसानों की समस्याओं का निराकरण ना होने पर यूपी किसान कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी। पंचायत में प्रमुख रूप से रामेश्वर प्रसाद दिनकर भगवानदास दिनकर रामनरेश यादव सतीश ककोरिया मुन्ना लाल फतेहपुरिया गणेश काकोरिया विजय सिंह अशोक चंदेरिया अजय ककोरिया विक्की ककोरिया अर्जुन कानपुर वाले खेमचंद फुंदी लाल रब्बू वंसकार सोनू ककोरिया जितेंद्र ककोरिया रतन चंद्र आर्य गणेश कुशवाहा प्रभु दयाल कुशवाहा मुन्ना लाल कुशवाहा बिहारी सिंह तोमर नत्थू सिंह तोमर काशीराम कुशवाहा भगवान दास कुशवाहा गौरी शंकर कुशवाहा राकेश कुशवाहा जगदीश कुशवाहा संतोष रोशन ककोरिया बसु ककोरिया रामदयाल आर्य धर्मेंद्र आर्य घनश्याम आर्य गोपाल आर्य बृज बिहारी परशुराम कुशवाहा संतोष कुशवाहा नंदराम सिंह खंगार शेखर राज बडोनिया रामाधार निषाद प्यारेलाल बेधड़क विनोद झा गोर लाल गोविंददास पन्नालाल मुन्नालाल हनुमत रानीपुर सहित सैकड़ों किसान महिलाएं उपस्थित रहे।

मनरेगा के जॉब कार्ड मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराएं जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार

गुरसराय। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद के निर्देशानुसार विकासखंड गुरसराय सभागार में ब्लॉक सभा का आयोजन जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें गुरसराय ब्लॉक की 72 ग्राम पंचायतों मैं चल रहे मनरेगा के कार्यों का ब्लॉक सभा में निरीक्षण किया गया सर्वप्रथम जिला विकास अधिकारी ने सभी ग्राम के ग्राम पंचायतों के विकास अधिकारियों से व रोजगार सेवकों से ग्राम पंचायतों की जानकारी ली जिला विकास अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में मनरेगा जॉब कार्ड धारकों को मजदूरी के भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही की जाती है तो तो दोषियों के विरूद्ध विभागीय कानूनी सख्त कार्यवाही की जाएगी कार्यस्थल पर आय व्यय का लेखन होना चाहिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह की 1 तारीख को ग्राम पंचायत में रोजगार दिवस का आयोजन किया जाना चाहिए प्रधानमंत्री आवासो में कार्य शत प्रतिशत होना चाहिए वहीं पर खंड विकास अधिकारी गुरसराय राहुल मिश्रा ने कहा की सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्यों को प्राथमिकता से कराएं जॉब कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्ध कराएं और किसी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत कार्यालय में सूचना दे और जहां पर प्रधानमंत्री आवास हो कि तीनों किस्त पहुंच चुकी हैं फिर भी जिन लोगों को मिल चुकी हैं उनके आवास पर वरीयता पर पूर्ण कराएं अगर ऐसा कोई व्यक्ति पाया जाता है जिसके पास तीनों किस्त पहुंच गई और आवास तैयार नहीं है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें वही पर जिला सोशल कोऑर्डिनेटर कोमल सिंह ने कहा कि शासन की मंशा है सोशल ऑडिट पारदर्शिता के साथ किया जाए जिससे पात्र लोगों को शासन की योजना का लाभ मिल सके इस मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर महेंद्र सिंह गुरसराय लता बर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बामोर विशाल ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मऊरानीपुर जितेंद्र कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बगरा बीआरपी अब्दुल हक बीआरपी चंद्रपाल सिंह बीआरपी शैलेंद्र बादल टीम सदस्य मीरा जगदीश सोमवती उर्मिला पहलाद राजपूत लीला कुसुमा अशोक कुमार मलखान सिंह लक्ष्मी आनंद सिंह देशराज जमुना देवी रामप्रकाश सलीम खान मंसूरी जमुना प्रसाद सहित ब्लाक के ग्राम पंचायत अधिकारी टेक्नीशियन रोजगार सेवक बा टीम सदस्य उपस्थित रहे।

सार सुर्खियां

कुछ लोगों को मकर संक्रांति पर्व बना मुसीबत, दो लोगों हुए सड़क दुर्घटना में घायल

समथर। कुछ लोगों को मकर संक्रांति एवं शनिवार परेशानी लेकर आया।थाना क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया । नगर के चुंगी नाका के समीप एक ट्रक की टक्कर लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया । नगर के मोहल्ला कटरा निवासी संतोष सिंह उम्र 50 वर्ष खेत से अपने घर वापस आ रहा था तभी चुंगी नाका के समीप मोठ की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक UP 75 AT 7171 ने उसको टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन राहगीरों ने पुलिस डायल 112 को सूचना दी गई। दूसरी ओर से आ रही एम्बुलेंस से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समथर ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया । पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम साकिन एक कार की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम करगुआं निवासी रुपेश शाक्य कार नम्बर यूपी 93 ए एच 5664 से अपनी पत्नी के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम करई ममेरी ससुराल जा रहा था। ग्राम साकिन के समीप कार से विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे मोटरसाइकिल चालक ग्राम साकिन निवासी प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया। हालत गंभीर होने पर घायल को झांसी के लिए रेफर कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को दी मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनायें

महोबा (भास्कर ब्यूरो)। मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह द्वारा वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से संवाद करते हुये सभी को मिष्ठान वितरण किया गया व मकर संक्रान्ति पर्व की शुभकामनायें दी गयी, पुलिस टीम द्वारा इस महत्वपूर्ण पर्व को अपने घर पर न मना पाने के गम को दूर किये जाने का प्रयास किया गया, इस प्रयास से उनके चेहरे खिल उठे और अपनत्व महसूस करते हुये भावुक हो अपनी कांपती हुयी उंगलियों से पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आर.के. गौतम, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं कार्यालय हर्षिता गंगवार व क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय मौजूद रहे।

पांच शिकायती पत्रों में से तीन का हुआ समाधान

समथर। नगर के थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें कुछ क्षेत्रीय लेखपालों की अनुपस्थिति से कुछ फरियादियों को मायूस होकर घर लोटना पड़ा। समाधान दिवस में पांच शिकायती पत्र आए। जिनमें तीन का समाधान कर दिया गया है। इस मौके पर सदर लेखपाल राजीव कुमार, अवनीश कुमार, विजय बाबू ,प्रतिभा नामदेव, इरम परवीन सहित नगरपालिका से अनिल कुमार मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस में मात्र 5 शिकायती पत्र आए। जिनमें से तीन का निस्तारण कर दिया गया है। बता दें कि कस्बा के वार्ड नंबर 14 निवासी रवि कांत आदि ने शिकायती पत्र देकर बताया कि कस्बा के शिव मंदिर पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जिस पर लेख पर राजीव कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच की गई। जिसमें उन्होंने बताया। कि आबादी बनी हुई है। वर्तमान में कोई नया निर्माण नहीं हुआ है। अस्थाई तीन सेट बना हुआ था। जिसे हटा दिया गया है। पास में भूरे पुत्र बादाम सिंह को अवगत कराया गया। कि आप अपने साक्ष्य प्रस्तुत करें। वहीं उन्होंने कहा कि उक्त मामला नगर पालिका सीमा में है। वही कस्बा के महेश बाबू स्वर्णकार ने शिकायती पत्र देते हुए बताया। कि मौजा समथर के गाटा संख्या 175 एवं 180 जो चकरोड के नाम से दर्ज है। जिसमें कुछ लोगों द्वारा चकरोड पर फसल बोकर कब्जा कर लिया है। जिसमें लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर पुलिस टीम के साथ जांच की गई। जिसमें बताया गया। कि वर्तमान फसल बोई गई है। फसल कट जाने के बाद पैमाइश कर चकरोड कब्जा मुक्त करा दिया जाएगा। वही कस्बा के राम प्रकाश द्वारा बताया गया। कि साकिन रोड़ पर श्मशान घाट में भीषण गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिसे नगर पालिका द्वारा तत्काल साफ सफाई करा दी गई है ।थाना अंतर्गत ग्राम बनाया निवासी माया राम ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि आवासीय जमीन पर कब्जा कर लिया है। हालांकि लेखपाल के ना होने की वजह से फरियादी मायाराम की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

गरीब असहाय बुजुर्गों की सेवा करते थानाध्यक्ष खरेला

खरेला (महोबा)। मकर संक्रांति पर्व के पूर्व थानाध्यक्ष खरेला गणेश कुमार गुप्ता ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए समाज को बेहतर संदेश दिया खाकी बाहर से जितनी सख्त है। तो वह अंदर से उतने ही नरम है और ऐसी ही मिशाल एक बार फिर थानाध्यक्ष खरेला ने पेश कर समाज को बेहतर संदेश दिया ।खरेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरीब बुजुर्गों असहाय है वृद्धों को मकर संक्रांति पर्व के पूर्व में विभिन्न जगह भ्रमण कर कंबल देकर व मिठाई के डिब्बा भेंट करते हुए खुशियां बांटी। उनके इस मानवता के कार्य को देखते हुए समाज में जगह-जगह सराहना की जा रही है साथ में अन्य पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा।

घोर लापरवाही को उजागर करती रावतपुरा गौशाला मे मृतक पड़ी गाय व बछड़े

बेलाताल (महोबा)। जैतपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत रावतपुरा खुर्द मे बनी गौशाला की दशा बद से बदतर हो गई है। गांव के निवासी बृजकिशोर यादव, दिलीप, पप्पू, रणधीर यादव आदि ने बताया की गौशाला के जानवरो को खिलाने के लिए ना ही भूसा का बंदोबस्त है और ना ही भयंकर सर्दी के प्रकोप से जानवरो को बचाने के लिए कोई इंतजाम है। जिसके चलते इस भीषण सर्दी की चपेट मे आने से प्रतिदिन गाय व छोटे बछडो की मौत हो रही है। वहीं ग्रामवासियो का कहना है, की गांव के लोग सचिव साहब का नाम तो दूर की बात ग्रामवासी उन्हें पहचानते तक नहीं है।गांव के लोगों का कहना है की आखिर कब तक हम लोग बेजुबान जानवरो को भूंख से तड़प - तड़प कर मरते हुए देखते रहेंगे। क्योंकि जानवरो को ना ही गौशाला से बाहर चराने के लिए बाहर निकाला जाता और ना ही उन्हें कुछ खिलाने का बंदोबस्त किया जाता जिससे हर दिन जानवरो की निर्मम मौते हो रही है। और जिम्मेदार आँख - कान बंद कर अनजान बने हुए है।

गरीब असहाय लोगों को थाना प्रभारी उल्दन ने वाटे कंबल

बंगरा। बंगरा ब्लाक की ग्राम पंचायत नोटा में थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदोरिया के द्वारा गरीब एवं असहाय लोगों को भीषण सर्दी में कंबल वितरण किए गए बताया गया कि ग्राम पंचायत नोटा में कुछ गरीब लोगों को भारी सर्दी के बीच कंबल की आवश्यकता है जिसको देखते हुए आज थाना अध्यक्ष के द्वारा 1 दर्जन से अधिक लोगों को कंबल वितरण किए गए इस मौके पर गांव के समाजसेवी आयुष मिश्रा राजू मिश्रा अमित मिश्रा सोनू परिहार आशीष मिश्रा प्रदीप मिश्रा पूर्व प्रधान संतोष कुमार मिश्रा प्रमोद कुमार मिश्रा गोपीलाल कुशवाह के साथ पुलिस टीम में नवनीत राजपूत हृदेश द्विवेदी मनीष द्विवेदी उपस्थित रहे।

15 Jan- Pg-6_page 1 1/14/2023 9:18 PM Page 1

संवाद

हर व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि आत्मा एक राजा के समान है, जो शरीर, इन्द्रियों, मन, बुद्धि से बिल्कुल अलग है। आत्मा इन सबका साक्षी स्वरुप है। - आदिगुरु शंकराचार्य

पर्यावरण बचाने के लिए चिंतन

पर्यावरण बचाने के लिए सिर्फ और सिर्फ चिंतन ज़रूरी है। जिन सुन्दर और सुविधायुक्त भवनों में व्यवस्था की छत्रछाया हमेशा रहती है वहां बैठकर यह ज़रूरी काम बहुत आराम से किया जा सकता है। भवन के नाम के कारण भी प्रभाव उगना निश्चित है। जब खुशनुमा, सुगंधित माहौल में बात की जाएगी तो वह संजीदा चिंतन में बदल जानी स्वाभाविक है। आन्दोलन या उद्देश्य का नाम हिंदी में न रखकर अंग्रेजी में रखा जाए तो वास्तव में गहन प्रभाव पैदा होता है। बहुत गहरे बैठ, चिंतन कर योजनाओं का प्रारूप बनाया जाता है। ऐसे गहन चिंतन सत्र को आयोजित करने का एकमात्र उद्देश्य आज के पर्यावरण को किसी भी तरह बचाना ही नहीं, ज़्यादा समझदार हो चुकी आने वाली पीढ़ियों के लिए जागरूक दुनिया तैयार करना होता है। जागरुकता, शरीर और दिमाग में घुस जाए तो हर असंभव काम संभव हो जाता है। महान संतुष्टि की बात यह है कि अनेक तरह के गुरु यानी सामान्य व्यक्ति बिल्कुल नहीं, इस पुनीत कार्य के चिंतन में व्यस्त हैं। यह प्रशंसनीय और दिलचस्प है कि ऐसे गहन विचार सत्रों में राजनीतिजी ज़रूर तशरीफ लाती हैं क्योंकि उनके बिना कुछ भी नहीं हो सकता। वह बात दीगर है कि पर्यावरण पर चिंतन से भी ज़्यादा गहन चिंतन मनन की ज़रूरत है। आम आदमी को क्या समझ कि पर्यावरण के लिए उचित चिंतन, किस आसन पर बैठकर, किस मुद्रा में, किस दिशा में देखकर कैसे किया जाता है। यहां वही लोग चिंतन करने आते हैं जिन्हें दुनिया अधिकृत चिंतक मानती है। वैसे हमारे आध्यात्मिक गुरु नदिया किनारे आध्यात्मिक संगीत समारोह आयोजित करते हैं। पर्यावरण दूषित करते हैं। इतना ही नहीं सरकारजी द्वारा बड़ी हिम्मत के बाद किया गया जुर्माना भी अदा नहीं करते। पर्यावरण पर चिंतन शिविर में, अपनी नहीं पड़ोसी की, अपने मोहल्ले की नहीं दूसरे मोहल्ले की, अपने शहर की नहीं पड़ोसी शहर की, अपने राज्य की नहीं किसी और राज्य की, अपने देश की नहीं दूसरे देशों की गलती माननी चाहिए। अपने प्रयासों की खूब तारीफ करनी चाहिए। प्रयास न किए हों तो संभावित प्रयास और देखे जाने वाले खवाबों की प्रशंसा करनी चाहिए। श्रेष्ठ चिंतन से जब हमारा मन निर्मल हो जाएगा तो हम सकारात्मक सोचने लगेंगे। निश्चित ही हमें लगने लगेगा कि हम ठीक राह पर हैं, उचित कर रहे हैं, नाहक परेशान होने की ज़रूरत नहीं है। मानव जीवन में सब मिथ्या है, जब जीवन मिथ्या है तो वातावरण, पर्यावरण और चिंताओं का वरण मिथ्या है। मन में यह सोच विकसित होते ही हमें बेहतर महसूस होना शुरू हो जाएगा। लगने लगेगा कि चिंतन बैठक से हमें बहुत लाभ हुआ है। आसपास का वातावरण सुधरा है यानी पर्यावरण को फायदा हुआ है। पर्यावरण बारे सामान्य संकल्प लेने से ही कई बार बहुत लाभ पहुंचता है। विधिवत संकल्प लेने से और अधिक फायदा होता है। उचित रंग के वस्त्र, सही उच्चारित मंत्र और शुभ मुहर्त में, बहुत से प्रिय लोगों के साथ समूह में विधिवत संकल्प यज्ञ करने से होने वाला लाभ निराला होता है।

संविधान ब्रह्मवाक्य नहीं है

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान पर हमारे विपक्षी नेता बुरी तरह से बिफर पड़े हैं। कांग्रेस के नेता उन्हें भाजपा सरकार का भोंपू बता रहे हैं और उन्हें उपराष्ट्रपति पद की प्राप्ति ममता-विरोध के फलस्वरूप बता रहे हैं और कुछ विपक्षी नेता उन्हें आपातकाल की जननी इंदिरा गांधी का वारिस बता रहे हैं। जैसे इंदिरा गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय की इज्जत को 1975 में तहस-नहस कर दिया था, वैसा ही आरोप धनखड़ पर लगाया जा रहा है। इस तरह के आरोप लगाने वाले यह बताएं कि इंदिरा गांधी की तरह धनखड़ को क्या किसी अदालत ने कटघरे में खड़ा कर दिया है? वे अपना कोई मुकदमा तो सर्वोच्च न्यायालय में नहीं लड़ रहे हैं। वे स्वयं प्रतिभाशाली वकील रहे हैं। वे प्रखर वक्ता भी हैं। उन्होंने यदि संसदीय अध्यक्ष सम्मेलन में संसद की सर्वोच्चता पर अपने दो-टूक विचार व्यक्त कर दिए तो यह उनका हक है। यदि वे गलत हैं तो आप अपनी बात सिद्ध करने के लिए जोरदार तर्क क्यों नहीं देते? आप तर्क देने की बजाय शब्दों की तलवार क्यों चला रहे हैं? संविधान की पवित्रता और मान्यता पर धनखड़ ने प्रश्न चिह्न नहीं लगाया है। उन्होंने जो मूल प्रश्न उठाया है, वह यह है कि सर्वोच्च न्यायालय सर्वोच्च है या संसद सर्वोच्च है? देश के सारे न्यायालयों में तो सर्वोच्च न्यायालय सर्वोच्च है। इसमें किसी को कोई शक नहीं है। लेकिन वह संसद से भी ऊंचा कैसे हो गया? संसद चाहे तो एक ही झटके में सारे जजों को महाभियोग चलाकर पदमुक्त कर सकती है। संविधान ने ही उसे यह अधिकार दिया हुआ है। जहां तक संविधान के 'मूल ढांचे' का प्रश्न है, किस धारा में उसे अमिट, अटल, और अपरिवर्तनीय लिखा है? वसंत साठे और मैंने तो लगभग 30 साल पहले देश में अध्यक्षीय शासन लाने का अभियान भी चलाया था। मैं तो आजकल चुनाव पद्धति का भी विकल्प ढूंढ रहा हूं। आप मूल ढांचे पर आंसू बहा रहे हैं, संसद चाहे तो पूरे संविधान को ही रद्द करके नया संविधान बना सकती है। क्या हमारा संविधान सर्वोच्च न्यायालय ने बनाकर संसद को थमाया है? सर्वोच्च न्यायालय तो अपने न्यायालयों के और अपने ही कई फैसले रद्द करता रहता है। उसके अपने फैसलों में सारे जजों की सर्वानुमति नहीं होती है। **-डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

प्रेरणाप्रद मोती

जो बनावट, धोखेबाजी और चालाकी को तिलांजलि देकर ईमानदारी को अपनी जीवन नीति बनाए हुए हैं, वे सबसे अधिक बुद्धिमान हैं।

पं श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार)

आज का राशिफल

मेष : आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे।
वृष : आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। बिजनेस करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा।
मिथुन : आपका दिन पहले की अपेक्षा काफी अच्छा रहने वाला है। इस राशि वालों के लिए दिन उनके अनुकूल रहेंगे। आप जो भी चाहेगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे।
कर्क : आज आपका दिन बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं। जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा।
सिंह : आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपके रूके हुए कामों में आपके मित्र आपकी मदद करेंगे।
कन्या : आज का दिन आपके लिए बेहद खुशनुमा रहेगा। आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है।
तुला : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। लोगों के सामने आपकी इमेज अच्छी बनी रहेगी।
वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। बिजनेस से संबंधित किसी बड़े फैसले के लिए दिन अच्छा है।
धनु : दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो शुभ महूर्त जरूर देख लें, इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा।
मकर : आज अधिकारी आपके कामकाज से खुश हो सकते हैं। लोगों पर आपका अच्छा प्रभाव जमेगा।
कुंभ : आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे।
मीन : आपका दिन सामान्य रहेगा। आप परिवार के सदस्यों से मधुर व्यवहार बनाएं रखें । ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नत किया जा सकता है। फिजूल खर्च से बचें। आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति कर सकते हैं।

राम सब में और सभी राम में समाए हैं

शिव प्रकाश

विदेश ले जाते समय ये भारतीय अपने साथ रामायण, श्रीरामचरितमानस व प्रभु श्रीराम का विग्रह साथ लेकर गए थे। राम ने उनको संकटों में भी धैर्य से जीवन जीना सिखाया।

हमारी मान्यता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाली एक परम शक्ति है। वह शक्ति ही हम सभी में आत्मा के रूप में विद्यमान हैं। इस कारण अपने जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं में न फंसाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए हम सभी अपनी जीवन लीला को उसी परम सत्ता में विलीन कर दें। शरीर का रंग, कद, भोजन, पहनने के वस्त्र, भाषा, जन्म के आधार पर जाति भेद, मान्यताएं आदि को समेटे हुए यह अरबों की जनसंख्या वाला समाज है। प्रभु श्रीराम द्वारा 14 वर्ष की वन गमन अवधि में, अयोध्या से चलकर श्रीलंका तक की यात्रा में वह सभी भेदों को मिटाते एवं समन्वय स्थापित करते हुए दिखाई देते हैं। निषादराज गुहा के साथ मित्रता, माँ शबरी के हाथ के जूठे बेर, वानरों के साथ उनकी मित्रता सभी प्रकार के भेदभावों को नकारती हुई दिखती है।

भद्रं इच्छन्तः (लोक कल्याण) की भावना को लेकर ऋषियों की साधना, त्याग, तपस्या के परिणामस्वरूप भारत राष्ट्र का उदय हुआ। अपने प्रारंभ काल से ही भारत (भा+रत) अज्ञान के तिमिर को हटाकर ज्ञान के प्रकाश को विश्व में प्रसारित करने में संलग्न है। ऋषियों की इसी आकांक्षा पूर्ति के लिए जिन महापुरुषों ने अपने जीवन का आदर्श, इस राष्ट्र के सम्मुख प्रस्तुत किया है। मर्यादाओं के पालन एवं श्रेष्ठ आचरण के कारण ही समाज ने उनको भगवान की श्रेणी से विभूषित कर अपने जीवन के उद्धारक के रूप में स्वीकार किया है। उन्हें आज संपूर्ण विश्व प्रभु श्री राम के नाम से संबोधित कर रहा है। भारतीय संस्कृति लोक कल्याण कारक, समन्वय भाव से युक्त एवं चराचर जगत में एक ही परम तत्व के दर्शन कराने वाली है।

सभी भेदों से ऊपर उठकर हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं एवं प्रत्येक स्त्री मां के समान है, यह उद्दात्त विचार ही भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृतियों से भिन्न दर्शाता है। भारतीय संस्कृति के यह सभी संस्कार जिस पुरुष के जीवन में एक ही साथ प्रकट हुए, वह प्रभु श्रीराम का जीवन है। मां सीता की मुक्ति के लिए रावण से उनका युद्ध समस्त स्त्री जाति की मर्यादा की रक्षा के लिए था। रामेश्वरम में शिव की आराधना समस्त संप्रदायों में सद्भाव का मार्गदर्शन था। जिसको महाकवि तुलसीदास जी ने प्रभु श्रीराम के मुख से कहलाया कि "शिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेहुँ नही भावा।" भारतीय संस्कृति का आदर्श भोग नहीं त्याग है। पिता दशरथ की आज्ञा पालन करने के कारण राम को सिंहासन त्याग करना पड़ा। सत्ता संघर्ष के इस कालखंड में राम का त्याग प्रेरणादायी है। उनको सिंहासन छूटने का दुख नहीं, वह प्रसन्नता से उसका त्याग करते हैं। राम कहते हैं कि-

स्नेहं दयां च सौख्यं च, यदि वा जानकीमपि ।
आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो, नास्ति में व्यथा ।।

(देश व समाज की सेवा के लिए स्नेह, दया, मित्रता यहां तक की धर्मपत्नी को छोड़ने में भी मुझे कोई पीड़ा नहीं होगी।) हमारी मान्यता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाली एक परम शक्ति है। वह शक्ति ही हम सभी में आत्मा के रूप में विद्यमान हैं। इस कारण अपने जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं में न फंसाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए हम सभी अपनी जीवन लीला को उसी परम सत्ता में विलीन कर दें। स्वयं को जानना, अध्यात्म के मार्ग पर चलकर स्वयं को जानना (नर से नारायण) एवं अपने जीवन की यात्रा को पूर्ण करना, प्रभु श्री राम का जीवन इसका भी आदर्श है। हमारा देश विविधता से भरा देश है। भौगोलिक एवं जलवायु की भिन्नता के कारण हममें भी अनेक विविधताएं दिखाई देती हैं। शरीर का रंग, कद, भोजन, पहनने के वस्त्र, भाषा, जन्म के आधार पर जाति भेद, मान्यताएं आदि को समेटे हुए यह अरबों की जनसंख्या वाला समाज है। प्रभु श्रीराम द्वारा 14 वर्ष की वन गमन अवधि में, अयोध्या से चलकर श्रीलंका तक की यात्रा में वह सभी भेदों को मिटाते एवं समन्वय स्थापित करते हुए दिखाई देते हैं। निषादराज गुहा के साथ मित्रता, माँ शबरी के हाथ के जूठे बेर, वानरों के साथ उनकी मित्रता सभी प्रकार के भेदभावों को नकारती हुई दिखती है। यही कारण है कि उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम राम सर्वत्र दिखाई देते हैं। भाषा की इतनी विविधताओं के बावजूद भी प्रभु राम के नाम पर अपने बच्चों के नाम रखना, सभी भाषाओं में रामायण की रचना, घर-घर में राम का साहित्य और उनकी लीलाओं का मंचन समाज के प्रत्येक वर्ग में उनकी स्वीकृति को दर्शाता है। अपने आदर्श व्यवहार के कारण राम सबमें एवं सभी राम में समाये हैं। इसी सत्य को गोस्वामी तुलसीदास जी ने "सिया राम मय सब जग जानी" कहकर गाया है।

गुलामी के कालखंड में हमारे देश के लोगों को अंग्रेज भारत के बाहर दास बनाकर लेकर गए। दुनिया के अनेक देशों में गिरमिटिया मजदूर कहलाने वाले यह भारतीय अपने पुरुषार्थ के कारण आज वहां पर भी प्रभावी बन गए हैं। उनमें से अनेक वहां के संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन देशों की सेवा भी कर रहे हैं। विदेश ले जाते समय ये भारतीय अपने साथ रामायण, श्रीरामचरितमानस एवं प्रभु श्रीराम का विग्रह साथ लेकर गए थे। राम ने उनको संकटों में भी धैर्य से जीवन जीना सिखाया। इस तरह प्रभु श्री राम; केवल भारत ही नहीं विश्व भर में फैले असंख्य भारतीयों के साथ-साथ विश्व भर के नागरिकों में मर्यादा पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, अमेरिकी एवं यूरोपी देशों सहित थाईलैंड, कंबोडिया, बर्मा, इंडोनेशिया, मलेशिया, जावा एवं बाली सहित दुनिया के अनेक देश इसके प्रत्यक्ष साक्षी हैं। **- लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।**

ऊष्मा, ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार है सूर्य

हृदयनारायण दीक्षित



"आदित्य ही प्राण हैं।" छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, "जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।" सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आवाहन करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं।

भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा है। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, ''जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है। ''सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, ''मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है। ''गीता (8-24) में कहते हैं, ''अग्नि ज्योति के प्रकाश में शुक्ल पक्ष सूर्य के उत्तरायण रहने वाले 6 माहों में शरीर त्याग कर के ब्रह्म को प्राप्त करते हैं।" उत्तरायण शुभ काल है। इस अवधि में यज्ञ, उपासना, अनुष्ठान और धर्म दर्शन से जुड़े साहित्य का पठन पाठन फलदायी माना जाता है।

ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि, ''आदित्य ही प्राण हैं।" छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, "जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।" सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आवाहन करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे इन्द्र से संरक्षण, मरुतों से समृद्धि की कामना करते हैं और अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं। सूक्त का अंतिम मंत्र बड़ा प्यारा है। ऋषि कहते हैं, ''सविता पश्चातात सविता - सविता हमारे पीछे हैं। ''फिर कहते हैं, ''पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात - सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीर्घायु भी दें।" सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता सम्प्रति मकर राशि पर हैं। उनके स्वागत अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। मकर संक्रान्ति के दिन तिल, गुड़, मूंग और खिचड़ी आदि का सेवन अच्छा माना जाता है। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, ''माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई। ''हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। ऋषि सूर्य के रथ का सुन्दर वर्णन करते हैं, ''सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।" आगे सात शब्द का दोहराव है, ''सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें। ''वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। इसके बाद खूबसूरत ऋषि जिज्ञासा है, "इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।" सूर्य प्रत्यक्ष हैं। पूर्वज ऋषि सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, ''यह विज्ञ सप्त तंतुओं - किरणों को कैसे फैलाते हैं।" ऋषि विनम्रतापूर्वक जानकारी की सीमा बताते हैं, "मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूँ। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं। अंत में कहते हैं, ''बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है।" सूर्य के प्रति भारतीय चिंतन में अतिरिक्त श्रद्धा है। सूर्य अभिभावक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, ''मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।"

वैदिक देवतंत्र में सूर्य महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद में सविता की स्तुति में 11 सूक्त हैं। 170 से ज्यादा स्थलों पर सविता का उल्लेख है। सूर्य देवता के लिए अलग से 10 सूक्त हैं। सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ० कपिल देव द्विवेदी ने "वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरुप" पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है कि "सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को गति, प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता कहते हैं।" सूर्य उपास्य हैं। ऊषा भी उन्हीं का एक आयाम हैं। **- लेखक यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

शौर्य से लबरेज है गोरखा सैन्य इतिहास

भारत के सैन्य इतिहास में गोरखा सैनिकों की दास्तान ए शुजात किसी तारूफ की मोहताज नहीं है। प्रथम विश्व युद्ध में दो व द्वितीय विश्व युद्ध में 10 विक्टोरिया क्रॉस तथा आजादी के बाद 3 परमवीर चक्र जैसे आलातरीन सैन्य पदक गोरखा सैन्य पराक्रम की तस्दीक करते हैं। इंग्लैंड के रक्षा मंत्रालय के 'हार्स गार्डन' में मौजूद गोरखा सैनिक का मुजस्म्मा गोरखाओं की बहादुरी को दर्शता है।

स्मरण रहे विश्व युद्धों में भाग लेने वाले भारतीय सैनिकों का मंजिल-ए-मकसूद भी अंग्रेजों की सफ्फाक हुक्मरानी से भारत की आजादी ही था। बहरहाल सेना दिवस के अवसर पर 'कायर हुनु भन्दा मर्नु राम्रो' जैसे ध्येय वाक्य को सार्थक करने वाले सैनिकों को नमन है 'कायर हुनु भन्दा मर्नु राम्रो' अर्थात कायर की तरह जीने से मरना बेहतर। यह ध्येय वाक्य भारतीय सेना की गोरखा राइफल्स का है। भारत के सैन्य इतिहास में गोरखा सैनिकों की दास्तान ए शुजात किसी तारूफ की मोहताज नहीं है। प्रथम विश्व युद्ध में दो व द्वितीय विश्व युद्ध में 10 विक्टोरिया क्रॉस तथा आजादी के बाद 3 परमवीर चक्र जैसे आलातरीन सैन्य पदक गोरखा सैन्य पराक्रम की तस्दीक करते हैं। इंग्लैंड के रक्षा मंत्रालय के 'हार्स गार्डन' में मौजूद गोरखा सैनिक का मुजस्म्मा गोरखाओं की बहादुरी को दर्शता है। कै. गुरबचन सिंह सलारिया यूएनओ मिशन में प्रथम व एकमात्र 'परमवीर चक्र' (मरणोपरांत), हिमाचली शूरवीर मे. धन सिंह थापा 'परमवीर चक्र' 1962 चीन युद्ध तथा कै. मनोज पांडे परमवीर चक्र (मरणोपरांत) कारगिल युद्ध गोरखा राइफल्स के तीनों परमवीरों के निर्भीक सैन्य नेतृत्व के पीछे गोरखा फौज की शूरवीरता मौजूद थी। सेना के सबसे सम्मानित जनरल व 1971 में नए मुल्क बांग्लादेश के नक्शे के मुख्य मुसव्विर फील्ड मार्शल 'सैम मानेकशॉ' का संबंध भी गोरखा राइफल्स से था।

1971 में पाकिस्तान की तकसीमी इबारत तथा ढाका में पाक सेना के सरेंडर की शतरंजी बिसात बिछाने के अहम किरदार 'सगत सिंह राठौर' व 'गंधर्व नागरा' जैसे जरनैलों का ताल्लुक भी गोरखा राइफल्स से ही था। गोरखा राइफल्स की स्थापना अंग्रेजों ने 24 अप्रैल 1815 के दिन हिमाचल प्रदेश के सुबाथू में की थी। पहली जंगे अजीम के दौरान तीसरी गोरखा के नायक 'कुलबीर थापा' ने सन् 1915 में फ्रांस के महाज पर तथा सिपाही कर्ण बहादुर थापा ने अप्रैल 1918 को मिस्र के जंगे मैदान में असीम शौर्य का मजमून लिखा था। बर्तानिया बादशाही ने दोनों गोरखा शूरवीरों को विक्टोरिया क्रॉस से सरफराज किया था। द्वितीय विश्व युद्ध में 'मिलिट्री क्रॉस' से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय सैनिक तथा आजादी के बाद 'महावीर चक्र' जैसे पदक से अलंकृत हिमाचली सपूत कर्नल 'अनंत सिंह पठानिया' का संबंध भी 5वीं गोरखा से था। कर्नल अनंत सिंह पठानिया की कयादत में गोरखा सैनिकों ने 11 नवंबर 1948 के दिन कश्मीर में पाक सेना की पेशकदमी को खाक में मिलाकर गुमरी नाले पर कब्जा कर लिया था। उसी युद्ध में नायक 'राम प्रसाद गुरुंग' 'महावीर चक्र' ने पाक सेना की पूरी तजवीज को नेस्तानाबूद करके 15 नंवबर 1948 को अपना बलिदान दिया था। आठवीं गोरखा के सैनिकों ने सन् 1948 में मेजर हरिचंद 'महावीर चक्र' के नेतृत्व में पाक सेना से लद्दाख को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हैदराबाद रियासत का भारत में विलय के लिए चलाए गए सैन्य आपरेशन 'पोलो' में 'पांचवीं गोरखा' के नायक 'नर बहादुर थापा' ने भारत के एकीकरण के लिए श्रेष्ठ सैन्य नेतृत्व की नजीर पेश करके 13 सितंबर 1948 को हैदराबाद में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। शांतिकाल के सर्वोच्च सैन्य पदक 'अशोक चक्र' से नवाजे जाने वाले प्रथम सैनिक नर बहादुर थापा ही थे।

- प्रताप सिंह पटियाल

क्रोध नर्क व संयम स्वर्ग की तरफ ले जाता है



यह बताया जाता है कि नर्क में बड़ी गर्मी है, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। कई बार यह भी ख्याल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे? एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो ?'

हमें बताया जाता है कि हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख- दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी ख्याल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे? एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो?'

उसने कहा, 'मैं पुलिस में हूं।' संत ने कहा,'तेरी तो शक्ल नहीं है पुलिस में काम करने की, तू तो दयनीय लगता है। तुझे किसने पुलिस में भर्ती कर लिया?' उस युवक को बड़ा गुस्सा आया। उसने सोचा कि मैं तो पुलिस का हट्टा-कट्टा जवान हूं, इन्हें क्या हो गया है? गुस्से में उसने अपना हाथ तलवार पर रखा और तलवार को निकाला। उसके कुछ करने से पहले ही संत ने कहा कि यह जो तलवार तुमने निकाली है, इसकी नोक बड़ी मोटी है। इससे तो मेरी गर्दन कटेगी नहीं। यह तूने कैसी तलवार उठाई है? तू किस किस्म का सिपाही है? उसे और गुस्सा आया और जब वह गुस्से से तलवार उठा कर उन्हें मारने ही वाला था, तो संत ने कहा कि यही नर्क है। यह सुनते ही वह रुक गया और उसे ध्यान आया कि वह क्या करने जा रहा था। कै से इनसान को एक छोटी-सी चीज से गुस्सा आ जाता है। उसके अंदर हलचल इतनी बढ़ जाती है कि वह अपने आपको उस हलचल का शिकार बना लेता है। उसने देखा कि वह तो तलवार निकाल कर संत को मारने लगा था, लेकिन संत शांत अवस्था में बैठे थे। उसने तलवार अंदर रखी, तो संत ने कहा कि यही स्वर्ग है।

धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी पर्व

गुरूसिंह सभा की प्रबंधक कमेटी ने किया आयोजन

लोहड़ी पर्व को मनाते गुरूसिंह सभा के पदाधिकारी

ललितपुर। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में लोहड़ी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरविंदरसिंह ने श्रीरहिरास साहिबजी के पाठ उपरांत गुरबाणी के मनोहर कीर्तन से संगत को निहाल किया तत्पश्चात अरदास के उपरांत गुरुजी का सुखासन कर प्रसाद वितरण किया गया। उपरांत लोहड़ी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने बताया कि लोहड़ी का पर्व सिख समुदाय में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व मकर संक्रांति से पहले आता है। पंजाबियों के लिए लोहड़ी उत्सव खास महत्व रखता है। जिस घर में नई शादी हुई हो या बच्चे का जन्म हुआ हो, उन्हें विशेष तौर पर लोहड़ी की बधाई दी जाती है। घर में नव वधू या बच्चे की पहली लोहड़ी का काफी महत्व होता है। इस दिन विवाहित बहन और बेटियों को घर बुलाया जाता है। यह त्योहार बहन और बेटियों की रक्षा और सम्मान के लिए मनाया जाता है। गुरु सिंह सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने अपने वक्तव्य में कहा कि वक्त के साथ एक सबसे खूबसूरत चीज देखने को मिली है कि परिवार वाले अब पहली लड़की के जन्म पर भी काफी धूमधाम से लोहड़ी का त्यौहार मनाते हैं। लोहड़ी पर घर-घर जाकर दुल्ला भट्टी के और अन्य तरह के गीत गाने की परंपरा है। यह चलन पंजाब के पिंडों (गांव) में ज्यादा देखने को मिलता है। बच्चे घर-घर लोहड़ी लेने जाते हैं और उन्हें खाली हाथ नहीं लौटाया जाता है। इसलिए उन्हें गुड़, मूंगफली, तिल, गजक या रेवड़ी दी जाती है। दिनभर घर-घर से लकड़ियॉं लेकर इक्ट्ठा की जाती है। शाम को घरों के आसपास खुली जगह पर जलाई जाती है। उस अग्नि में तिल, गुड़ और मक्का को भोग के रूप में चढ़ाया जाता है। आग जलाकर लोहड़ी को सभी में वितरित किया जाता है। नृत्य-संगीत का दौर भी चलता है। पुरुष भांगड़ा तो महिलाएं गिद्दा करती हैं। इस अवसर पर चाय नाश्ते के लंगर की सेवा सरदार अवतार सिंह के परिवार की ओर से हुई। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, गुरुबचन सिंह सलूजा, सरदार जगजीत सिंह, चरणजीत सिंह, अरविंदर सिंह सागरी, कवलजीत सिंह छाबड़ा, सुरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, नरेंद्र सिंह खालसा, दलजीत सिंह, गुरमुख सिंह, गुरदीप कौर, कंचन कोर, मनप्रीत सलूजा, अमरजीत कोर, कुलविंदर कोर, तरणदीप सिंह, बलदेव सिंह सागरी, तेजवंत सिंह, हरगोबिंद डोडवानी, राजू सिंधी, भगवत, पप्पी कालरा, मनप्रीत सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

बदमाशों की चहलकदमी से दहशत के साये में लोग

एसपी को शिकायती पत्र सौंपने जाते लोग

एसपी को कालोनीवासियों ने भेजा शिकायती पत्र

ललितपुर। शहर में इन दिनों आपराधिक ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। अब पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने का काम बदमाशों द्वारा किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला शहर के मोहल्ला रावतयाना कैलगुवां रोड से प्रकाश में आया है। यहां रहने वाले लोगों ने लामबंद होकर पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये अज्ञात बदमाशों के कालोनी में देर रात विचरण करने की बात कही है। कालोनी वासियों का कहना है कि हथियारों से लैस बदमाशों को कालोनी में घूमते हुये सीसीटीवी में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। एसपी को दिये पत्र में बताया कि गौर कालोनी में विगत रात्रि करीब 2 बजे क्षत्रपाल सिंह परमार के मकान के ताले से छेड़छाड़ करते हुये बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुये हैं। बताया कि बदमाश मुंह पर नकाब बांधे हुये और हथियारों से लैस होकर घूम रहे हैं, जो कि किसी भी बड़ी अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते हैं। कालोनी वासियों ने पुलिस अधीक्षक से पुलिस सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराते हुये पिकेट गश्त कराये जाने और बदमाशों की सीसीटीवी के आधार पर पहचान करते हुये शीघ्र कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय भगवत सिंह बैस, अनूप सिंह, हरिओम, छत्रपाल सिंह, चक्रेश आदि मौजूद रहे।

निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित आवेदनों को समय से निस्तारित करें : डीएम

जनपद को 27 निवेशकों द्वारा 11510 करोड़ के इन्टेन्ट मिले

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजनान्तर्गत 130 प्रतिशत ऋण स्वीकृत

बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते जिलाधिकारी

ललितपुर। जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने माह फरवरी 2023 में 10 से 12 फरवरी 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए उद्यमियों से अधिकाधिक नई परियोजनाओं को लगाने से संबंधित प्रस्तावों को निवेश सारथी पोर्टल पर पंजीकृत कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जनपद में नये उद्योग की स्थापना के लिए भूमि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके उपरान्त उपायुक्त उद्योग द्वारा उद्यमियों को नई निवेश नीति 2022 के मुख्य बिन्दुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जनपद ललितपुर को अब तक 27 निवेशकों द्वारा 11510.45 करोड़ के इन्टेन्ट प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में लक्ष्य के सापेक्ष 130 प्रतिशत के ऋण आवेदन पत्रों स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस पर अन्य ऋण योजनाओं को समयन्तर्गत पूर्ण करने हेतु जिला अग्रणी प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। उद्यमियों द्वारा औद्योगिक आस्थान चन्देरा में निर्माणाधीन नाली में जमा हो रहे पानी की निकासी का अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों को समय से निस्तारित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे लवकुश त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.जेएस बक्शी, उप जिलाधिकारी सदर मो. अवेश, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, बॉट माप अधिकारी, वन विभाग अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, अग्निशमन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी आदि एवं उद्यमियों में कमलेश सर्राफ, सेवाराम चौधरी, मदन गोस्वामी, डीके तिवारी, दिलीप किशोर तिवारी आदि उद्यमीगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र उपायुक्त उद्योग विमल द्विवेदी द्वारा किया गया।

शिक्षक एमएलसी के लिए डा.बाबूलाल तिवारी ने किया नामांकन

एमएलसी शिक्षक पद के लिए आवेदन करने जाते प्रत्याशी

ललितपुर। विधान परिषद के लिए झांसी प्रयागराज सीट पर शिक्षक विधायक के निर्वाचन में आज भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी डा.बाबूलाल तिवारी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी, केन्द्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा, राज्यमंत्री मनोहर लाल, स्थानीय सांसद, मऊरानीपुर विधायक रश्मि आर्य, पारीछा विधायक राजीव सिंह, विधायक जवाहर सिंह राजपूत, ललितपुर विधायक रामरतन कुशवाहा के अतिरिक्त फतेहपुर महोबा कौशांबी इलाहाबाद जालौन के विधायक प्र.कौशांबी इलाहाबाद जालौन के विधायक प्रमुख रूप से उपस्थित विधायक ललितपुर, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, चुनाव संयोजक संयोजक हरिराम निरंजन, शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक ओम श्रीवास्तव, विधानसभा संयोजक देवेंद्र गुरु, संजय रावत शिक्षक प्रकोष्ठ के बूथ संयोजक सुशील अग्निहोत्री तालबेहट, हरिसिंह बुंदेला बांसी, नरेंद्र कामकाजी पाली, दिनेश विदुआ महरौनी, भानु प्रताप सिंह, शिक्षक संघ के के प्रांतीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी, विनोद कुमार खरे, डीपी वर्मा माध्यमिक शिक्षक संघ, पराग, जितेंद्र वैद्य, यज्ञदत्त नायक, कालका प्रसाद अवस्थी सहित सैकड़ों की संख्या में राजकीय माध्यमिक एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आदेश न हटाने पर बीएलओ पद से सामुहिक इस्तीफा देंगे शिक्षामित्र

शिक्षा मित्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार के माध्यम से सौपा ज्ञापन

लखनऊ में होगा विशाल अधिवेशन

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते शिक्षामित्र

ललितपुर। आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस के नेतृत्व में नायब तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौपा। इसके पूर्व कम्पनी बाग ललितपुर में सैकड़ों शिक्षा मित्रों ने बैठक की। बैठक के उपरांत सभी कचहरी परिसर में ज्ञापन दिया ज्ञापन में कहा गया कि निर्वाचन के निर्देशानुसार शिक्षा मित्रों की ड्यूटी बीएलओ कार्य में लगाई गई थी जबकि शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अन्य कार्य में न लगाने हेतु शासनादेश है। इसके बाबजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा आदेश निकाला गया कि विद्यालय समय में बीएलओ कार्य न किया जाय। शिक्षामित्रों को अल्प मानदेय मिलता है। विद्यालय के बाद परिवार के भरण पोषण हेतु अन्य कार्य करना पड़ता है। यदि उक्त आदेश नही हटाया गया तो सामूहिक रूप से शिक्षा मित्र बीएलओ कार्य से इस्तीफा देंगे। परिषदीय शिक्षा मित्रों का मानदेय विभागीय लेखा के कर्मचारियों द्वारा देरी से भेजा जाता है। माह जून के 15 दिन का परिषदीय मानदेय अभी तक नही दिया गया जो अति शीघ्र दिलाया जाय। शिक्षक के पद पर समायोजित हुए शिक्षामित्रों का पीपीएफ की धनराशि 6 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी कुछ शिक्षामित्रों की नही दी गयी। जो दिलाई जाय। शिक्षामित्रों का समायोजन के समय विभागीय अधिकारियों द्वारा एनएससी बनवाई गई थी। उक्त धनराशि शिक्षामित्रों को लौटाई जाय। शिक्षामित्रों को विकल्प के आधार पर उनके मूल विद्यालय भेजा जाय। उक्त सभी को अति शीघ्र निस्तारण करने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, बृजेश कुमार टोटे, केहर सिंह बुन्देला, राजीव त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, राजेश तिवारी, हाकम पाल, शेरसिंह यादव, रेखा लिटोरिया, मीरा राजपूत, सुषमा जैन, मालती देवी, भुपेन्द्र सिंह बुन्देला, आंनद कुमार भोडेले, गणेश प्रसाद, हेमलता कुशवाहा, प्यारेराजा, बलराम भास्कर, सुजान सिंह, धन सिंह, दीपक तिवारी, रामसिंह पंथ, बीरेंद्र सिंह, प्रदीप जैन, राजेन्द्र पंथ, मनीष पुरोहित, आशीष दुबे, वीर दुबे, रामस्वरूप निरंजन, विजय झा, विनोद कुमार नामदेव, सूरजभान सिंह यादव, दीपक तिवारी, शिवनारायण शर्मा, बब्बूराजा यादव, धनीराम, सुमन परस्तोर, राजाबेटी, अनिता निरंजन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

निरंजन टीम प्यासा ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

मैच प्लेयर सूर्या व टूर्नामेंट प्लेयर बंटी बरेजा रहे

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में उपविजेता रही तिसगना कि टीम

विजयी टीम को शील्ड प्रदान करते अतिथि

मड़ावरा (ललितपुर)। तहसील मड़ावरा क्षेत्र व कस्बा से 5 किमी. की दूरी पर सटे गाँव प्यासा में एचएल निरंजन ग्राउंड पर विगत 15 दिनों से चल रहे भव्य टूर्नामेंट का कल शनिवार को समापन हो गया है। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले की हिस्सा टीम रही निरंजन क्रिकेट क्लब प्यासा व तिसगना क्रिकेट क्लब के बीच रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत हुई। टूर्नामेंट समापन के मुख्य अतिथि रामरतन निरंजन रहे, जिन्होंने फीता काटकर खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हुये परिचय प्राप्त किया। अथिति व अंपायर रावसाहब निरंजन एवं राजू पटेल मास्साब नेदोनों टीमों के कप्तानों के समक्ष टॉस फिकवा कर मैच की शुरुआत करवाई। टॉस तिसगना के कप्तान ने जीतकर फील्डिंग चुनने का फैसला लिया। प्यासा गांव की टीम की तरफ से ओपनिंग में उतरे विस्फोटक बल्लेबाज सूरज राजा व हेमंत पटेल ओपनिंग साझेदारी कुछ कमाल न करके 13 रन के अंतराल पर हेमंत ने आसान सा कैच देकर पवेलियन चले गये। एक विकेट के बाद बंटी स्ट्राइक पर पहुंचते ही सूरज और बंटी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये लंबे स्कोर की ओर धकेला। इसके बाद बंटी आउट हो चले। उनका स्थान लेने आये शिवि राजा ने भी अपनी टीम के लिये लंबे-लंबे गगनचुंबी छक्के लगाये एक ओर सूरज भी डटकर खड़े रहे और अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। साथ ही बंटी शतक से चूकते हुये टीम को 77 रनों का योगदान दिया। लालू ने भी 5 छक्कों की मदद से 40 रनों का योगदान दिया। प्यासा की टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 276 रनों का विशाल सा स्कोर खड़ा कर दिया। तिसगना कि तरफ से सर्वाधिक तीन विकेट कप्तान ने लिये। जवाब में मैदान में उतरी तिसगना की टीम से छोटे राजा के साथ उधर ओपनिंग में उतरे शुरुआत साझेदारी 53 रनों की ठीकठाक रही ओर विकेट गिर गया। पूरी टीम से उधम ने भी अर्धशतक जड़ा। साथ ही उदय ने भी टीम के लिये 26 रनों का योगदान दिया। ओर विकेट पर विकेट गिरते रहे पूरी टीम लड़खड़ाते हुये 152 रनों पर सिमट गई। प्यासा के बोलरों ने तिसगना टीम की कमर तोड़ कर रख दी। सूर्या ने 3 विकेट राहुल, शिवि एवं सचिन ने 2-2 विकेट व 1 विकेट रसेल रोहित ने भी चटकाया। विजेता रही प्यासा टीम के कप्तान राहुल पटेल को समापन अतिथि रामरतन निरंजन, मयंक पटेल एवं नीलेश पटेल प्यासा पत्रकार ने शील्ड व ईनामी राशि सौंपकर उत्साह वर्धन किया। उप विजेता टीम को भी शील्ड व ईनामी राशि सौंपी। टूर्नामेंट को सफल बनाने में समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा। पूरे टूर्नामेंट का जनता ने भी भरपूर लुफ्त उठाया।

सार सुर्खियां

दबंग कोटेदार की मनमानी के चलते नही मिल रहा सहरिया सुमदाय को राशन

तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

मड़ावरा। तहसील क्षेत्र के सौरई गॉंव मे कोटेदार की मनमानी के चलते आज भी सहरिया समुदाय के लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। कोटेदार द्वारा इस समुदाय के लोगों से अंगूठा लगवाकर राशन नही दिया जा रहा। शनिवार को सौरई गॉंव की दर्जनों सहरिया समुदाय की महिलाओं ने तहसीलदार मुख्यालय पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार मड़ावरा नरेश चंद को ज्ञापन सौपा। जिसमें बताया गया कि गॉंव का कोटेदार दबंग होने के चलते सहरिया समुदाय के लोगो को राशन नही देता है। लाभार्थियों से अंगूठा लगवाकर भगा देता है। साथ ही घटतौली का भी आरोप लगाया गया। कई बार कोटे के चक्कर लगाते लगाते परेशान हो गये है मकर संक्रांति के त्यौहार के चलते इस समुदाय को अनाज नही मिलने से काफी मायूस है। इस समुदाय के लोग मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। पीड़ित समुदाय की महिलाओं ने त्यौहार के चलते राशन दिलाये जाने की गुहार लगाई। इस दौरान लाभार्थी मीराबाई जगदीश जालम सुदामा मीरू मीनू सरोज रेखारानी गुडाबाई जानकी सन्तोषरानी सुखरानी राधा बड़ीबाहू पार्वती गेंदारानी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

पुरूस्कार वितरण के साथ विवेकानंद सप्ताह का हुआ समापन

विवेकानंद युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा रहेगें- श्रम सेवायोजन मंत्री

पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थल पर मौजूद लोग

तालबेहट। विवेकानंद यूथ क्लब के तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे विवेकानंद जंयती सप्ताह के अन्तिम दिन प्रतियोगी बच्चों को पुरुस्कृत कर उन्हे प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुन्दर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर आए मुख्य अतिथि श्रम सेवायोजन मंत्री मनोहर लाल पंथ, संघ के विभाग प्रचारक अखण्ड ,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन समेत अन्य अतिथियों ने विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया। इसके उपरांत प्रतियोगी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके बाद अतिथियों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतियोगी बच्चों व समाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्रम सेवायोजन मंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं को प्रेरणा देते है।

श्रद्धापूर्वक याद किये गये स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.ब्रजनंदन शर्मा ललितपुर। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व नपाध्यक्ष पं.ब्रजनन्दन शर्मा की पुण्यतिथि उनके मूर्तिस्थल पं.ब्रजनंदन शर्मा मार्केट शाही रोड पर कांग्रेसियों ने बड़े ही श्रद्धापूर्वक मनायी। मौके पर उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिये गये अमूल्य बलिदान को याद किया गया। वरिष्ठ पत्रकार व पं.ब्रजनंदन शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र वरिष्ठ पत्रकार पं.संतोष शर्मा ने उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुये बताया कि दादा ब्रजनंदन शर्मा युवावस्था में ही महात्मा गांधी के सत्याग्रह से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। अपना सर्वस्व देशसेवा में समर्पित करके अत्यन्त अभाव में जीवन व्यतीत किया। आजादी के बाद नगर पालिका परिषद का चुनाव जीते। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बने और नगर के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया। आज हम सभी को उनको हम याद करके उनके पदचिह्नों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर पूर्व नगराध्यक्ष कांग्रेस हरीबाबू शर्मा, सरदार जसपाल सिंह बंटी, प्रदीप रिछारिया, उवेश खान, वैभव जैन, विवेक व्यास, रामनरेश दुबे, संजय जाटव, असलम खान, कुलदीप पाठक, सोनू शुक्ला, महेन्द्र पनारी, अमित कुशवाहा, पुष्पेन्द्र, अंकित यादव, शईद राइन, अजय कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

होमगार्ड को किया सम्मानित

होमगार्ड को सम्मानित करते सीओ महरौनी

ललितपुर। थाना सौजना अंतर्गत कस्बा सौजना निवासी प्रीति पत्नी लाल सिंह उम्र करीब 35 वर्ष 09 जनवरी 2023 की रात 3 बजे के लगभग अपने दो बच्चों अभय प्रताप सिंह उम्र 6 वर्ष व अंश प्रताप सिंह उम्र 10 वर्ष को लेकर कुएं में कूद गई थी जिन्हें गांव वालों की मदद से बचाया गया था। जिसमें अभय प्रताप सिंह की मृत्यु हो गई थी। उक्त मामले में महिला व एक बच्चे को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नियुक्त होमगार्ड मोहर सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी सौजना ने अपने अथक प्रयास से कुंए में उतरकर बचाया गया था, जिसके लिए क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह व थानाध्यक्ष सौजना द्वारा सम्मानित किया गया।

निबंध में आशी साहू व भाषण में अदिति सिंह ने बाजी मारी

सड़क सुरक्षा को लेकर आरएमव्ही में प्रतियोगिताएं संपन्न

ललितपुर। रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा विषयक निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.केशव देव द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरुक करें।

उन्होंने यह भी कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय रफ्तार को नियंत्रण में रखें। रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक बारीश कुमार द्विवेदी ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में अदिति सिंह ने प्रथम, आशी साहू ने द्वितीय तथा रंजना कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में आशी साहू ने प्रथम, स्नेहा जैन ने द्वितीय तथा अदिति सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा. रीतेश कुमार खरे ने किया। कार्यक्रम में डा.मनीष कुमार वर्मा, डा. रविंद्र कुमार सरोनिया, डा.डी.के.साहू, अर्चना सुरौठिया, अनुराधा सिंह, इच्छा, डा.सुनील यादव, छोटेलाल, पुरुषोत्तम आदि उपस्थित रहे। पवन कुमार, अविरल, आदित्य, सौम्या चंचल, सपना सेन, आशी साहू, स्नेहा, रंजना आदि छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31

ललितपुर। सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय, दैलवारा ललितपुर (उ. प्र.) द्वारा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2023 -24 में कक्षा 6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। ऑनलाइन फॉर्म नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2023 है। प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी जानकारी हेतु नवोदय विद्यालय, दैलवारा ललितपुर के निम्न स्टाफ सदस्यों महेश चंद (पीजीटी हिंदी) 9859069766, डी.सी.सैनी (पीजीटी भौतिक विज्ञान) 9129838088 से किया जा सकता है।

कविता वह सुरंग है जिसमें से गुजर कर मनुष्य एक विश्व को छोड़ कर दूसरे विश्व में प्रवेश करता है।
- रामधारी सिंह दिनकर

घरेलू विवाद में दंपति ने जहर खाकर की खुदकुशी

- शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव की घटना
- पहले पत्नी फिर पति ने उठाया आत्मघाती कदम

रोती बिलखती महिलाएं।

भास्कर न्यूज

बांदा। ससुराल में युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे इलाज के लिए कानपुर ले जाया जा रहा था, वहां रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पत्नी की मौत की खबर सुनते ही पति घर से दूर निकल गया और रास्ते में उसने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल परिजन घटना का कारण अज्ञात बता रहे हैं। उधर अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव निवासी प्रीती (25) पत्नी रामरूप प्रजापति ने शुक्रवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने के बाद घरवालों को जानकारी हुई। परिजन उसे लेकर तत्काल जिला अस्पताल आए, वहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताकर उसे कानपुर रेफर कर दिया। घरवाले प्रीती को लेकर कानपुर जा रहे थे, तभी रास्ते में ही युवती ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर आ गए। पत्नी की मौत से बदहवास पति रामरूप (30) पुत्र बदलू प्रजापति ने घर से दूर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर तड़पने के बाद उसने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक साथ हुई दो मौतों से गांव में सन्नाटा पसर गया। सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घटनास्थल की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतका के जेठ जगरूप का कहना है कि रामरूप मजदूरी करता था। त्योहार होने की वजह से घर में सभी लोग खाना खा रहे थे। घटना को अंजाम देने से पहले प्रीती ने अपनी जेठानी और एक अन्य महिला के साथ खाना खाया। कुछ ही देर के बाद उसे उल्टी होने लगी। तब जहर खाने की जानकारी हुई। उसे अस्पताल से कानपुर लिए जा रहे थे, रास्ते में ही दम तोड़ दिया। प्रीती की मौत के बाद रामरूप ने भी यह घटना अंजाम दे दी। घटना का कारण अज्ञात है। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि दंपति के मौत की कारणों की जांच की जा रही है। कभी-कभी दंपति के बीच आपसी विवाद हो जाता था।

बच्चों के सिर से उठा माता-पिता का साया: बांदा। खुदकुशी करने से पहले प्रीती ने यह नहीं सोचा था कि उसके बच्चों का हाल क्या होगा। प्रीती के तीन बच्चे हैं। इसमें बड़ी बेटी क्षमा (6), श्रेया (3), आदर्श (4 माह) हैं। माता-पिता की मौत होने के बाद मासूम बच्चे अपनी मां को भरी हुई आंखों से निहार रहे थे। शव जरूर जमीन पर पड़ा हुआ था, नजदीक में बच्चे बैठे हुए थे। दोनो माता पिता की मौत के बाद से बच्चों के सिर से साया उठ गया। अब उनके पालन पोषण की समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

खुदकुशी करने से पहले प्रीती ने मां से की थी बात: बांदा। खुदकुशी करने से पहले प्रीती अपनी मां शिवकली से फोन पर बातचीत कर रही थी। उसे भी मकर संक्रांति में मायके जाना था। मां भी बेटी के त्योहार में आने का इंतजार कर रही थी। इतना ही नहीं मां ने दामाद रामरूप को भी त्योहार में घर बुलाया था। प्रीती के माता पिता इंतजार कर रहे थे, शाम होते ही दोनो की मौत की खबर मिली तो बदहवास हो गए। प्रीती के पिता ज्ञानचंद्र का कहना है कि दोनो के बीच क्या बात हुई, यह उसे जानकारी नहीं है। कभी भी दोनो दंपति के बीच विवाद नहीं हुआ।

गर्म तेल से बालक झुलसा

बांदा। शहर के बिजली खेड़ा मुहल्ला निवासी अयांश (5) पुत्र ज्ञान सिंह शनिवार की सुबह रसोई घर में खेल रहा था। तभी गर्म तेल से भरी कड़ाही उस पर गिर गई, इससे वह झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

करंट लगने से युवक झुलसा

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के बिलवई गांव निवासी विजयदई (22) पुत्र रामसजीवन शनिवार की सुबह घर में कोई काम कर रहा था, तभी उसका हाथ करंट के खुले तार में छू गया। इससे करंट की चपेट में आकर वह झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

बांदा। शहर के परशुराम तालाब मुहल्ला निवासी सफीक (30) पुत्र मुन्ना ने शुक्रवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हो सकी। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव निवासी सुभाष (25) पुत्र ओमकार ने शुक्रवार रात पारिवारिक कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई, तब घरवालों को घटना की जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सांड़ के हमले से चतुर्थ श्रेणी कर्मी घायल

बांदा। रोडवेज बस स्टैंड में किसी काम से जा रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर सांड़ ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रोडवेज बस स्टैंड में रामराज (58) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के तौर पर काम करता है। शुक्रवार की शाम वह सड़क की तरफ जा रहा था, तभी सांड़ ने उस पर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने किसी तरह उसकी जान बचाई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रत्येक पोलिंग सेंटर में कामकाजी बैठक करने के निर्देश

बैठक को संबोधित करते भाजपा जिला संयोजक।

शिक्षक एमएलसी को लेकर भाजपा की बैठक

भास्कर न्यूज

बांदा। शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित आवश्यक बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी 4 दिनों के अंदर जनपद के प्रत्येक पोलिंग सेंटर में कामकाजी बैठक कर मतदाता संपर्क अभियान शुरू करने को कहा गया। बैठक में शिक्षक एमएलसी चुनाव के जिला संयोजक विवेकानंद गुप्ता ने विषयवस्तु रखते हुए कहा कि जिले के सभी 10 मतदान केंद्रों में विद्यालय सह मतदाता सूची बनाकर मतदाता संपर्क का कार्य प्रभावी ढंग से टोली के साथ करना है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला संयोजक संजय सिंह ने बैठक में अपेक्षित विधानसभा संयोजक, मतदान केंद्र संयोजक तथा जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सभी विधानसभाओं के मतदान केंद्र का विस्तृत वृत्त लिया। प्रत्येक पदाधिकारी को कम से कम 10 मतदाता की जिम्मेदारी देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक एमएलसी चुनाव में बढ़-चढ़कर भागीदारी करना है। प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर संचालन समिति बनाई गई और जिले स्तर पर भी संचालन समिति बनाकर कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि पोलिंग की बैठकों में मतदान केंद्र प्रमुख, सहप्रमुख, संचालन समिति के कार्यकर्ता, स्कूल प्रमुख आदि को बुलाकर मतदाता संपर्क के प्रमुख तय करते हुए प्रबंधक, प्रधानाचार्य सम्मेलन की सूची तैयार करना है। बैठक का संचालन कर रहे जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित ने कहा कि हम लोगों को अपने जिले से ही प्रत्याशी मिला है इसका लाभ पूरे जनपद में मिलेगा और भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीतेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री कालू सिंह राजपूत, उत्तम सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, राकेश मिश्रा, राजेश सिंह परिहार, विजय ओमर, सुधीर कुशवाहा, शैलेंद्र प्रताप सिंह चौहान, अतुल दीक्षित, चंद्रमोहन श्रीवास्तव तथा श्यामबाबू पाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

11 फरवरी को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

जानकारी देते विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य।

भास्कर न्यूज

बांदा। जिला जज/अध्यक्षा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मकर संक्रांति के अवसर पर भूरागढ़ किले पर मेला परिसर मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बताया कि आगामी 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। शिविर की अध्यक्षता तहसील सचिव/तहसीलदार सदर ने की। शिविर में जानकारी दी गई कि मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों, स्थायी लोक अदालत के साथ 11 फरवरी को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, मोबाइल फोन व केबल नेटवर्क संबंधी प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से सम्बंधित प्रकरण दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद/दाम्पत्य विवादों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर अधिक से अधिक समाधान योग्य वादों का निस्तारण, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामले, जनोपयोगी सेवाओं तथा वाणिज्य कर से सम्बन्धित प्रकरण, राजस्व/चकबन्दी/श्रम वाद, चालानी वाद व शमनीय प्रकृति के लघु आपराधिक वाद आदि मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते/संस्वीकृति के आधार पर किया जायेगा। यह भी बताया कि 21 जनवरी को आरबीट्रेशन वादों की विशेष लोक अदालत एवं 8, 9 व 10 फ़रवरी को लघु वादों से सम्बन्धित विशेष लोक अदालत का किया जाना भी प्रस्तावित है। शिविर मे विशेष अतिथि के रूप में एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, एसडीएम सदर सुरभि शर्मा के साथ ही तहसीलदार सदर पुष्पक, कविता अग्रहरी, सुमन शुक्ला, कुसुम यादव, बुशरा, राशिद अहमद, डीईओ नासिर अहमद, सोभित निगम, जितेंद्र सिंह व मनीष कश्यप उपस्थित रहे।

मकर संक्रांति पर खिचड़ी का भंडारा, राहगीरों को बांटा प्रसाद

खिचड़ी वितरण करते सपाई।

भास्कर न्यूज

बांदा। शहर समेत जिले में विभिन्न स्थानों पर मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के बीएसए कार्यालय स्थित हनुमान मंदिर के नजदीक वरिष्ठ सपा नेता की अगुवाई में खिचड़ी का भंडारा हुआ। जिसमें तमाम लोगों ने प्रसाद छका। इस मौके पर गरीबों और जरूरतमंदों को ठंड से बचाव को गर्म वस्त्र बांटे। वरिष्ठ सपा नेता ओमनारायण त्रिपाठी 'विदित' की अगुवाई में बीएसए कार्यालय स्थित हनुमान मंदिर के नजदीक शनिवार को मकर संक्रांति पर खिचड़ी का भंडारा आयोजित हुआ। इस दौरान सैंकडों लोगो ने भंडारे में खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से लेकर देर शाम तक खिचड़ी भंडारा में लोगों की कतार लगी रही। भंडारा व्यवस्थापकों ने पूरी लगन के साथ सभी को खिचड़ी बांटते हुए मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ सपा नेता ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व हमारी आस्था एवं संस्कृति के महान गौरव को याद दिलाता है। इस प्रकार के आयोजन से समाज के अनेक लोगों को एक साथ बैठने का अवसर प्राप्त होता है। जिससे उनके अंदर आत्मीयता एवं सामाजिक समरसता का भाव पैदा होता है। ऊंच-नीच और जात-पात का भेदभाव भी खत्म होता है। उधर, सपा नेता ने इस मौके पर जरूरतमंदों और गरीबों को ठंड से बचाव के लिए गर्म वस्त्रों का वितरण किया। गर्म कपड़े पाकर गरीब-असहायों के चेहरे खुशी से चमक उठे। इस मौके पर सपा कोषाध्यक्ष प्रियांशु गुप्ता, वरिष्ठ नेता इमरान अली राजू, अशोक सिंह गौर, पियूष गुप्ता, अशोक श्रीवास, प्रदीप सिंह परिहार बउवा, राजन सिंह चंदेल, जनमेजय सिंह, चांद खां, मुशीर अहमद समेत तमाम लोग शामिल रहे।

तिथियों के फेर में फंसा मकर संक्रांति का त्योहार, आज भी मनेगा पर्व

नौका विहार का आनंद लेते लोग।,

भूरागढ़ मेला का लुत्फ उठाते श्रद्धालु।,

नटबली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

- भूरागढ़ दुर्ग व नटबली मंदिर में दो दिवसीय मेला का आगाज
- श्रद्धालुओं ने केन नदी तट पर लगाई डुबकी, मंदिरों में रही भीड़

भास्कर न्यूज

बांदा। मकर संक्रांति पर्व एक बार फिर तिथियों के फेर में फंस गया। पंचांग के अनुसार सूर्य देव शनिवार रात 8 बजकर 21 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में उदया तिथि रविवार 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जायेगी, लेकिन नियत तिथि को मानने वाले कुछ लोगों ने शनिवार को ही मकर संक्रांति मनाते हुए केन नदी में डुबकी लगाकर स्नान-दान दिया। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में जाकर श्रद्धालुओं ने माथा टेककर भगवान से आशीर्वाद मांगा और गरीबों में खिचड़ी का दान किया।

रविवार को सुबह से ही केन किनारे लोगों की भीड़ जुटने लगी। देखते ही देखते केन नदी के विभिन्न घाटों में श्रद्धालुओं का मेला लग गया। नदी का पानी छिछला होने के कारण सबसे ज्यादा भीड़ छुलछुलिया घाट में लगी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, केन तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। लोगों ने केन की गोद में श्रद्धा की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों ने भ्रमण करते हुए खरीददारी कर मेले का आनंद लिया और स्नान-दान करके पुण्य लाभ अर्जित किया। मकर संक्रांति के मौके पर स्नान के बाद दान करने की परंपरा को निभाने के लिए जहां श्रद्धालुओं ने गरीबों में खिचड़ी और वस्त्र का दान किया, वहीं शहर के महेश्वरी देवी मंदिर, वामदेवेश्वर मंदिर, संकटमोचन मंदिर, काली देवी मंदिर समेत सभी छोटे बड़े मंदिरों में गरीबों की खासी भीड़ लगी रही। आम लोगों के साथ राजनीतिक दलों के लोगों ने भी दान की परंपरा निभाई।

नौका विहार के साथ मनाई पिकनिक: मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को केन नदी तट पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी। एक ओर जहां श्रद्धालुओं ने नदी में डुबकी लगाई और खिचड़ी का दान किया वहीं लोगों ने नदी तट पर खूब मौज मस्ती भी की। स्नान-दान के बाद तमाम लोगों ने केन किनारे भोजन किया, वहीं तमाम लोगों ने नौका विहार का भी लुत्फ उठाया। डीएम के निर्देश पर इस बार भी केन किनारे नगर पालिका की ओर से महिलाओं के वस्त्र बदलने को विशेष प्रबंध किये गए थे। केन के तट पर पूरा दिन मेला लगा रहा। नदी तट के समीप स्थित भूरागढ़ दुर्ग में भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। केन नदी के छुलछुलिया घाट से पैदल ही नदी पार कर लोगों ने मेले में जाकर मौज-मस्ती की। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये नदी तट से लेकर रेलवे ट्रैक तक पुलिस फोर्स की व्यवस्था रही।

नटबली की मजार पर टेका माथा: मकर संक्रांति पर्व पर एतिहासिक कालिंजर व भूरागढ़ स्थित नटबली मंदिर में मेले का आयोजन हुआ। प्रेमी जोड़ों ने नटबली की मजार पर माथा टेककर मोहब्बत की लंबी उम्र की कामना की। इसे आशिकों का मेला भी कहते हैं। मेला देखने को शहर समेत दूरदराज से लोग जुटे।

लोगों ने प्राचीन भूरागढ़ किला घूमकर आनंद उठाया। उधर मेले में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था चाकचौबंद रही। मटौंध व भूरागढ़ समेत आसपास थानों की फोर्स तैनात रही। युवा नटबली प्रेमी की कहानी से जुड़े इस मेले में हर वर्ष बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शरीक होते हैं। यहां दो मंदिर हैं। किंवदंती है कि पहला प्रेमी नटबली और दूसरा मंदिर उसकी प्रेमिका किलेदार नोने अर्जुन सिंह की बेटी का है। प्रेमी जोड़ों ने भी यहां हाजिरी लगाई।

शहनाइयों का दौर भी शुरू हो गया: मकर संक्रांति के साथ रविवार से सहालग आरंभ हो जाएंगी। इस वर्ष विवाह के 60 मुहुर्त हैं, जिसमें हजारों घरों में शहनाइयां बजेंगी। सहालग शुरू होने से नाते रिश्तेदारों ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बाजारों में कपड़ों की दुकानों रौनक बढ़ने लगी है। साल में पांच महीने को छोड़कर हर महीने शादियों के लिए शुभ मुहुर्त हैं। शादियों को लेकर केवल दूल्हा-दुल्हन के घरों में ही नहीं, बल्कि उनसे जुड़े नाते-रिश्तेदार भी विवाह की तैयारियों में जुट जाते हैं। कपड़ों से लेकर अन्य तैयारियां भी करते हैं। पं.मनोज द्विवेदी बताते हैं कि अप्रैल, जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर में शादियां नहीं हैं। जनवरी में 9, फरवरी में 13, मार्च में 1, मई में 14, जून में 11, नवंबर में 5, दिसंबर में 7 दिन विवाह के योग्य तिथियां निकली हैं। 26 जनवरी बसंत पंचमी को सबसे ज्यादा शादियां होंगी, वहीं फरवरी महीने में करीब एक दिन छोड़कर शादियां हैं।

सार सुर्खियां

ईनामी दंगल में पहलवानों ने दिखाए कुश्ती के दांवपेंच



भास्कर न्यूज

बांदा। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित अंतर्राज्यीय दंगल में पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। महिला पहलवानों की कुश्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दंगल में एक दर्जन से ज्यादा कुश्तियां बराबरी पर छूटीं। आयोजकों ने विजेता और उप विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया।

श्री श्री 1008 नागा स्वामी जी महराज के आशीर्वाद से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शहर सीमा पर केन नदी किनारे आबाद भूरागढ़ गांव स्थित क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित ईनामी दंगल में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, बरेली, नेपाल के नामी-गिरामी पहलवानों के साथ ही स्थानीय पहलवानों ने शिरकत की। दंगल देखने को भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। अखाड़ा के इर्दगिर्द हजारों की संख्या में लोगों ने पहलवानों के दांवपेंच देखे। लाड़ी बाबा (अयोध्या), मौसम अली (पंजाब), अभिनायक (नेपाल), नंदनी (पंजाब), ज्योति (कन्नौज), खुशी (उत्तराखंड), प्रदीप केशरी (बांदा), सुनील (बनारस) जावेद (मेरठ), विक्रमा (हरियाणा) आदि पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन किया। दंगल में महिला पहलवानों की कुश्ती आकर्षण का केंद्र रहीं। कांटे के मुकाबले में महिला पहलवानों की कुश्ती बराबरी पर छूटी। संचालन कमलेश कुमार, राजू, अरनाम ने किया। इस मौके पर रामू अजूबा, राहुल, लल्लू, बाबू सिंह यादव, बलवंत खंगार, विनोद, आशीष वर्मा आदि मौजूद रहे।

नाबालिग का हाथ तोड़ने पर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

भास्कर न्यूज, नरैनी। नाबालिग लड़के के साथ अमानवीय व्यवहार के ममाले को संज्ञान में लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर करते हुए दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया। मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई है। जांच में आये तथ्यों के आधार पर दोषियों कार्यवाही तय की जायेगी।

कालिंजर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुढ़ाकलां चौकी के गणेशनपुरवा निवासी लालमन पुत्र रामकृपाल केवट ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मामले से अवगत कराते हुए बताया था कि उसका भाई सुमेरा पुत्र रामकृपाल केवट मानसिक रूप से विछिप्त है। 26 दिसम्बर को बसराही चौराहे में देशी शराब व उसके सामने स्थित किराने की दुकान में चोरी की घटना हो गयी थी। 8 जनवरी को चोरी के शक पर चौकी पुलिस जीतू (13) पुत्र सुमेरा को चौकी ले आई। पुलिस कर्मचारी उससे वहां झाडू-पोंछा का काम करवाते रहे। इसी दौरान चोरी की घटना उजागर करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए जीतू के बांये हाथ पर डंडे से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। जब परिवार के लोग चौकी पहुंचे तो पुलिस ने नरैनी ले जाकर उसके हाथ में कच्चा प्लास्टर बंधवा दिया। इसके बाद नाबालिग घायल जीतू कस चाचा लालमन केवट उसे अपने साथ एमपी के सतना ले गया। और यहां मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया। वहां से लौटकर पीड़ति के चाचा ने मामले की शिकायत एसडीएम के यहां दर्ज करवाकर न्याय की फरियाद की। एसडीएम ने पीड़ति की शिकायत से पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। जिस पर अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा ने पीड़ति के आरोप पर मामले को संज्ञान लेते हुए गुढ़ा चौकी इंचार्ज अजीत प्रताप सिंह को लाइन हाजिर करते हुए चौकी में तैनात दो पुलिसकर्मियों हेमंत कुमार और आशीष कुमार के खिलाफ निलम्बन की कार्यवाही की और मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार को सौंपी है। अपर एसपी ने यह भी बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

सास की प्रताड़ना से परेशान युवती ने फांसी लगाकर जान दी

मटौंध थाना क्षेत्र के कंधी पुरवा गांव का मामला

भास्कर न्यूज , बांदा। सास की प्रताड़ना से परेशान युवती ने कमरे के अंदर बांस के सहारे दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव देखा तो चीख पड़े। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मटौंध थाना क्षेत्र के कंधी पुरवा गांव निवासी रीता अनुरागी (23) पत्नी धनीराम अनुरागी ने शनिवार की सुबह करीब 6 बजे कमरे के अंदर बांस की बल्ली के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो मौके पर पहुंचे पति ने देखा तो उसका शव कमरे के अंदर फंदे के सहारे लटक रहा था। शव देखते ही परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति का कहना है कि पत्नी से किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। उधर मृतका के भाई हरगोविंद निवासी बारीगढ़ ने बताया कि रीता की शादी पिछले वर्ष हुई थी। उसके एक बच्ची है। आरोप लगाया कि कामकाज को लेकर सास उसकी बहन को प्रताड़ति करती थी। इसी से परेशान होकर उसकी बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वह कार्रवाई करेगा।

मारपीट की घटनाओं में मां-बेटी समेत नौ लोग घायल

गिरवां थाना क्षेत्र के मसुरी और मुरवां गांव में हुई घटनाएं आपसी बटवारे को लेकर चाचा भतीजे भिड़े, चली लाठी

भास्कर न्यूज, बांदा। गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मां-बेटी समेत चार लोगों को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोरशराबा सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। एक अन्य घटना में आपसी बटवारे को लेकर चाचा भतीजों में लाठियां चल गईं। उसमें पांच लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। गिरवां थाना क्षेत्र के मसुरी गांव निवासी मुन्नी (50) पत्नी पूरन गोपाल शुक्रवार की शाम घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी पड़ोसी युवक शराब के नशे में धुत होकर आया और गाली-गलौज करने लगा। मुन्नी ने इसका विरोध किया। इसी बात से नाराज होकर दबंग युवक ने मुन्नी को लाठी से पीटना शुरू कर दिया। मां को पिटता देख तीन बेटियां रामपति (25) पत्नी मिथलेश, सुमन (20) पत्नी अरुण, रजनी (16) बचाने आई तो उसे भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद घायलों ने हमलावर युवक को भी पकड़ लिया, उसको मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। सभी घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। दूसरी घटना में इसी थाना क्षेत्र के मुरवां गांव निवासी संजय (21) पुत्र गिरधारीलाल का हिस्सा बाट को लेकर अपने चाचा नत्थू से विवाद हो गया। दोनो के बीच गाली-गलौज होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों में लाठियां चल गईं। इसमें एक पक्ष के संजय और उसका भाई मंजय (20), दूसरे पक्ष के चाचा नत्थू (40), उसकी पत्नी सावित्री (38), पुत्र अजय (18) घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

जब मरने के बाद श्मशान में डाल दिए जाने पर सभी लोग समान रूप से पृथ्वी की गोद में सोते हैं, तब मूर्ख मानव इस संसार में क्यों एक दूसरे को ठगने की इच्छा करते हैं।

-वेदव्यास

पुलिस ने चलाया एंटीरोमियों चेकिंग जागरूकता अभियान

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। जनपद हमीरपुर पुलिस के समस्त थानों में गठित एंटीरोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा व सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत बस स्टैंड/बाजार/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एंटीरोमियों टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/एंटीरोमियों टीम व उप्र. पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कांल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं/महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। एंटीरोमियो स्क्वाड द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई व बिना वजह घूम रहे युवकों/ शोहदों से पूंछताछ कर हिदायत दी गई।

सहकार भारती के प्रदेश मंत्री ने बताई बीज व जैविक उत्पादन की गुणवत्ता

भास्कर न्यूज-राठ। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता और केंद्रीय गृह एवम् सहकारिता मंत्री अमित शाह की अगुवाई में केंद्रीय मंत्री मंडल द्वारा 11 जनवरी को बीज निर्यात और जैविक उत्पाद के लिए तीन राष्ट्रीय स्तर बहु राज्य सहकारी समितियों के गठन की स्वीकृति प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर सरकार भारतीय उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का आभार जताया। सहकार भारती के प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनी ने शुक्रवार को बताया कि जैविक जकार्ता जैविक उत्पादों के एकत्रीकरण खरीद ब्रांडिंग और वितरण के लिए छाता संगठन के रूप में कार्य करेगी बीज, सहकारिता उपज अंतराल को कम करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगी मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी अधिनियम 2002 के तहत एक्सपोर्ट सोसाइटी सहकारी समितियों के समावेशी विकास मॉडल के माध्यम से सहकार से समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी उन्होंने बताया कि आप बहु राज्य सहकारी समितियां राष्ट्रीय स्तर के सहकारी , संघ और अन्य इसके सदस्य बन सकते हैं मूल रूप से 3 नई सहकारी समितियां ना केवल सहकारी समिति मंत्र को प्राप्त करने में मदद करेंगे बल्कि किसानों की आय को दोगुना करने में भी मदद करेगी कृभको पूर्व में ही बीज से करता को आकार देने में कार्यरत है।

आधा दर्जन लोगों ने एक व्यक्ति को तमंचा कुल्हाड़ी से हमला कर किया घायल

भास्कर न्यूज-मौदहा। क्षेत्र के ग्राम मांचा में बीती रात आधा दर्जन लोगों ने गांव के ही एक व्यक्ति को नाजायज तमंचा कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया जिसकी तहरीर पर मौदहा कोतवाली में मामला पंजीकृत किया है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के मांचा निवासी जावेद अली ने तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात वह अपने घर में था तभी गांव के ही सरफराज अली ने आवश्यक कार्य हेतु उसे मजार के पास बुलाया जब उसके बुलाने पर वह मजार के पास पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद सरफराज अली के साथ दिलशाद अली, हुमायूं अली पुत्रगण पप्पू व पप्पू पुत्र अहमद अली अपने हाथों में लिए नाजायज तमंचा व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हालत पर गिर पड़ा। यह देख जब ग्राम वासियों ने ललकारा तो जान से मारने की धमकी देते हुए छोड़कर भाग गए। घायल को ग्रामीणों व परिजनों ने मौदहा पहुंचकर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उक्त मामले में मौदहा कोतवाली पुलिस ने तहरीर मिलते ही उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

वक्फ बोर्ड 81 कमेटी का विवाद थमने का नही ले रहा नाम

भास्कर न्यूज-मौदहा। कस्बा स्थित वक्फ बोर्ड 81 कमेटी का विवाद थमने का नाम नही ले रहा है, कई वर्षो से चल रहे इस विवाद में अब नया मोड़ फिर से आ गया है। पूर्व कमेटी के सुलेमान द्वारा एक विज्ञप्ति देते हुए बताया की सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ने नई गठित कमेटी द्वारा भ्रष्टाचार किये जाने पर संचालन में रोक लगा दी गई है। आपको बता दें की कस्बे के उपरौस में 17- 18 वर्ष से संचालित वफ्फ बोर्ड कमेटी 81 का संचालन पूर्व अध्यक्ष सुलेमान द्वारा किया जा रहा था जिस पर हो रही अनियमितताओं की शिकायत रफीक उद्दीन ने वफ्फ बोर्ड चैयरमैन से की थी जिसकी जांच के बाद दिनाँक 18 सितंबर 2021 को शिकायत को सही पाए जाने पर कमेटी भंग कर नई कमेटी बनाकर मोहम्मद जावेद व अजहर उद्दीन को कमेटी की बागडोर सौंपी थी, जिस पर पूर्व कमेटी के सुलेमान ने पुनः नई कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बोर्ड में भ्रष्टाचार की शिकायत की तो वफ्फ बोर्ड अध्यक्ष ने पूर्व 18 सितंबर 21 के आदेश को रद्द करते हुए अगले आदेश तक संचालन पर रोक लगा दी है। वही अल्प संख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल हमीरपुर ने बताया की इस तरह का आदेश की प्रति मुझे भी प्राप्त हुई है।

डीएम व एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

फरियादियों की शिकायते सुनते डीएम व एसपी

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। स्थानीय थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी ने आकर लोगो की समस्या सुनी। दो शिकायती पत्र दर्ज किए गए हैं। कुरारा थाना परिसर में आयोजित समस्या समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित दो शिकायती पत्र दर्ज किए गए हैं। जिनके निस्तारण हेतु संबंधित लेखपाल को निर्देश दिए गए हैं। समस्या समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक भी मौके पर मौजूद रहे।

आरसीबी हथौड़ा ने सात विकेट से जीता मैच

मैच खेलते खिलाड़ी

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। डा. एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम ग्राम गुसियारी में जीपीएल क्रिकेट टूनामेंट में दूसरा लीग मैच आरसीबी हथोड़ा व हर्ष इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें टास हर्ष इलेवन ने जीता। पहले बल्ले बाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये हर्ष इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 63 रन बनाए। जवाब में उतरी आरसीबी ने कुल तीन विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरीके से ये मैच आरसीबी हथौड़ा ने सात विकेट से जीत लिया। इस मैच के मैन आफ द मैच रहे आरसीबी के नारायन तिवारी। जिन्होंने चार जबरजस्त सफलता प्राप्त की। वही आज का दूसरा मैच मानिकपुर मौदहा तकिया के बीच खेला जा रहा है। मानिकपुर ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। निर्धारित 12 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मानिकपुर ने निर्धारित 12 ओवर में 108 रन आठ विकेट खोकर बनाए। जवाब में उतरी मौदहा तकिया की टीम मात्र 8 ओवर में 52 रन बनाकर आंल आउट हो गई। इस तरीके से मानिकपुर ने 56 रनों से यह मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में अच्छा खेलते हुए चार विकेट दस रन बनाकर देवेंद्र मैन आंफ द मैच रहे। अंपायर की भूमिका आमिर जमाल राजुद्दीन ने निभाई। इस मैच में सरदार अहमद, कुलदीप सिंह, इरशाद खान, नवाब खान, सहित तमाम मेंबर कमेटी के मौजूद रहे।

क्वेस्ट फार एजुकेशन ने टीचर वर्सेस स्टूडेंट का कराया मैच

विजय मुद्रा में खिलाडी

भास्कर न्यूज़-राठ। आज क्वेस्ट फ़ॉर एडुकेशन के द्वारा इंडस वैली पब्लिक स्कूल के ग्राउंड पर टीचर्स ग्प और स्टूडेंट्स ग्प के बीच 20 ओवर का फथ्म ब्नच का आयोजन किया गया।टॉस टीचर्स ग्प के कप्तान नरेश राजपूत ने जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। ओपनिंग नरेश सर और दिनेश सर ने की और पहले ही ओवर में नरेश सुर का कीमती विकेट स्टूडेंट्स Ůप को मिला।इसके बाद बृजेश सर और सर्वेश सर भी क्रमशः 3 रन और 2 रन बनाकर आउट हो गए।दूसरे छोर पर दिनेश सर टिके रहे और टीम के लिए 56 रन बनाए।वहीं सचिन और रविकान्त ने ताबड़तोड़ पारी खेलतें क्रमशः 33 और 34 रन बनाये। विनय सर ने 10 रन,महिपाल सर ने 0 और गौरव सर ने 1 रन बनाए और टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 179 रन बनाए। स्टूडेंट्स ग्प की तरफ से मयंक ने 4 विकेट लिए। स्टूडेंट्स ग्प ने अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े।स्टूडेंट्स ग्प की और से पीयूष और उपांशु ने शुरुआत की।पहला विकेट पीयूष के तौर पर गिरा।पीयूष 17 रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद विकेट का पतझड़ लग गया। प्रोन्नत ने मैच को संभाला और 26 रन का स्कोर किया।प्रोन्नत के आउट होने के बाद हर्ष अंत तक टिके रहे और 15 रन बनाकर नाबाद लौटे पर बाकी पूरी टीम 12 ओवर में 89 रन बनाकर सिमट गई। फ.थ.म.कप को टीचर्स ग्प ने 90 रन से जीत लिया। कमेंट्रेटर की भूमिका रवि सर और प्रवेश सर के द्वारा और अंपायर की भूमिका रामेन्द्र शुक्ला द्वारा निभाई गई।

हजारो माँ भक्तो ने बेतवा नदी में स्नान कर माँ माहेश्वरी देवी में मत्था टेका

- मंदिर देश के कोने-कोने से आने वाले लोगो की आस्था व श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है

मां माहेश्वरी के दर्शन करते लोग

भास्कर न्यूज-सरीला। क्षेत्र के भेंड़ी डाँडा में स्थित माँ माहेश्वरी मंदिर का इतिहास हजारो वर्ष पुराना है।मकरसंक्राति के त्योहार में मेला व खिचड़ी का आयोजन होता है।जिसमे हजारो की संख्या में श्रदालु आते है। और बेतवा नदी में नहाते है।और मंदिर में जल चढ़ाते है।सभी की मन्नते पूरी होती है। आज मंदिर परिसर में माँ भक्तो के द्वारा सभी माँ भक्तो को खिचड़ी व हलुआ का प्रसाद बितरण किया गया। हमीरपुर जिले से मात्र 50 किलोमीटर दूरी पर जलालपुर क्षेत्र के भेड़ी डांडा में माता महेश्वरी देवी के मंदिर का इतिहास हजारो वर्ष पुराना है। बुंदेलखंड के श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचते है,यह एक एक अनूठी परम्परा भी की मकर सक्रान्ति में भव्य मेले ओर खिचड़ी का आयोजन किया जाता है। क्योंकि उनकी मन्नत पूरी होती है। हालांकि पूरे क्षेत्र में लोहड़ी के पर्व में माता रानी के दर्शन के लिये सैलाब उमड़ पड़ता है। देवी गीत और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है भेड़ी डांडा में महेश्वरी देवी के मंदिर में माता महेश्वरी देवी का मंदिर बेतवा नदी के किनारे बना हुआ है। मां महेश्वरी देवी विकास समिति के कार्यालय प्रभारी अशोक दादा ने बताया कि मंदिर बहुत पुराना है, यहां पुलिस बल श्रद्धालुओं की सहुलियत के लिये बड़ी संख्या में लगा हुआ है। यह मन्दिर बेतवा नदी किनारे स्थित है।लोग नदी में लोहडी के दिन स्नान करने के पश्चात मन्दिर में दर्शन करने आते है। और दिनभर माँ भक्तो को खिचड़ी का प्रसाद दिया जाता है।और यह त्योहार यहाँ सेकड़ो वर्षो से मनाया जाता है।

सजल गुप्ता का किया सम्मान

गुरसराय। लाल बहादुर शास्त्री समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष संजय गुप्ता के पुत्र सजल गुप्ता का इंदौर के शिक्षण संस्थान से बीए की परीक्षा उत्तीर्ण पर नगर के बुद्धिजीवियों ने उनका स्वागत किया ।शिक्षण संस्थानों एवं व्यापार संस्थाओं के संचालकों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

सी ए सजल गुप्ता ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा केसी जैन स्कूल गुरसरांय में हुई।

इसके बाद कक्षा 12 की शिक्षा बी एस एस इंटर कॉलेज कानपुर तथा सीए आईसीए टी इंदौर से उत्तीर्ण की जो 4 साल की कड़ी मेहनत के बाद सफलता प्राप्त हुई ।उन्होंने सफलता को गुरुजनों एवं माता-पिता का आशीर्वाद बताया है ।

इस मौके पर लाल बहादुर समाज सेवी संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों में शिव सहाय कनकने, द्वारका प्रसाद गुप्ता, कृष्णकांत सोनी ,राकेश गुप्ता ,पवन अग्रवाल, हल्के भैया, नरेंद्र अग्रवाल, भोलानाथ विश्वकर्मा, प्रेम जैन ,प्रशांत जैन, अरविंद रावत ,प्रदीप गुप्ता, संतोष गुप्ता पिपरा वाले, रविंद्र साहू, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, दिनेश द्विवेदी, माधव प्रसाद शर्मा, जगदीश सहाय गुप्ता कैलाश प्रकाश गुप्ता जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पटेल, जगमोहन समेले, आदर्श द्विवेदी आदि उपस्थित रहे ।

अंत में संस्था के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

सड़क सुरक्षा माह में टोल प्लाजा पर वाहन चालकों को किया गया जागरूक

बंगरा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के टोल प्लाजा लुहारी पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग इकाई छतरपुर के निर्देशन में पीएनसी व सूर्या इंटरनेशनल के द्वारा टोल प्लाजा लुहारी पर सड़क सुरक्षा के तहत मार्ग से गुजर रहे हैवी वाहनों से लेकर चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों को यातायात अधिनियम के तहत सभी निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें सभी को सड़क पार करने से पहले वाहन और अपने बीच की उचित दूरी का इंतजार करना चाहिए, वाहन चलाते समय सेल फोन का उपयोग ना करें, बच्चों को सड़क पार करते समय उनका हाथ पकड़ कर रखें, सदैव उचित गति में वाहन चलाएं, वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करें। एक वाहन से दूसरे वाहन के बीच की उचित दूरी रखें। मुख्य रूप से यातायात के सभी नियमों का पालन निष्ठा पूर्वक करें। इस मौके पर मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रोजेक्ट मैनेजर पीएनसी, संजय तिवारी टोल मैनेजर सूर्या इंटरनेशनल, ओम कुमार डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर,पंकज कुमार, हरेराम यादव, संदीप सिंह आरपीओ, संजीव कुमार महेंद्र कुमार रामकृपाल शर्मा, दीपक सिंह सुनील कुमार अजय कुमार राहुल, बल्लू, बलराम, शिवम श्रीवास, राहुल कुशवाहा, रविंद्र श्रीवास, नंदू कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

सार सुर्खियां

अधेड़ की मौत से परिजनो में कोहराम

भास्कर न्यूज-हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के जखेला गांव निवासी मजदूर ई रिक्शा चालक की बीती रात ठंड लगने से मौत हो गई। परिजन उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। कुरारा क्षेत्र के जखेला गांव निवासी विजय भान 55 वर्ष पुत्र महेश्वरीदीन बीती रात गांव से अपना ई रिक्शा लेकर सवारी लेने कस्बा कुरारा में आया था। तथा रात में दो बजे वापस घर पहुंचा तथा बिस्तर पर सो गया। सुबह देर तक न जागने पर परिजनों ने जगाया तो वह बेहोशी की हालत में मिला। तब परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने ठंड लगने से मौत होना बताया है। अचानक हुई इस घटना से परिवार का रो-रोकर बुराहाल है।

जिला आकांक्षा समिति ने नगर में किये कंबल वितरित

कंबल वितरित करती जिला अधिकारी की पत्नी

भास्कर न्यूज-राठ। जिला आकांक्षा समिति ने नगर के गरीब असहाय व विकलांगों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें कंबल वितरित किये। कंबल पाकर पात्रों गरीबों के चेहरों पर संतोष के भाव दिखे। जिला अधिकारी की पत्नी ने नगर के हमीरपुर रोड स्थित मिनी क्रीडा स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन कर नगर के गरीब असहाय, विकलांग व विधवाओं को इस बीच सर्दी से बचाने हेतु कंबल वितरित किये। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। उन्हें समानता समानता का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वह आज के आधुनिक युग में समानता का अधिकार लेने के साथ-साथ अपने दायित्वों का भी निर्वहन करते हुए देश व समाज के हितों की रक्षा करें।

कोंच टीम ने समथर को हराया

समथर। समीपस्थ ग्राम करई में चल रहे ग्रामीण स्तरीय किर्केट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में कोंच की टीम ने समथर की टीम को हराकर मैच जीत लिया । मैच का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा मण्डल अध्यक्ष अबधेश अग्रवाल"बल्लू सेठ"एवं जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भरत राजपूत ने किया । समथर ओर कोंच के बीच खेले गये मैच में समथर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करते हुये समथर की टीम ने निर्धारित 15 ओबरों में 8 विकेट खोकर 106 रन बनाए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोंच की टीम ने 12 ओबर में 108 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया । हरफनमोला खेल के लिए राजा कुशवाहा को मेन ऑफ द मैच चुना गया । कार्यक्रम के आरंभ में आयोजक कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़यों का परिचय लेते हुए मैच प्रारम्भ कराया गया । इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, मुन्ना दुबे,सलमान खान,बलबान सिंह राजपूत,दिग्विजय सिंह गुर्जर,दिलीप राजपूत,लालू राकयवर,पर्वत सिंह राजपूत,प्रखर नगाइच,मनीष दोहरे,शिवा गुर्जर,मनीष गोस्वामी,जाहर सिंह,राज परिहार,दर्शन रजक,रघुवीर पाल,करन सिंह राजपूत,जितेंद्र कुशवाहा,राहुल नगाइच आदि भारी सख्या में लोग मौजूद रहे ।

अभाविप ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई

गुरसरांय। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुरसरांय नगर इकाई द्वारा विश्व में भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित करने वाले युग प्रवर्तक एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती तहसील संयोजक गरौठा हरिशचंद्र नायक की अध्यक्षता में मनाई गई। उन्होंने कहा कि विवेकानंद द्वारा दी गई प्रेरणा वाकई किसी भी इंसान को न सिर्फ सफल बल्कि राष्ट्रभक्त बना सकती है।युवावस्था में ही वो इतना कुछ कह गए और कर गए की इतिहास वर्तमान और भविष्य उन्हे प्रणाम करता रहेगा।नगर मंत्री पारस नायक ने कहा कि जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी।नगर मीडिया संयोजक आयुष त्रिपाठी ने कहा कि जब तक जीना,तब तक सीखना,अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।नगर सोशल मीडिया संयोजक विकास अग्रवाल ने कहा कि यदि आप युवा है तो आपके पास सब कुछ आपके पक्ष में है इसलिए समय का सर्वोत्तम उपयोग करें। इस अवसर पर नगर सोशल मीडिया सह संयोजक हरनारायण सिंह घोष,नगर सहमंत्री काजल अग्रवाल,नगर सहमंत्री पारस देवलिया,राघवेंद्र प्रजापति,राज ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

विद्या ज्ञान की परीक्षा में अर्पण शर्मा ने जिले में चौथी रैंक पाई

गुरसरांय। नगर के टीचर्स कॉलोनी निवासी खेर इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता देवेंद्र कुमार शर्मा के नाती एवं आशुतोष शर्मा जिला सहसंयोजक भाजपा एवं प्रवक्ता जीव विज्ञान के कनिष्ठ पुत्र अर्पण शर्मा ने प्रथम प्रयास में उत्तर प्रदेश विद्या ज्ञान परीक्षा में सफलता प्राप्त की ।भाजपा की जिला मंत्री शीतल शर्मा के पुत्र अर्पण शर्मा की जनपद झाँसी में चौथी रैंक एवं नगर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उत्तरप्रदेश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा में चयन होने पर नगर के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

ग्राम पंचायत घुराट मैं पात्र आवासों का किया गया पंजीकरण

बंगरा। बंगरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत घुराट में पंचायत भवन में आज मकर संक्रांति के दिन भारी भीड़ देखने को मिली ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेंद्र चौबे ने बताया कि शासन की ओर से ग्राम में लगभग डेढ़ सौ आवास की सूची आई है जिसमें सभी लाभार्थियों को पंचायत भवन में बुलाकर आधार कार्ड और फोटो आदि को लेकर पंजीकरण फार्म भरे गए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ब्रजेंद्र चौबे के अनुसार आगामी 5 साल में एक भी लाभार्थी आवास से वंचित नहीं रहेगा हर गरीब और पीड़ित को पक्की छत दी जाएगी।

देश-विदेश

आज ही के दिन 2020 में आईसीसी ने भारतीय क्रिकेट टीम के रोहित शर्मा को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर चुना गया था।

सारसुर्खियां

फिलीपींस में बाढ़ से अबतक 20 की मौत

मनीला। फिलीपींस में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है, जबकि आठ अन्य घायल हो गए हैं। देश के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद ने शनिवार को बताया कि बाढ़ के कारण कुल 1,135 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 270 पूरी तरह से नष्ट हो गए। देश के 40 से अधिक शहरों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा है। बाढ़ से 170 से अधिक सड़कें और 44 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कुल 127 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें वर्तमान में लगभग 80,000 लोग रह रहे हैं।

इस्तांबुल में हमला

इस्तांबुल। तुर्की के इस्तांबुल के मध्य गोल्डन हॉर्न ब्रिज पर एक कार पर सशस्त्र हमला किया गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। तुर्की की आईएचए समाचार एजेंसी के अनुसार एक कार पर शनिवार सुबह हमला किया गया, जिसमें दो लोग सवार थे। पीड़ित और हमलावर दोनों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है और एडिरने की दिशा में पुल और ई-5 राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है।

इंडोनेशिया में भूकंप

जकार्ता। इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत बेंगकुलु में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह पांच बजकर 41 मिनट पर आया और रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र कौर जिले से 55 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और समुद्र तल के नीचे 18 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप से सुनामी का खतरा नहीं है। जान-माल के नुकसान की अब तक कोई सूचना नहीं है।

यूनिसेफ ने दीं दवाएं

लिलोंग्वे। यूनिसेफ ने हैजे के प्रकोप के जूझ रहे मलावी को जीवन रक्षक दवाएं और मेडिकल उपकरण भेजे हैं। मलावी सरकार ने देश भर में हैजे के प्रसार और मौतों में निरंतर वृद्धि के बाद सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन की अपील की। देश में हैजे के मरीज बढ़ रहे हैं।

नई दिल्ली में शनिवार को भूतपूर्व सैनिक दिवस पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर बलिदान जवानों को श्रद्धांजलि देते रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार और थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे। एजेंसी

पेरू में जोरदार संघर्ष, 50 लोगों की मौत

● सरकार के विरोध में चल रहा है प्रदर्शन

लीमा, एजेंसी। पेरू में पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हुए राष्ट्रव्यापी संघर्ष में एक पुलिस अधिकारी सहित 50 नागरिकों की मौत हो गई है। जबकि कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों में विशेषकर दक्षिणी क्षेत्र में 355 नागरिकों और 176 राष्ट्रीय पुलिस एजेंटों सहित 531 लोग घायल हो गए। कैस्टिलो के समर्थकों ने नई राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे को इस्तीफा देने के लिए कहा और कैस्टिलो की रिहाई के साथ-साथ राष्ट्रपति चुनाव कराने की मांग की। बोलुआर्टे ने 14 दिसंबर को हिंसा रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी 30-दिवसीय आपातकाल की घोषणा की। पुलिस ने गुरुवार रात अयाचुचो पीपुल्स डिफेंस फ्रंट के अध्यक्ष रोशियो लिएंड्रो मेलगर को गिरफ्तार कर लिया। अयाचुचो में दिसंबर में सबसे अधिक हिंसा हुई थी। पेरु की संसद ने सात दिसंबर, 2022 को पूर्व राष्ट्रपति कैस्टिलो पर महाभियोग लगाया और उन्हें तख्ता पलटने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने महाभियोग से पहले संसद को भंग करने की कोशिश की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री डीना बोलुआर्टे को देश का नया नेता नियुक्त किया गया था। इन घटनाओं से देश में विरोध की लहर है और प्रदर्शनकारी महाभियोग के बाद की सरकार की निंदा कर रहे हैं और तत्काल राष्ट्रपति चुनाव कराने और संसद को भंग करने का आह्वान कर रहे हैं।

329 लोगों की गिरफ्तार

पेरू में पुलिस ने दिसंबर में सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू होने के बाद से एक नाबालिग सहित 329 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ बड़े पैमाने पर दंगे, हिंसा, अधिकारियों के विरोध और सार्वजनिक सेवाओं के काम में बाधा डालने के आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पेरु की संसद ने सात दिसंबर, 2022 को पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो पर महाभियोग लगाया और उन्हें तख्ता पलटने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने महाभियोग से पहले संसद को भंग करने की कोशिश की थी।

आतंकवाद की चपेट में पनाहगार

पेशावर में पुलिस स्टेशन पर टीटीपी का आतंकी हमला

● डीएसपी समेत तीन पुलिसकर्मियों की हत्या

नई दिल्ली। आतंकवाद का पनाहगार पाकिस्तान अब खुद आतंकवाद की चपेट में आ गया है। पाकिस्तान में आतंकी हमलों में लगातार इजाफा हो रहा है। टीटीपी ने पाकिस्तान के पेशावर में एक पुलिस स्टेशन पर हमला बोल दिया, जिसमें गोलीबारी में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समेत तीन पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई।

पेशावर के एसएसपी कासिफ अब्बासी ने बताया कि दरअसल छह से सात हथियारबंद आतंकवादियों ने पेशावर के सरबंद पुलिस स्टेशन पर हैंड ग्रेनेड, स्वचालित हथियारों और स्नाइपर हथियारों की मदद से हमला किया। इस हमले के दौरान क्रॉस फायरिंग में तीन पुलिसकर्मी मारे गए। आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले में मारे गए पुलिसकर्मियों में डिप्टी सुपरीटेंडेंट ऑफ पुलिस सरदार हुसैन और दो कॉन्स्टेबल शामिल हैं।

खैबर पख्तूनवा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने कहा कि आतंकियों की तलाश में इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

टीटीपी विभिन्न कट्टरपंथी संगठनों का ग्रुप है, जो अफगानिस्तान पाकिस्तान की सीमा से संचालित होता है। साल 2007 में टीटीपी बना और हाल के दिनों में यह आतंकी संगठन लगातार पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है। टीटीपी ने बीते साल नवंबर के अंत में पाकिस्तान की सेना के साथ संघर्ष विराम खत्म कर दिया था। जिसके बाद से यह आतंकी संगठन लगातार पाकिस्तान की सेना और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले कर रहा है।

भुखमरी की कगार में पाकिस्तान

आतंकवाद का पनाहगार पाकिस्तान अब भुखमरी की कगार पर पहुंच चुका है। पाकिस्तान में कुछ माह पहले भीषण बाढ़ आई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने बाढ़ का हवाला देकर विश्व के कई देशों से लाखों डॉलर की सहायता प्राप्त की, लेकिन इन पैसों से देश के लोगों को कोई राहत नहीं दी गई, बल्कि जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान ने यह सभी पैसे भारत में आतंकवादी हमलों के लिये किया। अब पाकिस्तान में हालात बद से बदतर हो चुके हैं। आटा हो या प्याज, पाकिस्तान में महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है और जनता त्राहिमाम कर रही है।

आतंकवादी लूट ले गए हथियार

आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले में चार पुलिसकर्मियों के मारे जाने और तीन पुलिसकर्मियों के घायल होने का दावा किया है। साथ ही दो क्लाश्निकोव और मैगजीन और 47 हजार पाकिस्तानी रुपए लूटने का दावा किया। आतंकी संगठन टीटीपी ने डेरा गाजी खान जिले में तुनसा शरीफ तहसील में पुलिस चेकपोस्ट पर हमले की भी जिम्मेदारी ली है।

यूक्रेन के मायकोलाइव और कीव में विस्फोट

● रूस ने बुनियादी ढांचों को बनाया निशाना

कीव, एजेंसी। यूक्रेन की राजधानी कीव और मायकोलाइव क्षेत्र में शनिवार सुबह रूस ने जोरदार हमले किये। इन मिसाइल हमलों में कई लोगों की मौत की सूचना है। जबकि कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूस ने ज्यादातर मिसाइल हमलों में महत्वपूर्ण इमारतों को निशाना बनाया है।

यूक्रेनी प्रकाशन जर्कालो नेदेली ने बताया कि कीव क्षेत्र के बुचा शहर के साथ-साथ जापोरिज्जिया के यूक्रेन नियंत्रित क्षेत्र और कई अन्य हिस्सों में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। यूक्रेन के डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन मंत्रालय के हवाई हमले के आंकड़ों के अनुसार जापोरिज्जिया क्षेत्र के यूक्रेन-नियंत्रित हिस्सों में हवाई हमले की चेतावनी के बाद शनिवार सुबह हमला किया गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दिसंबर में कहा था कि इस समय, देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को दोबारा से 100 प्रतिशत तक बहाल करना लगभग असंभव है, जिसके कारण यहां के अधिकांश शहरों में बिजली की आपूर्ति में कटौती करनी पड़ रही है। यूक्रेनी ऊर्जा कंपनी यासनो (डा.सॉल्यूशंस) के प्रमुख सर्गेई कोवलेंको ने बुधवार को कहा था कि कीव को जितनी बिजली की आवश्यकता है, उसका लगभग 60 फीसदी ही मिल पा रहा है। रूस के मिसाइल हमलों से पहले सायरन बजा दिया गया था। जिससे हमलों के संभावित स्थानों से नागरिक भाग कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए थे, जिससे जानमाल का नुकसान कम हो सकता है।

राहुल की यात्रा में कांग्रेस सांसद का निधन

● दिल का दौरा पड़ने से गई संतोख की जान

जालंधर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के दौरान जालंधर से कांग्रेस पार्टी के लोकसभा सांसद संतोख सिंह चौधरी का शनिवार सुबह निधन हो गया। कहा जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से संतोख सिंह का निधन हुआ।

यात्रा फिल्लौर से गुजर रही थी, जब संतोख सिंह को दिल का दौरा पड़ा। वह राहुल गांधी के साथ कुष्ठ आश्रम से निकले थे, तभी अचेत होकर गिर पड़े। उन्हें पास के फगवाड़ा के विर्क अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संतोख सिंह चौधरी के बेटे विक्रमजीत सिंह चौधरी फिल्लौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। संतोख सिंह ने दो बार लोकसभा चुनाव जीता था, पहली बार 2014 में और बाद में 2019 में।

घटना के बाद राहुल गांधी विधायक राणा गुरजीत सिंह और विजय इंदर सिंगला के साथ अस्पताल में सांसद के परिवार से मिलने गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्विटर पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जालंधर से कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी के असामयिक निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। शनिवार को यात्रा स्थगित कर दी गई।

गडकरी की दी गई हत्या की धमकी

नागपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

नागपुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि गडकरी के कार्यालय पर फोन पर तीन बार धमकी दी गईं। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता को मारने की धमकी देते हुए फिरौती मांगी गयी। बताया गया है कि फोन करने वाले ने 'दाउद' के नाम का उल्लेख किया।

भाजपा ने केजरीवाल सरकार को घेरा

भास्कर समाचार सेवा

● संविधान का उलंघन करने का आरोप

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल सरकार ने विधानसभा में तीन दिन का सत्र बुलाया है। इस पर भाजपा ने केजरीवाल सरकार को घेरते हुए संविधान का उलंघन करने का आरोप लगाया।

भाजपा ने केजरीवाल सरकार को आड़े-हाथ लेते हुए कई मुद्दों पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि संविधान के अनुसार, दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र होगा, जिनमें सवाल-जवाब होंगे और विधायकों को चर्चा की अनुमति भी दी जाएगी, लेकिन दिल्ली सरकार ने जो सत्र बुलाया है, उसमें प्रश्न काल रखा ही नहीं गया है, जो कि काफी जरूरी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्होंने विधानसभा स्पीकर से मांग की है कि इस सत्र को 3 दिनों से बढ़ा कर 10 दिनों का किया जाए, जिसमें प्रश्नकाल भी हो। साथ ही उन्होंने कई समस्याओं और मुद्दों को भी उठाया, जिस पर विधानसभा में विधायक चर्चा करना चाहते हैं।

कहा कि केजरीवाल अपनी हर गलती का ठीकरा एलजी और अन्य अधिकारियों पर फोड़ते हैं, जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। केजरीवाल सरकार घोटालों पर सवालों का जवाब देने से बच रही है।

'हम दोनों' में नजर आएंगी अर्चना पूरन

मुंबई। अभी तक हम सभी अर्चना पूरन सिंह को हंसाते हुए देख रहे थे, लेकिन अब अर्चना बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। हरियाणा में बीमा घोटाले पर बनी फिल्म में अर्चना दिग्गज अभिनेता कुमुद मिश्रा के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। मशहूर निर्माता निर्देशक महेश नायर ने फिल्म 'हम दोनों' बनाई है। यह फिल्म हरियाणा में हुए दो सौ करोड़ के बीमा घोटाले पर बनाई गई है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें बीमा कराने वालों की फर्जी मौत दिखाकर करीब दो सौ करोड़ रुपये का घोटाला कर लिया गया। इस शॉर्ट फिल्म में गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के नाम पर हुए इस घोटाले के तार दुर्घटना बीमा का लाभ लेने वाले रैकेट से भी जुड़े हैं। नायर ने कहा कि इस विषय को चुनने का मेरा निजी कारण है। जैसे-जैसे मेरे माता-पिता बूढ़े होते गए, मुझे एहसास हुआ कि मेडिकल इश्यूज और एक-दूसरे का साथ ही मुख्य विचार थे जो उनके दिमाग में रहते थे। चूंकि हम में से अधिकतर लोग अब एकल परिवारों में रहते हैं और अपने माता-पिता से बहुत दूर हैं।

17 फरवरी को रिलीज की जाएगी फिल्म 'गोलगप्पे'

नई दिल्ली। ज़ी स्टूडियोज दर्शकों को एक और ब्लॉकबस्टर तोहफ़ा दे रहा है, समीप कंग द्वारा निर्देशित, बिन्नू ढिल्लों द्वारा अभिनीत 'गोलगप्पे' 17 फरवरी को रिलीज़ होगी। 2022 में 'किस्मत 2', 'मैं वियाह नहीं कराना तेरे नाल', फुफ्फड़ जी' और कई अन्य फिल्मों की सफलता के साथ ज़ी स्टूडियोस पंजाबी फिल्म उद्योग में एक और ब्लॉकबस्टर फिल्म गोलगप्पे' के साथ धमाका करने के लिए तैयार है। मीडिया समूह ने आगामी पंजाबी फिल्म 'गोलगप्पे' के रिलीज होने की तारीख की घोषणा कर दी है। समीप कंग द्वारा निर्देशित फिल्म 17 फरवरी 2023 को रिलीज़ होगी और ज़ी स्टूडियोस द्वारा ट्रिफ्लिक्स एंटरटेनमेंट एलएलपी, सोहम रॉकस्टार प्राइवेट लिमिटेड और जान्हवी प्रोडक्शंस के सहयोग से निर्मित की गई है।

सुनील होलकर का हुआ निधन

नई दिल्ली। मशहूर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम के अभिनेता सुनील होलकर का निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से लिवर सोरोसिस से पीड़ित थे। सुनील होलकर ने आखिरी बार नेशनल अवार्ड विनिंग फिल्म 'गोष्ट एका पैठाणीची' में काम किया था। महज चालीस वर्ष की उम्र में सुनील होलकर के निधन से टीवी जगत में शोक की लहर है। सुनील नाटक, फिल्मों और टीवी शो तीनों माध्यमों से दर्शकों का मनोरंजन करते थे। सुनील होलकर ने अशोक हांडे के चौरंग नाट्य संस्थान में कई वर्ष काम किया। सुनील को हमेशा से ही एक एक्टर और कथावाचक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 12 से भी अधिक वर्षों तक थिएटर किया।

जेपी नड्डा का कूटरचित वीडियो किया वायरल

● भाजपा विधायक भुपेश ने दर्ज कराया मुकदमा

सोनभद्र। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का अगरतला में जनविश्वास यात्रा के समापन पर जनसभा को संबोधित करते समय के वीडियो को कुटरचित तरीके से बदलकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में भाजपा के सदर विधायक भुपेश चौबे ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि भाजपा के सदर विधायक भुपेश चौबे की तहरीर पर कांग्रेस कार्यकर्ता ललन कुमार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सदर विधायक ने बताया कि ललन कुमार ने फेसबुक व अपने ट्विटर एकाउंट से कूटरचित वीडियो डालकर पार्टी की छलि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं।

कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा अगरतला में जनविश्वास यात्रा के समापन पर जनसभा को सम्बोधित था। उनका वीडियो मीडिया व सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के ललन के द्वारा अपने वेरीफाइड ट्विटर एवं फेसबुक पेज पर कूटरचित वीडियो बनाकर प्रसारित किया गया।

उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार को भीषण ठंड के बाद भी मकर संक्रांति के अवसर पर हर की पौड़ी पर गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु। एजेंसी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कांग्रेस पर हमला, हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है कांग्रेस

'हाथ जोड़ो नहीं, माफी मांगो कार्यक्रम चलाए कांग्रेस'

● कांग्रेस ने देश को दिया सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार

बड़वानी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस को 'हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम' नहीं, बल्कि अपनी गलतियों के लिए 'माफी मांगो कार्यक्रम' चलाना चाहिए। कांग्रेस ने देश को सिर्फ भ्रष्टाचार दिया है। शिवराज चौहान ने शनिवार को बड़वानी जिला मुख्यालय में नगरीय निकाय चुनाव के सिलसिले में सभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ सरकार की 15 महीने की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस को 'हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम' के स्थान पर 'माफी मांगो कार्यक्रम' चलाना चाहिए। कमलनाथ 15 महीने के दौरान वल्लभ भवन में हाथ पर हाथ धरकर ही बैठे रहे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भारतीय जनता पार्टी की महिलाओं, गरीबों, किसानों, बेरोजगारों, विद्यार्थियों, भूखे लोगों और बुजुर्गों से संबंधित योजनाओं को बंद करने के लिए माफी मांगना चाहिए। भाजपा ने सत्ता में आते ही इन योजनाओं को पुनः आरंभ कर दिया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर में आयोजित प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पूरी दुनिया के लोग पहुंचे। निवेशकों ने 15 लाख 42 हजार 550 करोड़ रुपये के निवेश का वचन दिया है, जिससे 29 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने केंद्र तथा मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त योजनाओं से आम जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भू आवास अधिकार योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अब जमीन के साथ पट्टा भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों हिंदी में पढ़ाई को व्यवस्था में परिवर्तन निरूपित करते हुए कहा कि गरीब विद्यार्थियों और उनके परिवारों को अपने सपने पूरे करने का अवसर मिलेगा। बड़वानी में कांग्रेस की नगर पालिका परिषद होने का जिक्र करते हुए कहा कि यहां विकास अवरुद्ध हो चुका है और नगर पालिका अध्यक्ष कभी भी विकास कार्यों के लिए राशि मांगने उनसे कभी नहीं मिले।

रामचरित मानस पर बयान तुष्टिकरण की राजनीति

समस्तीपुर। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बिहार के शिक्षा मंत्री चंदशेखर के रामचरित मानस पर दिए गए विवादित बयान पर कहा कि हिंदुस्तान के विचारों और डीएनए में भगवान श्री राम एवं कृष्ण है। चंदशेखर की बुद्धि भ्रष्ट हो गई है और वह मुख्यमंत्री नीतीश और तेजस्वी यादव को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे है। समाज मे सभी धर्म के ग्रंथों का आदर किया जाना चाहिए, न कि वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहिए।

आज ही के दिन 1988 में भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में 16 विकेट लिये थे।

सारसुर्खियां

भूटान के ग्येल्टशेन पंजाब में शामिल

मोहाली। राउंडग्लास पंजाब एफसी (आरजीपीएफसी) ने आई लीग 2022-23 सत्र के बचे हुए मुकाबलों के लिये भूटान के कप्तान चेंचो ग्येल्टशेन को क्लब में शामिल किया है। आरजीपीएफसी ने शनिवार को बताया कि ग्येल्टशेन दूसरी बार क्लब का हिस्सा बनने जा रहे हैं। उन्होंने 2020-21 आई-लीग सीज़न के दौरान राउंडग्लास पंजाब एफसी के लिये 14 मैचों में सात गोल दागे थे। भूटान के 26 वर्षीय फुटबॉलर आई-लीग और आईएसएल चैंपियन रह चुके हैं और अपने शानदार गोल स्कोरिंग कौशल के लिये प्रसिद्ध हैं। वह हाल ही में अपने देश में आयोजित भूटान प्रीमियर लीग जीतकर आ रहे हैं। आरजीपीएफसी के फुटबॉल निदेशक निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि हम चेंचो का क्लब में वापस स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। वह आई-लीग में एक सिद्ध फॉरवर्ड हैं और हमारे क्लब के दृष्टिकोण और हमारे फुटबॉल खेलने के तरीके से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जब हम आई-लीग सीज़न के दूसरे चरण में प्रवेश करेंगे तो वह हमारे लिये महत्वपूर्ण होंगे।

दुबई कैपिटल्स जीती

दुबई। इंटरनेशनल लीग टी-20 टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पहले मुकाबले में अबू धाबी नाइट राइडर्स और दुबई कैपिटल्स के बीच भिड़ंत हुई। कप्तान रोवमैन पॉवेल के ऑलराउंडर प्रदर्शन और रॉबिन उथप्पा की दमदार पारी से दुबई कैपिटल्स ने अबू धाबी नाइट राइडर्स को 73 रनों से शिकस्त दी। अबू धाबी नाइट राइडर्स ने टॉस जीत गेंदबाजी का फैसला किया। दुबई कैपिटल्स टीम की तरफ से रॉबिन उथप्पा ने शानदार शुरुआत की। रॉबिन ने 43 रन बनाए। कप्तान रोवमन पॉवेल ने 48 रन की पारी खेली। इसके अलावा जो रूट और सिकंदर रजा ने 26-26 रन बनाए। अबू धाबी नाइट राइडर्स की तरफ से सलामी बल्लेबाज कोलिन इनग्रम मात्र 1 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद टीम की पारी को संभालते हुए पॉल स्टर्लिंग ने 38 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 54 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसेल ने 12 रन बनाए। टीम के 9 बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके।

ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड में तेज हुई तकरार

• अब आईसीसी पर टिकी हैं क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया का अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला में भाग नहीं लेने के फैसले के बाद स्टार स्पिनर राशिद खान और पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी की नाराजगी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) पर दबाव बढ़ाने के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को गंभीर निर्णय लेने के लिये विचार करने पर विवश कर दिया है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने तालिबान में महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में प्रतिबंध के विरोध में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होने का फैसला किया है, जिसके बाद अफगान स्पिनर राशिद खान ने आस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली बिग बैश लीग (बीबीएल) से हटने की धमकी दी। दूसरी तरफ मोहम्मद नबी ने इसे राजनीति से प्रेरित फैसला बताते हुये तंज कसा कि आगामी एक दिवसीय विश्वकप तक क्या आस्ट्रेलिया अपने इस फैसले पर अडिग रहेगा। विश्वकप

क्रिकेट के सबसे बड़े नामों में से एक अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने आस्ट्रेलिया के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगर अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना ऑस्ट्रेलिया के लिए इतना ही असहज है, तो मैं बीबीएल में अपनी उपस्थिति से किसी को भी असहज नहीं करना चाहूंगा। इसलिए मैं उस प्रतियोगिता में अपने भविष्य पर दृढ़ता से विचार करूंगा।

अफगानिस्तान के हालात हैं चिंताजनकः आईसीसी

आईसीसी के प्रवक्ता ने कहा कि हम अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रमों से चिंतित हैं। आईसीसी बोर्ड अपनी अगली बैठक में इन घटनाओं के प्रभावों पर विचार करेगा। हम अन्य खेल संगठनों के संपर्क में रहेंगे जो अफगानिस्तान में खेल खेलने वाले पुरुषों और महिलाओं को देखने के हमारे उद्देश्य को समझते हैं। आईसीसी ने महिलाओं की टीम बनाने में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की विफलता को गंभीरता से लिया है। तालिबान सरकार महिलाओं के अधिकारों पर शिकंजा कस कर और उन्हें विश्वविद्यालयों में पढ़ने से रोकने का फैसला कर हालात को और असहज कर रही है।

पड़ेगा नाकारात्मक प्रभावः एसीबी

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि निष्पक्ष खेल और खेल भावना के सिद्धांतों पर राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देकर, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया खेल की अखंडता को कम कर रहा है और दोनों देशों के बीच संबंधों को नुकसान पहुंचा रहा है। यह निर्णय अनुचित और अप्रत्याशित है और जानबूझकर किया गया है। अफगानिस्तान में क्रिकेट के विकास और विकास पर इस फैसले का नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही खेल के लिए अफगानियों के प्यार और जुनून को भी प्रभावित करेगा। वह बीबीएल में भाग लेने के लिए अफगान खिलाड़ियों को एनओसी जारी करने पर पुनर्विचार करेगा।

क्रिकेट को राजनीति से रखें दूरः मोहम्मद नबी

दुबई में आईसीसी अकादमी मैदान पर शारजाह वारियर्स के लिये नेट प्रैक्टिस कर रहे नबी ने कहा कि खेल को राजनीति से दूर रखा जाए, तो ही क्रिकेट के लिये अच्छा है। अभी पिछले टी-20 विश्वकप की ही बात करें तो आस्ट्रेलिया ने हमारे खिलाफ क्यों खेला। मै बताता हूं, दरअसल उनको दो अंकों के साथ साथ अपना नेट रन रेट बेहतर करने की चिंता थी। बीती बात को छोड़ भी दें तो अब हम देखना चाहेंगे कि क्या वह हमारा बहिष्कार भारत में खेले जाने वाले एक दिवसीय विश्वकप में करेंगे।

हमारा निर्णय है सहीः सीए

आस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने अपने फैसले को तर्कसंगत बताते हुए कहा कि यह निर्णय महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा और रोजगार के अवसरों और पार्कों और जिमों तक पहुंचने की उनकी क्षमता पर तालिबान द्वारा हाल ही में की गई घोषणा के बाद लिया गया है। सीए अफगानिस्तान सहित दुनिया भर में महिलाओं और पुरुषों के लिए खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

नीदरलैंड ने मलेशिया को रौंद डाला

पूल सी की अंकतालिका में पहले स्थान पर पहुंची नीदरलैंड की टीम, धमाकेदार शुरुआत

हॉकी विश्वकप

• चार पेनल्टी कॉर्नर में नीदरलैंड के दो गोल

राउरकेला। नीदरलैंड ने शनिवार को हॉकी विश्वकप में मलेशिया को 4-0 से रौंद दमदार शुरुआत की। नीदरलैंड जीत के साथ पूल-सी में पहले स्थान पर आ गया है।

बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में दिर्स्ज वैन डैम, जिप जैनसेन, टेन बाइन्स और जोरिट क्रून ने विजेता टीम के लिये गोल किये। नीदरलैंड ने चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल करते हुए दो पर गोल किये, जबकि एशिया की दूसरे नंबर की टीम मलेशिया तीन में से एक भी पेनल्टी का फायदा नहीं उठा सकी। मलेशिया ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और गेंद को अपने कब्जे में रखते हुए गत उपविजेता को कड़ी टक्कर दी। नीदरलैंड ने कुछ देर में ही जवाबी कार्रवाई करते हुए मलेशिया से गेंद छीनी और उनके गोल पर निशाना दागा, हालांकि वह मलेशियाई गोलकीपर को पार नहीं कर सके। पहले क्वार्टर में कोई सफलता ना मिलने के बाद भी डच टीम ने आक्रमण जारी रखा जिसका फायदा उन्हें वैन डैम के फील्ड गोल से मिला। जैनसेन ने पेनल्टी पर गोल कर नीदरलैंड की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से पहले क्रून को ग्रीन कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया, हालांकि मलेशिया एक विपक्षी खिलाड़ी की कमी का फायदा नहीं उठा सकी। मलेशिया ने आक्रामकता तो दिखाई मगर वह इसे स्कोरबोर्ड पर दर्शाने में कामयाब नहीं रहे।

बेल्जियम को रौंद कोरिया ने दिखाया अपना वर्चस्व

भुवनेश्वर। विश्व चैंपियन बेल्जियम ने एकतरफा मुकाबले में एशियाई चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-0 से हरा कर अपना वर्चस्व दिखाया। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में बेल्जियम के लिये एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (31वां) और फ्लोरेंट ऑबेल (50वां) ने पेनल्टी पर गोल किये, जबकि टॉन्गी कोसिन्स (43वां), सेबेस्टियन डोकियर (52वां मिनट) और आर्थर स्लूवर (58वां मिनट) ने फील्ड गोल जमाये।

संघर्ष के बावजूद चिली की हार

न्यूजीलैंड ने सैम हीहा के दो गोलों की बदौलत पूल-सी मुकाबले में चिली को 3-1 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। सैम लेन और सैम हीहा ने न्यूजीलैंड के लिये गोल किये। चिली ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए गेंद को अपने कब्जे में रखा, हालांकि इग्नासियो कोंट्रार्डो के अलावा कोई भी उनके लिये गोल नहीं कर सका। अपना पहला विश्वकप खेल रही चिली की शुरुआत किसी बुरे सपने जैसी रही। न्यूजीलैंड ने उनके कमजोर रक्षण पर पहले मिनट से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया। न्यूजीलैंड के पहले हमले को रोकने में चिली कामयाब रही, लेकिन हीहा ने 10वें मिनट में गोल करके ब्लैक स्टिक्स को बढ़त दिला दी।

क्लीन स्वीप के लिये मैदान में उतरेंगे भारतीय धुरंधर

• सम्मान बचाने के लिये खेलेगी श्रीलंकाई टीम

भुवनेश्वर। भारत और श्रीलंका के बीच खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला रविवार को खेला जाना है। टीम इंडिया क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान में उतरेगी। वहीं, श्रीलंका अपना सम्मान बचाने के लिये खेलेगी।

भारत और श्रीलंका के बीच सीरीज का निर्णायक मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम खेला जाएगा। माना जा रहा है कि अंतिम एकादश में बदलाव किया जा सकता है। कप्तान रोहित शर्मा इस मुकाबले में ईशान किशन के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। रोहित ने शुभमन गिल को शुरुआती दोनों मुकाबलों में मौका दिया। पहले वनडे में गिल ने 70 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन दूसरे वनडे में 21 रनों पर गिल आउट हो गए। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि ईशान किशन को खेलने का मौका मिल सकता है।

मैच में विराट कोहली का खेलना तय है। हालांकि पिछले मैच में विराट महज छह रन पर आउट हो गए थे। वहीं, श्रेयस अय्यर की जगह सूर्यकुमार को मौका दिया जा सकता है। केएल राहुल का स्थान बरकरार रह सकता है। हार्दिक भी टीम में रहेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि रोहित शर्मा चार गेंदबाजों को टीम में शामिल कर सकते हैं। शमी की जगह अर्शदीप सिंह को जगह मिल सकती है। वहीं, कुलदीप, सिराज और उमरान की जगह तय मानी जा रही है।

भारतीय महिला हॉकी टीम द. अफ्रीका रवाना

• द. अफ्रीका व नीदरलैंड से खेली जानी है सीरीज

बेंगलुरु। एफ़आईएच महिला नेशंस कप में करिश्मायी प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय महिला हॉकी टीम दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ सात मैचों की सीरीज में हिस्सा लेने के लिये शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के लिये रवाना हो गई।

टीम की कप्तान सविता ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ मैचों से हमें अपने खेल के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हम इस दौरे के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। बैंगलोर में समाप्त हुये शिविर के बाद सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे हुए हैं और सीजन की अच्छी शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं।

उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा कि एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप में भारत के प्रदर्शन को लेकर हमारी टीम काफी उत्सुक है। भारत में विश्व कप को लेकर बहुत चर्चा है और निश्चित रूप से, हम समय के अंतर के बावजूद मैच देखने के लिए स्क्रीन से चिपके रहेंगे। महिला टीम ने भारतीय पुरुष टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की और वीडियो संदेश को साझा किया कि इस बार संभवतः हॉकी में पदक के लिए 48 साल का लंबा इंतजार खत्म होगा।

साउदी ने तोड़ा विटोरी का रिकॉर्ड

कराची। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान से तीन वनडे मैचों की सीरीज जीत ली है। टिम साउदी ने डेनियल विटोरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

कराची के नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने तीन विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड के लिए तीनों फॉर्मेट को मिलाकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। साउदी ने पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को पीछे छोड़ा है।

जोकोविच खिताब के प्रबल दावेदारः नडाल

ऑस्ट्रेलिया ओपन

• पिछले छह मुकाबले हार चुके हैं राफेल नडाल

मेलबर्न, एजेंसी। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने शनिवार को स्वीकार किया कि वह दबाव के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत कर रहे हैं और नोवाक जोकोविच इस खिताब के सबसे प्रबल दावेदार होंगे।

ऑस्ट्रेलिया ओपन 2022 के विजेता नडाल के साल की शुरुआत यूनाइटेड कप में दो हार के साथ हुई है। नडाल ने अपने पिछले सात में से छह मुकाबले हारे हैं और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मैच 21 वर्षीय जैक ड्रेपर के साथ है जो इस सप्ताह एडिलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। नडाल ने कहा कि यह संभवतः सबसे कठिन पहला राउंड है। वह युवा और शक्तिशाली हैं और बहुत तेजी से ऊपर आ रहे हैं। नडाल ने कहा कि वह दबाव में नहीं हैं, हालांकि मैं आजकल कई मुकाबले हार रहा हूं, जो खेल का हिस्सा है।

मैं इस स्थिति को विनम्रता के साथ स्वीकार करते हुएआज जो मेरे पास है उसके साथ काम कर रहा हूं। मुझे अपनी लय फिर से हासिल करने की जरूरत है। मुझे जीत के साथ अपने आप में इस आत्मविश्वास को फिर से बनाने की जरूरत है, लेकिन यह सच है कि मैं सामान्य से अधिक हार रहा हूं।

'अपनी वैश्विक स्थिति का लाभ उठाए भारत'

• भारत की आर्थिक स्थिति मजबूतः अमिताभ कांत

नई दिल्ली। जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर भारत को अपनी दक्षता हर क्षेत्र में प्रदर्शित करने और वैश्विक बाजार में अपनी पकड़ बनाने का यह उपयुक्त समय है।

कांत ने पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के तीसरे वार्षिक लेक्चर में 'रोल ऑफ बिजनेस इन जी-20' विषय पर कहा कि विश्व के कई देश आर्थिक, महंगाई, भू-राजनीतिक, ऊर्जा, कर्ज, युद्ध, कोरोना से उपजे संकट का सामना कर रहे हैं, वैश्विक आर्थिक संस्थायें दुनिया में मंदी का अनुमान जता रही हैं, ऐसी स्थिति में भारत को विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई अपनी महारत का पूरा लाभ उठाना चाहिए और वैश्विक पटल अपनी स्थिति मजबूत कर लेनी चाहिए। भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत है और इसके और सुदृढ़ होने के संकेत हैं, भारत को वैश्विक बाजार पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अपनी सेवाओं और उत्पादों को इतना उत्कृष्ट बनाना चाहिए कि वे वैश्विक पटल पर छा जाएं।

जी-20 के कार्यसमूह की बैठक कल से

नई दिल्ली। भारत की अध्यक्षता में जी-20 की इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक पुणे में 16 से 17 जनवरी के बीच होने जा रही है।

विदेश मंत्रालय की शनिवार को इस बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक भारत की अध्यक्षता में जी-20 के 2023 अवसंरचना विकास के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए भारत आयोजित की जा रही है। इसमें इस कार्यसमूह के सदस्य देशों, अतिथि देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को आमंत्रित किया गया है। बैठक की मेजबानी भारत सरकार के वित्त मंत्रालय का आर्थिक कार्य विभाग करेगा। ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील इस बैठक के सह-अध्यक्ष बनाए गए हैं।

डनलप ने पेश किया भविष्य का टॉयर

• भारतीय सड़कों के अनुरूप डिजाइन

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में आयोजित ऑटो एक्सपो-2023 में डनलप इंडिया ने भारतीय ऑटो मोबाइल बाजार के लिए भविष्य के दुपहिया वाहन टायर की पेशकश की।

कंपनी ने कहा कि यह उत्पाद कम्प्यूटर आधारित नई टेक्नोलॉजी से बना यह टू-व्हीलर टायर भारतीय सड़कों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। वाहन चलाते समय सड़क पर शानदार स्थिरता और पूर्ण नियंत्रण चालक को सुरक्षा प्रदान करेगा। कंपनी का दावा है कि उसके ऐसे टायर रेसिंग और माउंटेन बाइकिंग के दुनियाभर के चालकों की पहली पसंद बने हुए हैं। कहा कि भारतीय टायर बाजार की मांग के अनुरूप डनलप इंडिया ने अब टू-व्हीलर टायर की रेंज में नए फीचर से युक्त टायर पेश किये हैं। इस नए टायर की प्रमुख विशेषता टू-व्हीलर की ब्रेकिंग प्रणाली को आरामदायक बनाती है। सड़क पर इस टायर की पकड़ यात्री के सफर को ज्यादा आसान आरामदायक और सुरक्षित बनाती है। संपूर्ण भारत में फैले वितरकों के माध्यम से यह टायर बाजार में उपलब्ध होगा। डनलप इंडिया ने टू-व्हीलर रेंज के लिए इस टायर को भविष्य का टायर करार दिया है।

अहमदाबाद में पतंग उत्सव उत्तरायण मनाने के लिये पतंग व धागा खरीदते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह। एजेंसी

कोयला मंत्रालय ने कहा, खादानों से उपलब्ध पानी से कई क्षेत्रों के लगभग 18 लोगों को मिल रहा है लाभ

कोयला खानों के पानी से 900 गावों को फायदा

• फसलों की सिंचाई में भी मिल रही है मदद

नई दिल्ली। सरकारी क्षेत्र की कोयला तथा लिग्नाइट कंपनियों की खानों से छोड़े गए पानी के साथ-साथ परित्यक्त खदानों में उपलब्ध पानी से उन क्षेत्रों के करीब 900 गांवों के 18 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है।

कोयला मंत्रालय के अनुसार उसके निर्देशानुसार कोयला/लिग्नाइट पीएसयू खानों के पानी के संरक्षण और कुशल उपयोग के लिए विभिन्न कदम उठा रहे हैं। पीएसयू अपने क्षेत्रों में पेयजल और सिंचाई जैसे सामुदायिक उपयोग के लिए खानों से पानी की आपूर्ति कर रहे हैं।

बयान के अनुसार चालू वित्त वर्ष के दौरान ऐसी खानों के लगभग 4000 लाख किलो लीटर (एलकेएल) पानी की आपूर्ति करने की योजना बनाई थी, जिसमें से दिसंबर 2022 तक 2788 एलकेएल की आपूर्ति की जा चुकी है। इसमें से 881 एलकेएल पानी का उपयोग पेयजल सहित घरेलू उपयोग के लिए किया गया है।

बयान में कहा गया है कि खानों के पानी के लाभार्थी मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोग हैं।

2022-23 में सरकारी क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने दिसंबर 2022 तक अपने हरित आवरण को 1600 हेक्टेयर तक विस्तारित करते हुए अपने वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य 1510 हेक्टेयर को पार कर लिया है। सीआईएल ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर, 2022 तक 31 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। मंत्रालय का कहना है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान 4392 हेक्टेयर के खनन पट्टा क्षेत्र में हुए हरित पहल से 2.2 लाख टन/वर्ष की कार्बन सिंक क्षमता पैदा हुई है। कोयला/लिग्नाइट पीएसयू ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2022 तक लगभग 2230 हेक्टेयर भूमि में वृक्षारोपण किया है और लगभग 360 हेक्टेयर में घास लगाई गई है।

कोयला खनन कंपनियों को छूट

कोयला मंत्रालय ने उद्योग जगत की मांग तथा कारोबार करने की सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कोयला नीलामी में आवंटित कोयला ब्लाकों में कार्य निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी) की पहली समीक्षा खदान खोलने की अनुमति के बाद ही करने का निर्णय लिया है। इससे ऐसी कंपनियों पर बैंक गारंटी का वित्तीय दबाव कम होगा जो कारोबार चालू करने में लगी हैं, लेकिन अभी परिचालन पूर्व की प्रक्रिया में हैं। इससे नीलामी के चालू दौर में निवेशकों का आकर्षण बढ़ने की उम्मीद है। मंत्रालय ने 141 कोयला खदानों के लिए तीन नवंबर को वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के छठे दौर तथा पांचवे प्रयास का दूसरा प्रयास शुरू किया था।

इंडिगो की कोल्हापुर-बेंगलुरु सेवा शुरू

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्री माधव राव सिंधिया ने शनिवार को कोल्हापुर से बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान सेवा को हरी झंडी देकर प्रस्थान कराया। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार यह उड़ान सस्ते में सप्ताह में हर दिन उपलब्ध होगी। सिंधिया ने कहा कि उनका मंत्रालय कोल्हापुर में उड्डयन सुविधाओं के विकास पर ध्यान दे रहा है। कोल्हापुर में 245 करोड़ रुपए के निवेश से एक नया हवाई अड्डा टर्मिनल, रन वे का विस्तार और नया वायु-यातायात नियंत्रण स्तंभ निर्मित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के मिशन के अनुसार देश में सभी क्षेत्रों में विमान सेवाओं के विस्तार का काम चल रहा है। इससे क्षेत्र में व्यापार पर्यटन और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

हिमालया का बेबी मसाज ऑयल लॉच

• शिशु की स्किन को पोषण देने का दावा

नई दिल्ली। हिमालया वैलनेस कंपनी ने बेबी मसाज ऑयल लॉच किया है। कंपनी के मुताबिक सरसों के गुणों से युक्त यह बेबी ऑयल चुनिंदा औषधियों और सामग्री से बनाया गया है, जो चिपचिपाहट रहित होने के साथ शिशु की स्किन को पोषण प्रदान करती हैं।

कंपनी के बिजनेस हेड चक्रवर्ती एनवी ने कहा कि बेबी मसाज ऑयल की हिमालया इंडियन हैरिटेज सीरीज सदियों पुरानी पारंपरिक आयुर्वेदिक विधियों से प्रेरित है, जो आपके शिशु की दिनचर्या में बॉडी मसाज के महत्व पर बल देती हैं। मिलेनियल अभिभावक अपने शिशुओं के लिए सामग्री और उत्पादों के इस्तेमाल को लेकर ज्यादा सतर्क व जागरुक हो रहे हैं। वो अपने शिशुओं को सही पोषण देने के साथ कैमिकल के मामले में सुरक्षित उत्पाद तलाशते हैं। इसलिए हमारा मानना है कि नया बेबी मसाज ऑयल अभिभावकों को बहुत पसंद आएगा।

उन्होंने बताया कि ये मॉईस्चर को शिशु की स्किन में लॉक कर देती हैं, जिससे स्किन नरम और मुलायम बनी रहती है। चार औषधियों एलोवेरा, वेटिवर, विंटर चेरी और कंट्री मैलो के गुणों को जब एक पारंपरिक ऑयल में मिलाया जाता है, तो वो खून का सर्कुलेशन बढ़ाते हैं।

मनुष्य मन की शक्तियों के बादशाह हैं। संसार की समस्त शक्तियाँ उनके सामने नतमस्तक हैं।
- अज्ञात

मलबा में दलालों के पूरे नेटवर्क को किया जाएगा खत्म: डीआईजी

डीआईजी का मेडिकल कॉलेज में छापा, छह दलाल दबोचे गए

मलबा से मरीजों को ढोने वाली चार एबुलेंस पकड़ी

पुलिस, स्वास्थ्य और प्रशासन की टीम होगी गठित

झाँसी। शव को इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम कक्ष तक की जा रही अवैध वसूली के बाद अफसर सक्रिय हो गए हैं। शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक जोगेंद्र कुमार ने टीम के साथ मलबा में फैले दलालों के मायाजाल को तोड़ने का अभियान शुरु कर दिया है। अचानक मारे गए छापे में छह दलाल दबोचे गए। साथ ही चार ऐबुलेंस गाड़ी भी पकड़ी गई है। इस कार्रवाई से मलबा के दलालों में हड़कंप मचा हुआ है। डीआईजी का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में दलालों के पूरे नेटवर्क को खत्म किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य, पुलिस और प्रशासन की टीम गठित की जाएगी।

मालूम हो कि मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर दो और इमरजेंसी के बाहर दलाल खड़े होते हैं। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को बहला-फुसलाकर यां झांसे में लेकर निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। वहां से दलालों को प्रतिशत पर कमीशन मिलता है। यही नहीं, इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम कक्ष से शव ले जाने के लिए पांच सौ रुपया अवैध वसूली की जाती है। इस तरह की शिकायतें आए दिन पुलिस और प्रशासन के अफसरों को मिल रही थी। इन शिकायतों को पुलिस उपमहानिरीक्षक जोगेंद्र कुमार ने गंभीरता से लिया।

निजी अस्पताल से मिलता है अच्छा कमीशन

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा है कि मेडिकल कालेज के गेट नंबर दो और इमरजेंसी के बाहर अक्सर दलाल खड़े होते हैं। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को उनके परिजनों को बहला-फुसलाकर या झाँसे में लेकर वे निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। वहां से दलालों को अच्छा कमीशन मिलता है। इस पूरे नेटवर्क को खत्म किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य, पुलिस और प्रशासन की टीम गठित की जा रही है। शनिवार को मलबा में आकस्मिक छापा मारा गया। छापा के दौरान छह दलाल पकड़े और चार ऐंबुलेंस पकड़ी गई है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

दलाली के लिए खरीदी एंबुलेंस

डीआईजी का कहना है कि मलबा में गरीबों का अच्छा इलाज किया जाता है मगर दलालों के नेटवर्क ने इस इलाज को काफी महंगा कर दिया है। गरीबों को अपनी बातों में फंसाकर दलाल निजी अस्पताल ले जाते हैं। वहां पर निजी अस्पताल का मालिक अच्छा खासा कमीशन देता है। यह नेटवर्क कई सालों से चल रहा है। उनका कहना है कि कुछ लोगों ने सिर्फ दलालों के लिए एंबुलेंस खरीदी हैं। उनका काम सिर्फ इतना है कि मेडिकल से मरीजों को निजी अस्पताल में पहुंचाना है।

डीआईजी का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क का खात्मा किया जाएगा। इसके लिए अभियान की शुरुआत कर दी है।

छापे के दौरान यह लोग रहे मौजूद

डीआईजी के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ नरेंद्र सिंह सेंगर, एसपी सिटी राधेश्याम राय, सीओ सिटी अवनीश कुमार गौतम, नवाबाद थाना प्रभारी और बुविवि चौकी प्रभारी शामिल रहे हैं।

102 एबुलेंस भी रहेंगी रडार पर

डीआईजी का कहना है कि सरकारी एबुलेंस 102 भी रडार पर रहेंगी, ताकि दलालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि ऐसी भी शिकायत मिलती हैं कि सरकारी एबुलेंस से भी मरीजों को निजी अस्पताल ले जाया जाता है। इन पर भी नजर रखी जाएगी।

दलालों को दबोचने के लिए सर्विलांस की ली जाएगी मदद

डीआईजी का कहना है कि दलालों और निजी अस्पताल के नेटवर्क को खत्म करने के लिए सर्विलांस टीम की मदद लेंगे। गोपनीय लोगों को मेडिकल कालेज और इमरजेंसी विभाग के बाहर खड़े किए जाएंगे, ताकि दलालों को पकड़ा जा सके। इसमें मेडिकल कालेज के प्राचार्य की मदद लेंगे। इमरजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों से पिछले कुछ समय फुटेज ली जाएगी। मरीजों को लेकर जाने वाले दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। सीएमओ से रजिस्टर्ड निजी अस्पतालों की सूची ली जाएगी। उनका सत्यापन कराएंगे कि डॉक्टर हैं या कंपाउंडर अस्पताल चला रहे हैं। बिना डॉक्टर वाले अस्पतालों का लाइसेंस निरस्त करवाया जाएगा। उनका कहना है कि जो निजी अस्पताल दलालों के साथ मिले हुए हैं, उन अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीएम को पत्र लिखेंगे।

जैन समाज ने किया "सांवलिया पार्श्वनाथ खिचड़ी वितरण" का शुभारंभ

नर सेवा ही नारायण सेवा:- मुनिश्री

झाँसी। नगर के सुप्राचीन जैन तीर्थ श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सांवलिया पार्श्वनाथ करगुंवाजी में विराजमान पूज्य मुनिश्री अविचलसागर जी महामुनिराज की पावन प्रेरणा से संचालित दया भावना फाउंडेशन के तत्वाधान में सकल जैन समाज झांसी के द्वारा मेडिकल क्षेत्र में "सांवलिया पार्श्वनाथ खिचड़ी वितरण" सेवा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज ने कहा कि वास्तव में नर सेवा ही नारायण सेवा हैं,सभी धर्मों में मानव सेवा सर्वोपरि हैं। गरीबों को भोजन कराना उत्तम कार्य हैं,इसके लिए हर सक्षम व्यक्ति एवम् समाज को सदैव ही सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर उत्तरांचल तीर्थक्षेत्र कमेटी के महामंत्री प्रवीण जैन ने बताया कि जैन समाज झांसी के द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व के दिवस से खिचड़ी भोज वितरण के इस पुनीत कार्य का प्रारंभ किया गया है जो निरन्तर जारी रहेगा।

युवा समाजसेवी सौरभ जैन सर्वज्ञ ने बताया कि मेडिकल क्षेत्र में प्रतिदिन मध्यान के समय गरीबों,मरीजों व असहाय लोगों के लिए छने हुए जल से बनी हुई शुद्ध सात्विक खिचड़ी वितरित की जाएगी,जिसमें सकल जैन समाज झांसी का सहयोग मिल रहा हैं। आज डॉ सुधा जैन,श्रीमति सोनम-सिद्धार्थ जैन को खिचड़ी वितरण का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस मौके पर करगुंवातीर्थ मंत्री संजय सिंघई,प्यावलजी मंत्री खुशाल जैन,डॉ राजीव जैन,शिरोमणि जैन,शुभम जैन,सौरभ जैन सॉफ्टी,संदीप जैन मैनेजर,रिषभ जैन,मदन राजपूत,सोहित यादव ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

शांति भंग करने के आरोप में दो गिरफ्तार

झाँसी। कटेरा पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था को भंग करने बाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार मुहल्ला लुहरयाना कस्बा थाना कटेरा जनपद झाँसी निवासी कृपाराम व लोकेन्द्र उर्फ़ पप्पू का लखन लाल राय से उसकी जमीन पर दुकान का दरबाजा खोलने को लेकर बिबाद चल रहा। आरोपी पक्ष फसाद करने पर आमादा हैं। समझाने पर भी नहीं मानने पर उपनिरीक्षक अजीत कुमार ने आरोपियों का शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया।

मैत्री फुटबॉल मैच: एडीआरएम टीम ने डीआरएम टीम को 2-0 से हराया

झाँसी। जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट मैदान पर रेलवे ऑफिसर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक एकादश और अपर मंडल रेल प्रबंधक एकादश के मध्य खेला गया। मैच में अपर मंडल रेल प्रबंधक आर डी मौर्या, मंडल खेलकूद अधिकारी मयंक शांडिल्य, सीनियर डीएसटी अमित गोयल, सीनियर डीएमई अमित तिवारी ने सरहनीय खेल का प्रदर्शन किया। जबकि मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष कुमार ने गोल कीपरिंग करते हुए अपनी टीम के लिए कई शानदार बचाव किये। इस मैच में सभी ब्रांच अधिकारियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर शानदार फुटबॉल खेली।

मैच में अपर मंडल रेल प्रबंधक इलेवन ने मंडल रेल प्रबंधक इलेविन को 2-0 स्कोर से हराकर जीत दर्ज की। पहला गोल जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने किया। जबकि दूसरा गोल मध्यांतर के बाद श्री उज्ज्वल ने किया। मैच के पूर्व मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष कुमार का मंडल खेलकूद अधिकारी मयंक शांडिय ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया ।

अपर मंडल रेल प्रबंधक आर डी मौर्या एवं खेलकूद अधिकारी मयंक शांडिल्य का स्वागत झांसी फुटबॉल फेडरेशन के मुख्य संरक्षक डॉ रोहित पांडे ने बुके भेंट कर किया। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष कुमार ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की औपचारिक शुरुआत कराई। इस अवसर पर अपने उदबोधन में मंडल खेलकूद अधिकारी मयंक शांडिल्य ने सभी ब्रांच अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि फुटबॉल ऐसा खेल है जिससे कि शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहते हैं और समय-समय पर ऐसे मैचों का आयोजन भी होते रहना चाहिए, जिससे कि हमारे साथी अधिकारी स्वस्थ और फिट रह रहकर अपने कार्य को दक्षता पूर्ण तरीके से कर सकें। मैच समाप्ति के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष कुमार ने सभी अधिकारियों, फुटबॉल खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल विश्व का नंबर एक खेल है और ऐसे आयोजन फुटबॉल को खेल को प्रोत्साहित करते हैं आज मैदान पर छोटे छोटे फुटबॉलरो को देख कर मन आनंदित हुआ है। उन्होंने झांसी फुटबॉल फेडरेशन की आयोजन के लिए सराहना की। मैच में वरि. मंडल परिचालन प्रबंधक अखिल शुक्ला, वरि. मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता विष्णु कुमार गुप्ता, श्रीमति नेहा चौधरी, रश्मि गौतम, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) आशुतोष चौरसिया, वरि०मंडल विधुत अभियंता (समन्वय) एन. के. गुप्ता, वरि. मण्डल सुरक्षा अधिकारी अशोक प्रिया गौतम, सहायक मण्डल खेलकूद अधिकारी प्रदीप यादव, जे. संजय कुमार, नितिन वर्मा, अमित कुमार तिवारी, शिवम् श्रीवास्तव, अनस , जी. आर. राजपूत व अन्य मण्डल के अधिकारियों ने भाग लिया। मैच के रेफरी रईस खान जीशान अंसारी मोहम्मद साबिर रहे। इस अवसर पर झांसी फुटबॉल फेडरेशन के पदाधिकारी जस्टिन सिंह, वहीद खान बृजेन्द्र यादव, विनोद यादव, शेख रफीक, आदि मौजूद रहे।

नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़, 30 ट्रक पकड़े गए

झाँसी। झाँसी में ओवरलोडिंग कर ट्रक दौड़ा रहे चालकों ने चालान से बचने का नया तरीका खोजा है। नंबर प्लेट पर ग्रीस और पेंट करके नंबरों को छिपा दिया गया है। जब यह ट्रक टोल पर पहुंचते हैं, तो फास्टैग में इनका नंबर दर्ज नहीं होता और ओवरलोडिंग के चालान से बच जाते हैं। परिवहन विभाग ने हाल ही चलाए गए अभियान में 30 ऐसे ट्रक पकड़े हैं, जिनकी नंबर प्लेट के साथ छेड़ाछाड़ की गई। विभाग ने सभी ट्रक मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं 900 वाहनों के चालान किए गए हैं।

जिले के हाईवे से बढ़ी संख्या में ओवरलोड ट्रक गुजरते हैं। ओवरलोडिंग करते पकड़े जाने पर 10 हजार का चालान होता है। इस चालान से बचने के लिए ट्रक चालक नंबर प्लेट से खिलवाड़ करने लगे हैं। चालक टोल प्लाजा पर फास्टैग से टोल न कटवाकर नकद भुगतान करते हैं। इसके चलते विभाग ई-चालान नहीं कर पाता।

पिछले दिनों मिलीं शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने ट्रकों की चेकिंग शुरू की। जिसमें 30 ट्रक ऐसे मिले जिनकी नंबर पर प्लेट का एक अंक पेंट से हटा दिया गया, तो कई जगह ग्रीस लगाकर नंबर को छिपा दिया गया। इन वाहनों के मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

इनका कहना है

नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश हैं। जिसके चलते 30 ट्रक मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। साथ ही 900 वाहनों के चालान किए गए हैं। साथ ही 20 से 22 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया गया।

सुरेंद्र कुमार अग्रवाल,
एआरटीओ प्रवर्तन, द्वितीय

अब नहीं रुलायेंगे मां, हम जा रहे घर छोड़कर

झाँसी। मां हमारा मन पढ़ाई में नहीं लगता था। इसलिए हम नहीं पढ़ते थे। अब हम जा रहे हैं अगर कुछ बन गए तो लौटकर आयेंगें, वरना नहीं। ऐसा ही एक पत्र छोड़कर झाँसी से लड़का कहीं चला गया है। जिसे पढ़कर अब मां का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाला विशाल नाम का लड़का घर में पत्र छोड़कर कहीं चला गया है। जिसमें लिखा कि मां हमारा मन पढ़ाई में नहीं लगता था। इसलिए हम नहीं पढ़ते थे। अब हम जा रहे हैं अगर कुछ बन गए तो लौटकर आयेंगें, वरना नहीं। कुछ अपना काम करने लगेंगे तो आयेंगे लौटकर घर। कोई पूछे तो कहां गए तो कह देना कि पेपर देने बाहर गया आ जायेगा। आप कहतीं थी कि जासे अच्छी होता ही नही तो ठीक था। अब रोना नहीं क्यों कि हम आपको रुलाते थे अब नहीं रुलायेंगे। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने रहस्यमय ढंग से गायब हुए लड़के की तलाशी शुरु कर दी है।

मां दूसरी शादी क्यों रचाई, इसलिए जहर खाकर दे रहा हूं जान

दूसरी शादी रचाने पर मां-बेटे का झगड़ा हो गया। बेटा ने मां से कहा था कि मां दूसरी शादी नहीं रचाना, वरना वह जहर खाकर जान दे दूंगा। झगड़े के बाद बेटा ने जहर खाकर जान दे दी है। सूचना पर गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

टोड़ीफतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लिधौरा में रहने वाले सुरेन्द्र पाल के पिता बिहारी लाल का कई वर्ष पहले निधन हो गया था। पिता के निधन के बाद सुरेन्द्र अपनी मां, बहनों और परिवार के साथ रहता था। सुरेन्द्र मऊरानीपुर में रहकर पढ़ाई करता था। वह हाईस्कूल का छात्र था।

परिजनों के मुताबिक लगभग तीन माह पहले सुरेन्द्र की मां ग्वालियर मजदूरी करने गई थी। जहां उसने दूसरे व्यक्ति से शादी रचा ली। इसकी जानकारी होने पर परिवार में नाराजगी चलने लगी। पिछले दिनों उसकी मां मऊरानीपुर उससे मिलने आई थी। यहां सुरेन्द्र का अपनी मां से दूसरी शादी रचाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि सुरेन्द्र ने विषाक्त खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज लाया गया। यहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि सुरेंद्र ने पहले ही मां से कह दिया था मां दूसरी शादी नहीं रचाना, अगर दूसरी शादी रचाई तो वह जहर खाकर जान दे दूंगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मूंगफली बेचकर घर जा रहे किसान की मौत

चिरगांव थाना क्षेत्र में कानपुर हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें मूंगफली बेचकर जा रहे किसान की मौत हो गई। जबकि चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

एरच थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदा सरवई में रहने वाला हुक्म सिंह किसान था। विगत दिवस वह ट्रैक्टर ट्रॉली से मूंगफली बेचने के लिए झाँसी आया हुआ था। ट्रैक्टर को प्रकाश चला रहा था। मूंगफली बेचकर जब वह वापस घर लौट रहे थे तभी चिरगांव थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर हाईवे पर तेज गति से जा रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें दोनों शिकार हो गए। जानकारी होते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेजा। जहां डॉक्टरों ने हुक्म सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रकाश गम्भीर रुप से घायल है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

नाले में गिरा युवक, ठंड से युवक की मौत

बड़ागांव थाना क्षेत्र में एक युवक नाले में गिर गया। जिसमें ठंड लगने से उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

बड़ागांव थाना क्षेत्र के चन्द्रपुरा में रहने वाला जितेन्द्र अविवाहित है। परिजनों के मुताबिक जितेन्द्र विगत दिवस नाले में गिर गया। नाले में गिरने के कारण उसे ठंड लग गई और उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

सार सुर्खियां

दान का पर्व मकर - संक्रांति पर रक्तदान कर महादान का दिया संदेश

झाँसी। मकर संक्रांति के पावन पर्व, दान के इस पर्व पर उत्तर प्रदेश महिला व्यापार मंडल महानगर शाखा द्वारा आज मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक मैं 1 दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की प्रदेश अध्यक्ष संजय पटवारी, विशिष्ट अतिथि ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ आर्य एवं अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष माला मल्होत्रा ने की। मुख्य अतिथि संजय पटवारी ने कहा कि इस दान के पर्व पर महिला व्यापार मंडल द्वारा रक्तदान कर सबसे बड़ा पुण्य का कार्य किया है

महानगर अध्यक्ष माला मल्होत्रा ने कहा कि रक्तदान के साथ-साथ जनमानस की सेवा करना ही महिला व्यापार मंडल का परम कर्तव्य इसी प्रकार वह समाज सेवा के काम में बढ़-चढ़कर से सहभागिता करेंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष ने महिला व्यापार मंडल में उत्कृष्ट कार्य करने पर श्रीमती रितु पांडे, श्रीमती चंदा अरोरा एवं श्रीमती संजना पटवारी को स्मृति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से प्रीति साहू, परितोष मल्होत्रा, राहुल साहू, अभिषेक तिवारी, शाहिद खान, अर्पित आदि लोग प्रमुख रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से माला अग्रवाल,वंदना गौतम, अंजू सिंह, किरण लाल, ज्योति कंचन उपस्थित रहकर हम सब का मनोबल बढ़ाया। संचालन एवं आभार कोषाध्यक्ष प्रेमलता सेन ने व्यक्त किया।

चाइल्ड लाइन ने मनाई मलिन बस्ती के बच्चो के साथ मकर संक्राति

झाँसी। परमार्थ समाज सेवी संस्थान के द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन झाँसी ने सखी पुरा मलिन वस्ती के बच्चो के साथ मकर संक्राति का त्यौहार मनाया । जिसमें सभी बच्चो को चाइल्ड लाइन और 1098 के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सर्दी के मौसम में जरूरत पडने पर 1098 पर कॉल कर आपात सहायता लेने के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही बच्चो के माता पिता को बच्चो को स्कूल भेजने पर जोर दिया गया व सरकारी योजनाओ से जुडने के लिए चाइल्ड लाइन की भूमिका के बारे में जानकारी दी जिससे बच्चे उनका पूरा लाभ ले सके , इस तरह के कार्यक्रम करने से बच्चो को अपने टोल फ्री नम्बर के साथ चाइल्ड लाइन बच्चो के लिए कैसे काम करती है जानने का अवसर प्राप्त होता है इससे वह भविष्य में 1098 का लाभ ले सकते है । सभी बच्चो को लाही और तिल के लड्डू भी वितरित किये और बच्चो के साथ खेल खेलें । इस अवसर पर चाइल्ड लाइन से जिला समन्वय हेमन्त सिंह , टीम सदस्य अनुराधा सिंह , राखी , अभिषेक व भारतीय जैन मिलन समिति के सदस्य रविन्द्र जैन अध्यक्ष , निलय जैन , सुभाष जैन , के सी जैन , वी के जैन , वृजेन्द्र मोदी , प्रमोद जैन , विष्णु जैन, अंजू जैन प्रतिभा जैन , साधना जैन सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

भाई से विवाद होने पर छोटे भाई ने बिजली के खंभे पर लगाई फांसी

झाँसी। शराब के नशे में एक युवक ने भीड़ के सामने ही फांसी लगाकर जान दे दी। इसके पहले युवक का अपने बड़े भाई से झगड़ा हुआ। इससे नाराज होकर ही वह पास में लगे बिजली के खंभे पर चढ़ गया। बड़े भाई समेत अन्य लोगों ने युवक को नीचे उतारने की कोशिश की लेकिन, वह नहीं माना। प्रेमनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

थाना प्रेमनगर के गरिया गांव में पानी की टंकी के पास राम मिलन अपने चार भाईयों के साथ रहता था। वह लकड़ी की टाल में मजदूरी करता था। परिजनों का कहना है शनिवार को राम मिलन काम पर नहीं गया। दोपहर को उसने काफी शराब पी ली। शाम करीब चार बजे घर लौटने पर बड़े भाई चंदू ने शराब पीने पर टोका। इसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसी बीच गुस्से में आकर राम मिलन पास के बिजली के खंभे पर जा चढ़ा।

खंभे पर चढ़ जाने के बाद चंदू और वहां मौजूद दूसरे लोगों ने उसे नीचे उतारने की कोशिश की लेकिन, इसी दौरान उसने जैकेट में लगी डोरी निकालकर अपने गले में बांध ली और खंभे से लटक गया। लोगों ने उसे नीचे उतारने की कोशिश की लेकिन, कामयाब नहीं हुए। सूचना मिलने पर प्रेमनगर इंस्पेक्टर संजय शुक्ला भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। तब उसकी मौत हो गई चुकी थी। थाना प्रभारी के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

सर्दियों में जरूर खाएं गजक, सेहत को होंगे ये फायदे

झाँसी। ठंड के दिन आते ही गरम-गरम मूंगफली, ढेरों वैरायटी के फल-सब्जी के साथ और भी कई पौष्टिक चीजों का मौसम आ जाता है। वहीं मीठा खाने के शौकीनों की तो मानो लॉटरी लग जाती है। सर्दियों के मौसम में मीठा खाने के लिए ढेर सारी चीजें होती हैं जैसे- तिल गुड़ के लड्डू, खजूर, गुड़ से बनी कई तरह की चिक्की और इनमें सबसे अहम गजक। बाजार में गजक आने और खाने का दौर ठंड की दस्तक के साथ ही शुरू हो जाता है। लेकिन ये गजक कितनी काम की चीज है, इसके बारे में पूरी की पूरी जानकारी शायद इसके शौकीनों को भी नहीं होगी।

शरीर को मिलती है एनर्जी

गजक को बनाने के लिए तिल और गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है। तिल और गुड़ शरीर की एनर्जी बढ़ाने के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। कई जगहों पर गजक को बनाने के लिए गुड़ और मूंगफली का भी इस्तेमाल होता है। मूंगफली भी शरीर की एनर्जी बढ़ाने में मदद करता है।

ब्लड प्रेशर को करता है कंट्रोल

सर्दियों के मौसम में गजक का सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। गजक में मौजूद तिल में पर्याप्त मात्रा में सिसामोलिन पाया जाता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।

हड्डियां मजबूत बनाने में मददगार

गजक खाने से दांतों और हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। दरअसल, गजक को बनाने में गुड़ और तिल का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए इसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है।

संस्थापक प्रधान संपादक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल: दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी एवं सम्पादक संजय कुमार अग्रवाल के लिये प्रकाशक, मुद्रक रमेश चन्द्र तिवारी द्वारा इम्प्रेसन्स प्रिन्टिंग एण्ड पैकेजिंग लि. 14-15, इण्डस्ट्रियल एस्टेट, ग्वालियर रोड, झांसी (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 31, रानी महल झांसी से प्रकाशित। फोन-2440550 आर.एन. आई. नं. 4645/58, डाक पंजीकरण संख्या-42/09 जनवरी 2013 समाचार चयन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवाद झांसी न्यायालय के अधीन होंगे। E-mail: dbjhansi@rediffmail.com, E-paper-dainikbhaskarup.com

मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं!

~ सहज योग परिवार ~



आज धार्मिक पावनता और पुण्य क्रांति का दिन है।

सूर्य देव को समर्पित - मकर संक्रांति त्यौहार

मकर संक्रांति त्यौहार, हिंदुओं के देवता - सूर्य देव को समर्पित है। जब सूर्य धनु से मकर राशि या दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर स्थानांतरित होता है, तब संक्रांति का त्यौहार मनाया जाता है। संक्रांति का मतलब है, **सूरज का एक राशि से दूसरी राशि मे प्रवेश करना है।**

मकर सर्दियों के मौसम का अंत माना जाता है, और सर्दियों की तुलना में, लम्बे दिनों की शुरूआत हो जाती है। इस त्यौहार पर लोग सूर्य की प्रार्थना करते हैं और आदि गुरु शंकराचार्य के अनुसार गंगा जी, गंगा सागर, कुंभ और प्रयाग राज में स्नान करना चाहिए। परंपरा के अनुसार भक्त नदियों विशेषकर गंगा, यमुना, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी में डुबकी लगाते है।

सामान्यत: सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं, किन्तु कर्क व मकर राशियों में सूर्य का प्रवेश धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त फलदायक है। यह प्रवेश अथवा संक्रमण क्रिया छ:-छ: माह के अन्तराल पर होती है। भारत देश उत्तरी गोलार्ध में स्थित है। सामान्यत: भारतीय पंचांग पद्धति की समस्त तिथियाँ चन्द्रमा की गति को आधार मानकर निर्धारित की जाती हैं, किन्तु मकर संक्रान्ति को सूर्य की गति से निर्धारित किया जाता है।

मकर संक्रांति के अनेको नाम

भारत के अलग-अलग हिस्से में मकर संक्रांति विभिन्न नामों के साथ मनाई जाती है, कर्नाटक में संक्रांति, तमिलनाडु और केरल में पोंगल, पंजाब और हरियाणा में माघी, गुजरात और राजस्थान में उत्तरायण एवं उत्तराखंड मे उत्तरायणी के नाम से जानी जाती है।

मकर संक्रांति (संक्रान्ति) के दिन किसान अपनी अच्छी फसल के लिये भगवान को धन्यवाद देकर अपनी अनुकम्पा को सदैव लोगों पर बनाये रखने का आशीर्वाद माँगते हैं। इसलिए मकर संक्रांति (संक्रान्ति) के त्यौहार को फसलों एवं किसानों के त्यौहार के नाम से भी जाना जाता है।

पतंग है स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और शुभता का प्रतीक

इस दिन पूजा-पाठ और दान, स्नान का जितना महत्व होता है उतना ही महत्व पतंग उड़ाने का भी है. कई जगह मकर संक्रांति को पतंग पर्व भी कहा जाता है. इस दिन लोग छत पर जाकर रंग- बिरंगी पतंग उड़ाते हैं. पंतग को भारतीय संस्कृति में स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ से बने लड्डू और गजक जैसी चीजें खाने की परंपरा है.

मकर संक्रांति से जुड़ी पौराणिक कथाएं।

प्रसंग 1: चूंकि, शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, कहा जाता है कि इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाया करते हैं। अत: इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है।

प्रसंग 2: महाभारत के महान योद्धा भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए , सूर्य के मकर राशि मे आजाने तक इंतजार किया था।

प्रसंग 3: इस दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की एवं सभी असुरों के सिरों को मंदार पर्वत के नीचे दबा दिया था। इस प्रकार यह दिन बुराइयों और नकारात्मकता के अंत का दिन भी माना जाता है।

सूर्य का ताप मानव जाति के लिए कल्याणकारी है।

भारत में सभी त्यौहार चंद्रमा की स्थिति के अनुसार होते हैं। इसलिए अलग-अलग वर्षों में इनकी तारीखें अलग-अलग होती हैं। मकर संक्रांति सूर्य की स्थिति पर आधारित है और यह त्योहार सूर्य के धनु राशि से मकर राशि राशि में, दक्षिणी गोलार्ध से उत्तरी गोलार्ध में परिवर्तन का प्रतीक है, इसलिए यह हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। .मकर संक्रांति पूरे भारत और दक्षिण एशिया में विभिन्न नामों से मनाई जाती है, **असम में बिहू, तमिलनाडु में पोंगल, बिहार में दही-चुरा, शिशुर संक्रांत (कश्मीर), माघे संक्रांति (नेपाल), सोंगक्रान (थाईलैंड), थिंग्यान (म्यांमार) और मोहन सोंगक्रन (कंबोडिया)।**

मकर संक्रांति का अर्थ "संक्रमण" (transition) है, अर्थात वह दिन जो कुछ परिवर्तन लाता है। इस दिन सूर्य उत्तरी गोलार्ध की ओर अपनी गति प्रारंभ करता है। यह उस दिन को इंगित करता है जब सूर्य गर्म हो जाता है। सूर्य का ताप मानव जाति के लिए कल्याणकारी है। यह पृथ्वी से प्राप्त होने वाली सभी वनस्पतियों और संसाधनों के लिए जिम्मेदार है। सूर्य के ताप के कारण ही हम चल पाते हैं, बात कर पाते हैं। इसलिए इस दिन हम देवी को फल और सब्जियां चढ़ाते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

कभी-कभी सूर्य की गर्मी मनुष्य को क्रोधित कर देती है। यदि मौसम का परिवर्तन या प्रकृति का परिवर्तन हमारे भीतर परिवर्तन लाता है तो यह उचित नहीं है और क्रोध करना गलत है। हमारे अस्तित्व के छह शत्रुओं में क्रोध सबसे बड़ा है। **यही कारण है कि हम इस दिन गुड़ का सेवन करते हैं ताकि सूर्य की गर्मी बढ़ने पर मीठी-मीठी बातें करें।**

सूर्य-शक्ति का अर्थ आत्मविश्वास भी होता है। सूर्य हमें गर्मी और प्रकाश देता है। अब यह हम पर निर्भर करता है कि सूर्य के ताप से झुलसना है या सूर्य के प्रकाश से आत्म-विश्वास प्राप्त कर दीप्तिमान बनना है।

सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के शब्द मकर संक्रांति पर

यह आज का दिन इतना शुभ है कि आप सभी को यहां होना चाहिए; क्योंकि आप चुने हुए सैनिक हैं - जो इस पृथ्वी पर सतयुग की स्थापना तक लड़ने जा रहे हैं। क्रान्ति का दिन है। "संक्रांत" का अर्थ है: "सं" का अर्थ है, आप जानते हैं, शुभ, "क्रांत" का अर्थ है क्रांति। आज पुण्य क्रांति का दिन है।

हमारे सूक्ष्म तंत्र में सूर्य की बहुत ही विशेष भूमिका है

दायीं नाड़ी (पिंगला नाड़ी), जिसे सूर्य नाड़ी भी कहा जाता है, हमारी शारीरिक और मानसिक या संज्ञानात्मक गतिविधि को नियंत्रित करती है। यह क्रिया का चैनल है। यह रचनात्मकता के लिए ऊर्जा प्रदान करता है।

दायीं नाड़ी या पिंगला नाड़ी , हमारे दाहिने तरफ की सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम की देखभाल करता है और मानसिक (संज्ञानात्मक) और शारीरिक कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। यह न केवल हमारी शारीरिक ऊर्जा और गतिशीलता को बढ़ावा देता है, यह बौद्धिक ऊर्जा प्रदान करता है जो स्मृति, ध्यान, फोकस, तर्कसंगत और विश्लेषणात्मक सोच जैसी संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ावा देता है। यह रचनात्मकता का चैनल भी है।

सूर्य नाड़ी क्रिया, योजना और भविष्यवादी सोच की ऊर्जा के लिए वाहक है, जो हमारी मानसिक और शारीरिक गतिविधियों को संचालित करता है।

इसीलिए जब हम सहज योग ध्यान का अभ्यास करते हैं, हम अपने ऊर्जा चैनलों को साफ करते हैं और इस प्रकार हम सांसारिक समस्याओं के चमत्कारी उपचार और समाधान प्रकट करते हैं क्योंकि हमारे चारों ओर दैवीय शक्तियों से जुड़ने के बाद, हम परम पिता परमेश्वर के यंत्र बन जाते हैं।



Sahaja Darshan Prachaar Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800
FREE
www.nirmaldham.org
www.sahajayogamumbai.org
सहज योग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है